

दैनिक

सुप्रभात रायपुर

आम आदमी का खास अखबार

# प्रतिदिन राजधानी



संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी | प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी | वर्ष : 25 | अंक : 201 रायपुर, मंगलवार, 12 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 12 | मूल्य ₹ 2.00 | RNI NO. CHH HIN/2001/05596



3 रामलला तीर्थ दर्शन ...



E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444



जैस्मिन भसीन के साथ .... 4



सूचना - जिन किसी व्यक्ति को समाचार या विज्ञापन देना है संपर्क करे : मो. नं. 9806044444, 6262904444 इस नंबर के अलावा अन्य नंबर पर दी गई सूचना से समाचार पत्र का लेना-देना नही रहेगा...


## सुप्रीम कोर्ट ने भूपेश बघेल फिर दी नसीहत, ईडी के अधिकारों को चुनौती पर सुनवाई से किया इनकार

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सुप्रीम कोर्ट ने फिर नसीहत दी है और हाईकोर्ट जाने को कहा है। सोमवार 11 अगस्त 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने भूपेश बघेल द्वारा प्रिवेंशन आफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की धारा 44 के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जांच अधिकारों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट की बेंच में न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने कहा कि धारा 44 में कोई गलत प्रावधान नहीं है। इस संबंध में यदि दुरुपयोग होता है तो प्रभावित पक्ष हाई कोर्ट का सहारा ले सकता है। न्यायमूर्ति बागची ने स्पष्ट किया कि कानून में समस्या नहीं, बल्कि इसके दुरुपयोग में होती है।

कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने पीएमएलए की धारा 44 के तहत ईडी को यह अधिकार चुनौती दी थी कि वह मूल शिकायत के बाद दर्ज अन्य शिकायतों के आधार पर धन शोधन से जुड़े मामलों की जांच कर सकती है।

यह मामला छत्तीसगढ़ में बघेल के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान कथित तौर पर 2,000 करोड़ रुपये की शराब बिक्री से जुड़े धन शोधन के आरोपों से संबंधित है। प्रवर्तन निदेशालय का दावा है कि इस मामले में अवैध कमीशन की वसूली हुई, जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ।

ईडी इस संदर्भ में विस्तृत जांच कर रही है और इसे लेकर कई पक्षों में राजनीतिक और कानूनी विवाद भी जारी है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब भूपेश बघेल को उच्च न्यायालय में यह विवाद उठाना होगा। वहीं, मामला अभी भी जांच के अधीन है और आगे की कार्रवाई हो सकती है।

## छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने वाली स्वच्छता दीदियों का आज पद-प्रक्षालन कर होगा सम्मान

### मुख्यमंत्री साय करोड़ों के विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण -भूमिपूजन

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा बिलासपुर जिले में आज मंगलवार को आयोजित होने वाले 'स्वच्छता संगम-2025' में, छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने वाली स्वच्छता दीदियों का पद-प्रक्षालन कर उन्हें सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर वे स्वच्छ सर्वेक्षण-2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों को भी सम्मान प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय 12 अगस्त को बिलासपुर के बहतराई स्थित इंडोर स्टेडियम में 260 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे।**





कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री तोखन साहू, विधायकगण धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, धर्मजीत सिंह, दिलीप लहरिया, सुशांत शुक्ला एवं अटल श्रीवास्तव तथा बिलासपुर की महापौर पूजा विधानी उपस्थित रहेंगी। 'स्वच्छता संगम' में राज्य के सभी नगर निगमों के महापौर, सभापति, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य, निगम आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगरीय निकायों के वरिष्ठ अभियंता तथा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के नोडल अधिकारी सहित नौ हजार स्वच्छता दीदियों को आमंत्रित किया गया है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने बताया कि 'स्वच्छता संगम' में शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली स्वच्छता दीदियों का पद-प्रक्षालन कर सम्मानित किया जाएगा। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सात नगरीय निकायों को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के करकमलों से पुरस्कृत होने का गौरव प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में इन नगरीय निकायों के साथ ही संभाग स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 30 से अधिक नगरीय निकायों को भी सम्मान प्रदान किया जाएगा।

स्वच्छता संगम में नगरीय निकायों में स्वच्छता और शहरी सौंदर्यीकरण के मानकों को बढ़ाने हेतु राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के माध्यम से शहरी स्वच्छता को सुदृढ़ करने के साथ ही सुशासन द्वारा प्रशासनिक कौशल में सुधार तथा नगरीय सौंदर्यीकरण को प्रोत्साहन मिलेगा। यह पहल न केवल शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहायक होगी, बल्कि नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को भी संवर्धित करेगी। यह हर नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों को स्वच्छता और शहरी सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं को पहचानने और उन्हें और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करेगी।

कार्यक्रम में तीन नगर निगम—बिरगांव, भिलाई-चरोदा और धमतरी—तथा 43 नगर पालिकाओं में ऑनलाइन संपत्ति कर जमा करने की सुविधा हेतु जीआईएस आधारित प्रॉपर्टी टैक्स लाइव पोर्टल का लोकार्पण किया जाएगा। इस प्रकार एक साथ 46 शहरों में ऑनलाइन संपत्ति कर जमा करने की सुविधा प्रारंभ होना, स्थानीय स्वशासन को आधुनिक बनाने और नागरिकों को घर बैठे सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे कर संग्रहण की गति में भी वृद्धि होगी।

## पुणे में कंटेनर ने कई वाहनों को मारी टक्कर , 7 श्रद्धालुओं की मौत

एजेंसी, नई दिल्ली





महाराष्ट्र के खेड़ तालुका के कुंडेश्वर में शिक्रापुर-चाकन रोड पर भीषण सड़क हादसे में 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 35 से अधिक घायल हो गए. तेज रफ्तार कंटेनर ने 7-8 वाहनों को टक्कर मारकर सड़क किनारे दुकान में घुस गया. घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

महाराष्ट्र के पुणे जिले के खेड़ तालुका के कुंडेश्वर में सोमवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि 35 से अधिक लोग घायल हो गए. हादसा इतना भयावह था कि मौके पर चीख-पुकार मच गई और कई वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए. मृतक और घायल श्रद्धालु मंदिर दर्शन के लिए यात्रा कर रहे थे. वहीं, अधिकारियों को आशंका है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है.

जानकारी के मुताबिक, हादसा शिक्रापुर-चाकन रोड पर करांदी गांव की सीमा में हुआ. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, तेज रफ्तार मालवाहक कंटेनर चालक ने नियंत्रण खो बैठा और अनियंत्रित होकर 7 से 8 वाहनों को रौंद डाला.

टक्कर की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई वाहन सड़कों पर पलट गए और उनमें सवार लोग घायल हो गए. इसके बाद कंटेनर सड़क किनारे स्थित एक दुकान में जा घुसा, जिससे वहां भी भारी नुकसान हुआ. घटना के बाद आसपास के लोगों और राहगीरों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया.

### मामले में पेठ के पूर्व सरपंच ने कही ये बात

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची. घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां कई की हालत गंभीर बताई जा रही है. पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए हैं और मामले की जांच शुरू कर दी है. वहीं, पेठ के पूर्व सरपंच जयसिंह दरेकर ने दुर्घटना को बेहद गंभीर बताया और कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है. उन्होंने यह भी पुष्टि की कि बचाव अभियान जारी है।

## दिल्ली-वाशिंगटन डीसी की सीधी फ्लाइट होगी बंद

एजेंसी, नई दिल्ली





एअर इंडिया ने ऐलान किया है कि अगले महीने से दिल्ली से वाशिंगटन डीसी के बीच सीधी फ्लाइट का संचालन बंद कर दिया जाएगा। कंपनी का कहना है कि यह फैसला कई परिचालन कारणों और बेड़े में कमी के चलते लिया गया है। यह रोक 1 सितंबर से लागू होगी।

एअर इंडिया ने बताया कि उसके कई बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान उपलब्ध नहीं होंगे, क्योंकि कंपनी 26 विमानों में रेट्रोफिट का काम कर रही है। यह कार्यक्रम जुलाई से शुरू हुआ है और 2026 के अंत तक चलेगा। इस दौरान कई विमान लंबे समय तक उड़ान के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।

### पाकिस्तान का एयरस्पेस बंद होने से पड़ा असर

एअर इंडिया ने बताया कि पाकिस्तान के एयरस्पेस के बंद होने से उसकी लंबी दूरी की उड़ानों पर असर पड़ा है। इससे फ्लाइट रूट लंबे हो गए हैं और संचालन मुश्किल हो गया है। कंपनी ने कहा कि जिन यात्रियों की वाशिंगटन उड़ानें 1 सितंबर के बाद बुक हैं उनसे संपर्क कर उन्हें दूसरे विकल्प दिए जाएंगे, जैसे दूसरी फ्लाइट पर रीबुकिंग या पूरा रिफंड मिलेगा।

## 476 राजनीतिक पार्टियां अब नहीं लड़ पाएंगी चुनाव : चुनाव आयोग

एजेंसी, नई दिल्ली





चुनाव आयोग चुनावी प्रणाली को दुरुस्त करने के लिए पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (RUPP) की पहचान करने और उन्हें सूची से हटाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान चला रहा है. इसी के तहत 476 पार्टियों पर कार्रवाई की गई है. इससे पहले भी आयोग ने 334 पार्टियों को सूची से बाहर किया था.

चुनाव आयोग वैसी गैर राजनीतिक पार्टियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है, जो 2019 से लगातार 6 वर्षों तक एक भी चुनाव लड़ने की अनिवार्य शर्त पूरी करने में विफल रहे हैं. इस अभियान के दूसरे चरण में, देश भर के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 476 और RUPP की पहचान की गई है।

## नया इनकम टैक्स बिल लोकसभा में पारित

एजेंसी, नई दिली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नए इनकम टैक्स बिल 2025पेश कर दिया है। यह लोकसभा में पास हो गया है। इसमें कई बदलाव किए गए हैं। मौजूदा इनकम टैक्स बिल 60 साल पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 की जगह लेगा। इस नए बिल में भाजपा सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता वाली सेलेक्ट कमेटी की ज्यादातर सिफारिशों को शामिल किया गया है। सरकार ने पिछले हफ्ते इनकम टैक्स बिल, 2025 को वापस ले लिया था। यह बिल 13 फरवरी को पेश किया गया था। यह वही बिल है जो फरवरी में बजट सत्र के दौरान पेश हुआ था और तुरंत सिलेक्ट कमेटी को भेज दिया गया था। सीतारमण ने इनकम टैक्स से जुड़े कानूनों में संसोधन और मजबूत बनाने के प्रावधान वाला इनकम टैक्स विधेयक 2025 पेश किया। उन्होंने टैक्सेशन अधिनियम (संशोधन) विधेयक, 2025 भी सदन में पेश किया।

अपडेटेड इनकम टैक्स बिल 2025 में सेलेक्ट कमेटी की 285 सिफारिशों को शामिल किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस नए बिल में कई तकनीकी सुधार और बेहतर क्रास-रेफरेंसिंग शामिल है।



### न्यू इनकम टैक्स बिल 2025 में हुए कई बड़े बदलाव

पिछले बिल में प्रावधान था कि अगर आयकर रिटर्न तय समयसीमा पर फाइल न किया गया तो रिफंड नहीं मिलेगा। पैनल ने इस प्रावधान को हटाने का सुझाव दिया था।

### इंटर-कॉर्पोरेट डिविडेंड्स

आयकर अधिनियम का सेक्शन 80रू के तहत कुछ कंपनियों को अंतर-कॉर्पोरेट लाभांश देने की बात करता है। शुक्रवार को पेश किए गए बिल में यह प्रावशान शामिल नहीं था, इस बिल को सरकार ने वापस ले लिया था।

### शून्य TDS प्रमाण पत्र

आयकर बिल पर बनी कमेटी ने टैक्स जमा करने वालों को शून्य TDS प्रमाण पत्र देने का सुझाव दिया था।

### टैक्सपेयर्स को क्या होगा फायदा

नए कानून का मकसद प्रक्रियाओं को सरल बनाना और पिछली कमियों को दूर करना है, जिससे देश में आयकर परिदृश्य में संभावित रूप से बदलाव आ सकता है। पांडा का दावा है कि नया कानून पारित होने के बाद भारत के दशकों पुराना टैक्स फ्रेमवर्क सरल हो जाएगा।

## वोटर वेरिफिकेशन के खिलाफ विपक्ष का मार्च : राहुल-प्रियंका,अखिलेश को हिरासत में लिया, 2 घंटे बाद छोड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वोटर वेरिफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष के 300 सांसदों ने सोमवार को संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। पुलिस उन्हें संसद मार्ग पुलिस स्टेशन ले गई, जहां से 2 घंटे बाद रिहा कर दिया गया।



हिरासत में लिए जाने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान बचाने की लड़ाई है। ये एक व्यक्ति-एक वोट की लड़ाई है, इसलिए हमें साफ वोटर लिस्ट चाहिए। वहीं प्रियंका गांधी ने कहा कि यह सरकार डरी हुई है और कायर है।

मार्च के दौरान अखिलेश ने बैरिकेडिंग फांदकर आगे बढ़ने की कोशिश की। जब सांसदों को आगे नहीं जाने दिया गया तो वे जमीन पर बैठ गए। प्रियंका, डिंपल समेत कई सांसद 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे लगाते दिखे।

प्रदर्शन के दौरान अस्र्ह सांसद मिताली बाग और महुआ मोइत्रा की तबीयत बिगड़ गई। बेहोश हो गईं। राहुल गांधी और अन्य सांसदों ने उनकी मदद की। इससे पहले दोनों सदनों में इस मुद्दे पर भारी हंगामा हुआ।

मार्च संसद के मकर द्वार से शुरू हुआ। सांसदों के हाथों में 'वोट बचाओ' के बैनर थे। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने कहा था कि इंडिया ब्लॉक ने मार्च के लिए कोई अनुमति नहीं मांगी है, इसलिए इलेक्शन कमीशन जाने से पहले ही मार्च को परिवहन भवन के पास बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया।

यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने मोदी से फोन पर बातचीत की सितम्बर में करेंगे मुलाकात





## मुख्यमंत्री साय स्वतन्त्रता दिवस पर राजधानी रायपुर में करेंगे ध्वजारोहण

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में राजधानी रायपुर के पुलिस मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे। बस्तर जिला मुख्यालय में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, बिलासपुर में उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा दुर्ग में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजनांदगांव में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सरगुजा में आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम, गरियाबंद में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, बालोद में वन मंत्री केदार कश्यप, कोरबा में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, जशपुर में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, रायगढ़ में वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, सूरजपुर में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, जांजगीर-चांपा में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, बलौदाबाजार में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, बेमेतरा में सांसद विजय बघेल, कवर्धा में सांसद संतोष पांडेय, बलरामपुर में सांसद चिंतामणि महाराज, महासमुंद में सांसद रूपकुमारी चौधरी, सारंगढ़ में सांसद राधेश्याम राठिया, सक्ती में सांसद कमलेश जांगड़े, बीजापुर में सांसद महेश कश्यप, कांकेर में सांसद भोजराज नाग, तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह ध्वजारोहण करेंगे।

मुंगेली जिला मुख्यालय में विधायक पुन्नूलाल मोहले, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में विधायक धरमलाल कौशिक, कोरिया में विधायक अमर अग्रवाल, धमतरी में विधायक अजय चंद्राकर, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में विधायक रेणुका सिंह, कोंडागांव में विधायक लता उसेंडी, नारायणपुर में विधायक विक्रम उसेंडी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में विधायक राजेश मूणत, दंतेवाड़ा में विधायक किरण देव और सुकमा जिला मुख्यालय में विधायक धरमजीत सिंह स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे।

### छत्तीसगढ़ को सीएएमपीए से 827.92 करोड़ रुपये बकाया

## सांसद बृजमोहन ने केंद्र से जल्द भुगतान की मांग की

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



रायपुर लोकसभा सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ को प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण से अब तक 827.92 करोड़ की बकाया राशि का भुगतान न होने पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री श्री कीर्ति वर्धन सिंह द्वारा सांसद बृजमोहन को दी गई जानकारी के अनुसार, पिछले पाँच वित्तीय वर्षों में छत्तीसगढ़ से 1717.74 करोड़ की राशि ष्टस्क्क को प्राप्त हुई है, जो 36 राज्यों में छठा सबसे बड़ा योगदान है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी छत्तीसगढ़ देश का पाँचवाँ सबसे बड़ा कोष योगदानकर्ता रहा है।

राज्य की पिछले पाँच वर्षों की विभिन्न वार्षिक संचालन योजनाओं को कुल 4409.14 करोड़ की स्वीकृति दी गई, लेकिन इसके विरुद्ध केवल 3581.22 करोड़ की ही राशि जारी की गई है। इस प्रकार 827.92 करोड़ की राशि अभी भी बकाया है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि CAMPA एक महत्वपूर्ण संस्थान है, जो विकास और संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। खदानों, बाँधों और उद्योगों जैसी गैर-वन परियोजनाओं के लिए दी गई अनुमति के बदले कंपनियों से प्राप्त यह कोष प्राकृतिक वनीकरण, कृत्रिम वनीकरण, रखरखाव, संरक्षण और आधुनिक वन अनुसंधान संस्थानों की स्थापना में लगाया जाता है।

उन्होंने कहा कि बकाया राशि का शीघ्र भुगतान करते हुए प्रदेश में वनीकरण के साथ-साथ वनों के आधुनिक शोध संस्थान स्थापित किए जाने चाहिए, जिससे प्रदेश की हरियाली और वन संपदा में वृद्धि हो सके।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 23070/ न.पा.नि./
जोन क्रं. 3/2025
रायपुर दिनांक 11/08/2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 23070**

वार्ड का नाम- 31- नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 31 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR328J0048A जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SMT. ARUNDHATI SONI पिता/पति श्री/श्रीमती LT. ASHOK SONI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री विरेन्द्र कुमार नन्द पिता/पति श्री/श्रीमती पिता तपो नन्द ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री रमेश कुमार जायसवाल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 23113/ न.पा.नि./
जोन क्रं. 3/2025
रायपुर दिनांक 11/08/2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 23113**

वार्ड का नाम- 31- नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 31 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR328K00439 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SAANDIP DANG , MAMTA DANG पिता/पति श्री/श्रीमती NANDLAL DANG , SAANDIP DANG के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री भरत छाबरिया पिता/पति श्री/श्रीमती पिता गिरधर लाल छाबरिया ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री रमेश कुमार जायसवाल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 23115/ न.पा.नि./
जोन क्रं. 3/2025
रायपुर दिनांक 11/08/2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 23115**

वार्ड का नाम- 31- नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 31 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR328K00483 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती K. V. GANATRA पिता/पति श्री/श्रीमती LT. VITTHAL DAS GANATRA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 01. श्री दीपक कुमार लूलिया 02. श्रीमती नेहा दीपक कुमार लुलिया पिता/पति श्री/श्रीमती 01. पिता नंदलाल लूलिया, 02. पति दीपक कुमार लूलिया ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री रमेश कुमार जायसवाल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)**
**:: आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::**
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./23493/न.पा.नि./ जोन क्र.-06/2025
रायपुर, दिनांक 11/08/2025

**// इश्तिहार //**

**नामांतरण प्र.क्र. 23493**

वार्ड का नाम- 62- शहीद राजीव पांडे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 62 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई डी RPR650B0140A जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती MINABAI PATEL पिता/पति श्री/श्रीमती W/O LT. CHETAN LAL PATEL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती GANGADHAR SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SANT RAM SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / SHAPTH PATRA AND MALMABIKRINAMA / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 06)**
**:: आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर ::**
Email ID-rmczone6@gmail.com

पत्र क्र./23494/न.पा.नि./ जोन क्र.-06/2025
रायपुर, दिनांक 11/08/2025

**// इश्तिहार //**

**नामांतरण प्र.क्र. 23494**

वार्ड का नाम- 62- शहीद राजीव पांडे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 62 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई डी RPR650B00140 जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती MINABAI PATEL पिता/पति श्री/श्रीमती LT. CHETAN LAL PATEL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती MITHLESH KUMAR SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती S/O PRABHURAM SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / SHAPTH PATRA, SAHMATI PATRA AND MALMABIKRINAMA / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
Email ID-rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./23488/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 11/08/2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 23488**

वार्ड का नाम - 21 - शहीद भगत सिंह वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 21 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR813A00264 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती BHUNESHWAR YADAV पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती kevra yadav पिता/पति श्री/श्रीमती bhuneshwar yadav ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ ..... / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्रीमती राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर(छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
Email ID-rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./23489/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 11/08/2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 23489**

वार्ड का नाम - 21 - शहीद भगत सिंह वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 21 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR814A00492 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RINKU JAISHWAL पिता/पति श्री/श्रीमती VISHAL JAISHWAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती dipanjali jaiswal पिता/पति श्री/श्रीमती late satyanarayan jaiswal ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्रीमती राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर(छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
Email ID-rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./22315/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 08/08/2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 22315**

वार्ड का नाम - 19 - डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR802A00569 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती KU. VASHUNDHARA MAHAJAN पिता/पति श्री/श्रीमती SHYAM RAO MAHAJAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती AMRAPALI GAJBHIYE पिता/पति श्री/श्रीमती MAHENDRA GAJBHIYE ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्रीमती राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर(छ.ग.)

# रेलवे टेक्नीशियन ने घर की छत पर तैयार की भारत की पहली 'रियल-लाइफबीजीएमआई बग्गी




**एजेंसी, बेंगलुरु।** क्राफ्टन इंडिया ने सामुदायिक सहयोग, रचनात्मकता और जमीनी स्तर पर नवाचार के जज़्बे को प्रदर्शित करते हुए डिजिटल स्टोरी टेलिंग 'बियॉन्ड बैटलग्राउंड्स' की शुरुआत की है।यह पहल बीजीएमआई के उत्साही और जुनूनी प्रशंसकों के माध्यम से भारतीय गेमिंग को जीवंत तरीके से प्रस्तुत करती है। इस मूवमेंट की अगुवाई राजस्थान के श्रीगंगानगर के 28-वर्षीय रेलवे तकनीशियन करण कारगवाल कर रहे हैं। करण ने तमाम मुश्किलों के बावजूद, अपने घर की छत पर ही आइकॉनिक बीजीएमआई बग्गी का पूरी तरह से फंक्शनल और फुल-स्केल रेप्लिका तैयार किया है।

इसे तैयार करने के पीछे करण की कई हफ्तों की मेहनत है। करण ने बेकार पड़ी धातुओं, कुछ अन्य औजारों के हिस्से-पुर्जों, तथा अपनी पुरानी मोटरसाइकिल के इंजन, वेल्डिंग टूल्स और एक फोन कैमरे की मदद से इसे तैयार किया हैं जो वास्तव में, पसंदीदा इन-गेम व्हीकल के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। करण के पास इंजीनियरिंग या डिजाइन की कोई औपचारिक ट्रेनिंग नहीं है, वह भारतीय रेलवे में पूर्ण-कालिक तकनीशियन के तौर पर काम करते हैं। लेकिन अपने संकल्प, गेमिंग से मोहब्बत और परिजनों से मिले सपोर्ट की बदौलत इसे तैयार कर दिखाया।

करण कारगवाल ने बताया, 卐मैं काम के बाद अपने मनोरंजन के लिए बीजीएमआई खेलता था लेकिन तब मुझे यह ख्याल नहीं आया था कि किसी दिन मैं कुछ ऐसा वास्तविक करूंगा। खेलने और रोज़मर्रा की जिंदगी के बीच, एक दिन इसका विचार मुझे आया और

फिर तो मैं इसे पूरा करके ही माना। यह बग्गी केवल धातु और पहियों से नहीं बनी, बल्कि इस बात का सबूत है कि जब जुनून और मकसद मिलते हैं, तो ऐसे सपने भी साकार हो उठते हैं। मैं अपने परिजनों, अपने फॉलोअर्स और बीजीएमआई का आभारी हूं जिन्होंने एक छोटे से शहर की इस घटना को देशभर तक पहुंचाया।卐

इसे बग्गी को तैयार करने की स्टोरी बयां करने वाली करण की रीलने तहलका मचा दिया। उनके 22,000 फॉलोअर्स ने उनके इस महत्वाकांक्षी सफर में उनका भरपूर साथ दिया। इनमें से 95云फॉलोअर्स टियर 2, 3 और 4 से आते हैं।इतनी बड़ी कम्युनिटी का प्यार देखकर, बीजीएमआई ने भी साथ दिया और करण को फिनिश लाइन तक पहुंचाने के लिए हाथ बढ़ाया, इस तरह बियॉन्ड बैटलग्राउंड की शुरुआत हुई। यह उन क्रिएटर्स पर रोशनी डालने वाला प्रयास है जो गेमिंग की प्रेरणा को जूनून और पहचान की ताकत से लैस वास्तविक दुनिया की अभिव्यक्ति में बदल डालना चाहते हैं।

सौरभ शाह, हेड ऑफ पीपल ऑपरेशंस, क्राफ्टन इंडिया ने कहा, 卐भारत में गेमिंग अब कोई सीमित रूचि वाला क्षेत्र नहीं रहा। यह एक मूवमेंट बन चका है, जिसे छोटे शहरों के क्रिएटर्स आगे बढ़ारहेहैं।हमइसबदलावकेसिर्फगवाहनहींहैं ङ्क हमइसकेसमर्थकभीहैं।करण की बग्गी केवल एक निर्माण नहीं है ङ्क बल्कि इस बात की सूचक है कि गेमिंग किस तरह से उन स्थानों पर महत्वाकांक्षा, रचनात्मकता और पहचान को बढ़ावादे रही है जिस ओर दुनिया की शायद कभी नज़र नहीं पड़ती।卐

इस पूरे घटनाक्रम का परिणाम एक संक्षिप्त फिल्म के रूप में सामने आया है जो संकल्पऔरभावनाओं के साथ-साथ भारत के अनूठे गेमिंग प्रेरित नवाचारों को सामने लाती है। यह अब बीजीएमआई के आधिकारिक YouTube, Instagram एवं Facebook पेजों पर लाइव है। यह कैम्पेन क्रॉफ्टन की समावेशीऔर एक ऐसाविकेंद्रित गेमिंग इकोसिस्टम तैयार करने की दीघर्कालिक रणनीति का हिस्सा है जिसमें जमीनी स्तर के क्रिएटर्स आगे बढ़ सकें।

# क्रोमा नये स्टोर में 15 प्रतिशत की शुभारंभ ऑफर




**एजेंसी, नई दिल्ली।** टाटा समूह की भारत की विश्वसनीय ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर कंपनी क्रोमा ने विस्तार करते हुये दुर्ग में अपना पहला स्टोर शुरू किया है, यह छत्तीसगढ़ में 10वाँ क्रोमा स्टोर है। भारत के तेज़ी से बढ़ते शहरों में प्रीमियम इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल अनुभव लाने की क्रोमा की प्रतिबद्धता के अनुरूप ब्रांड ने यह महत्वाकांक्षी कदम उठाया है।

भाटिया कॉम्प्लेक्स स्थित तरुण एडलैब्स टॉकीज़ दुर्ग के सामने शहर के मशहूर इलाके में स्थित, 7,500 वर्ग फुट के इस विशाल स्टोर में स्मार्टफ़ोन और लैपटॉप से लेकर घरेलू उपकरणों, एंटरटेनमेंट सिस्टम्स और स्मार्ट गैजेट्स तक, इलेक्ट्रॉनिक्स की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। क्रोमा के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा सलाह और जानकारी के साथ, आकर्षक, व्यावहारिक खरीदारी का अनुभव पाने के लिए यहां अवश्य आएं।

इन्फिनिटी रिटेल लिमिटेड के अनुसार - पारखी उपभोक्ताओं के शहर दुर्ग में क्रोमा की तकनीकी विशेषज्ञता और ग्राहक-प्रथम सेवा को लाते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। हमारा नया स्टोर हमारे ग्राहकों को एक बेहद आकर्षक और इंटरैक्टिव खरीदारी अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। हम तकनीक को हर भारतीय के घर के लिए और अधिक आसान बनाना चाहते हैं और यही इस लॉन्च का लक्ष्य है।

इस स्टोर में 10 अगस्त से 24 अगस्त तक 4,000 रुपये तक की फ्लैट 15 प्रतिशत छूट, 25 अगस्त से 9 सितंबर तक 2,500 रुपये तक की फ्लैट 15 प्रतिशत छूट एवं चुनिंदा उत्पादों पर नो कॉस्ट ईएमआई विकल्प उपलब्ध हैं। स्टोर सप्ताह के सभी दिन सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा। विदित हो कि यह ऑफ़र केवल दुर्ग स्टोर पर चुनिंदा ब्रांड, वर्ग और श्रेणियों पर लागू है।

# एचडीएफसी बैंक व विनफ़ास्ट ऑटो इंडिया ने इलेक्ट्रिक वाहनों के ऑटो व इन्वेंटरी फाइनेंसिंग के लिए समझौता किया




**एजेंसी, मुंबई।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक और विनफ़ास्ट ऑटो इंडिया ने ग्राहकों और डीलरों के लिए ऑटो और इन्वेंटरी फ़ाइनेंसिंग प्रदान करने हेतु एक समझौता ज्ञापन (रू्थ) पर हस्ताक्षर किए हैं। विनफ़ास्ट ऑटो इंडिया, वियतनाम की सबसे बड़ी निजी समूह विनग्रुप की वैश्विक ईवी कंपनी विनफ़ास्ट की भारतीय सहायक कंपनी है। यह समझौता भारत में विनफ़ास्ट के लॉन्च से पहले कंपनी द्वारा किसी बैंक के साथ किया गया पहला गठजोड़ है।

इस सहयोग का उद्देश्य ग्राहकों और डीलरों के लिए समग्र वित्तीय समाधान प्रदान करना है, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद प्रक्रिया अधिक सुगम और सुविधाजनक बन सके। इस समझौते के तहत ग्राहकों को विशेष और अनुकूलित फ़ाइनेंसिंग विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक भारतीय उपभोक्ता ईवी अपनाने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

विनफ़ास्ट, एचडीएफसी बैंक के देशभर में फैले ब्रांच नेटवर्क और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म का लाभ उठाकर शहरी और उभरते बाजारों तक अपनी पहुंच बना सकेगा। यह साझेदारी भारत में टिकाऊ परिवहन के तेजी से बढ़ते बाजार को और बल देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

विनफ़ास्ट के आगामी वीएफ-6 और वीएफ-7 मॉडलों के लॉन्च की तैयारी के साथ इस समझौते के अंतर्गत मिलने वाले विशेष लाभ कंपनी की संपूर्ण वाहन श्रृंखला पर लागू होंगे। इस सांझेदारी को लेकर विनफ़ास्ट एशिया के सीईओ श्री फ़म शान चाउ और एचडीएफसी बैंक के ऑटो लोन, इन्वेंटरी फ़इनेंस और टू-व्हीलर लोन व्यवसाय प्रमुख श्री अखिलेश कुमार रॉय ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर दोनों कंपनियों के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड ङ्क रिटेल एसेट्स, रूरल और एसएलआई बैंकिंग ग्रुप श्री अरविंद वोहरा ने इस महत्वपूर्ण समझौते को लेकर कहा कि ईवी अपनाने में फ़इनेंसिंग की भूमिका महत्वपूर्ण है। विनफ़ास्ट के साथ यह समझौता हमारे इस प्रयास को और गति देगा और ग्राहकों को सुविधाजनक फ़इनेंसिंग के माध्यम से विनफ़ास्ट के प्रतिष्ठित उत्पादों तक पहुंच दिलाएगा। यह हमारे ग्राहकों की आकांक्षाओं को आसान तरीके से पूरा करने की दिशा में बैंक के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है।

विनफ़ास्ट एशिया के सीईओ श्री फ़म सान्ह चाउ ने इस मौके पर कहा कि यह समझौता भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को समावेशी, सुविधाजनक और भविष्य-उन्मुख बनाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एचडीएफसी बैंक जैसे विश्वसनीय बैंकिंग संस्थान के साथ साझेदारी करके, हम न केवल बेहतरीन उत्पाद और सेवाएं दे रहे हैं, बल्कि एक मजबूत वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र भी तैयार कर रहे हैं जो हमारे ग्राहकों और डीलर भागीदारों की पूरी यात्रा में उनका साथ देगा। यह साझेदारी भारत में विनफ़ास्ट के मजबूत और ग्राहक केंद्रित संचालन स्थापित करने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

एचडीएफसी बैंक के लिए ऑटो लोन रिटेल एसेट्स सेगमेंट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। 30 जून 2025 तक बैंक की ऑटो लोन बुक 1.48 लाख करोड़ रुपये से अधिक थी।

**आम सूचना**
**नाम परिवर्तन के संबंध में**

सर्वविदित हो कि हमारे पक्षकार श्याम अग्रवाल पिता स्व. राज कुमार अग्रवाल निवासी- ए 204, मेट्रो हाईट्स, रिंग रोड नम्बर-1, एयरटेल आफिस के पास, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) के पुत्र का नाम पल्वित अग्रवाल (Palvit Agarwal) व जन्म तिथि 15/04/2022 है तथा वर्तमान् में मेरे पक्षकार के पुत्र को पल्वित अग्रवाल (Palvit Agarwal) के नाम से जाना-पहचाना, लिखा-पढ़ा, समझा एवं पुकारा जाता है।

यह कि हमारे पक्षकार द्वारा अपने पुत्र पल्वित अग्रवाल (Palvit Agarwal) के नाम की स्पेलिंग में परिवर्तन कर दिया गया है तथा हमारे पक्षकार के पुत्र के नाम की स्पेलिंग पलवित अग्रवाल (Palviit Agarwal) कर दी गयी है अब भविष्य में मेरे पुत्र के नाम की स्पेलिंग पलवित अग्रवाल (Palviit Agarwal) के नाम से जाना-पहचाना, लिखा-पढ़ा, समझा एवं पुकारा जायेगा।

यह कि वर्तमान में समस्त शासकीय / अर्द्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखों में जहाँ जहाँ हमारे पक्षकार के पुत्र का नाम पल्वित अग्रवाल (Palvit Agarwal) अंकित है वहाँ वहाँ हमारे पक्षकार के पुत्र का नाम पलवित अग्रवाल (Palviit Agarwal) पिता श्याम अग्रवाल है लिखा, समझा एवं माना जावेगा।

अत: सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है आज दिनांक से हमारे पक्षकार के पुत्र पल्वित अग्रवाल (Palvit Agarwal) की स्पेलिंग पलवित अग्रवाल (Palviit Agarwal) पढ़ी एवं लिखी समझी जावें ।

सो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक-11/08/2025

भवदीय
सुनील कुमार दुआ, सतीश मानके,
वैभव देवांगन
अधिवक्तागण
डी- 306/5, टैगोर नगर, रायपुर (छ.ग.)
मोबाईल नं.- 94252-12941

**आम सूचना**
**नाम परिवर्तन के संबंध में**

सर्वविदित हो कि हमारे पक्षकार श्याम अग्रवाल पिता स्व. राज कुमार अग्रवाल निवासी - ए 204, मेट्रो हाईट्स, रिंग रोड नम्बर 1, एयरटेल आफिस के पास, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) की पुत्री का नाम अव्या अग्रवाल (Avya Agarwal) व जन्म तिथि 02/04/2025 है तथा वर्तमान् में मेरे पक्षकार की पुत्री को अव्या अग्रवाल (Avya Agarwal) के नाम से जाना-पहचाना, लिखा-पढ़ा, समझा एवं पुकारा जाता है।

यह कि हमारे पक्षकार द्वारा अपनी पुत्री अव्या अग्रवाल (Avya Agarwal) का नाम परिवर्तन कर दिया गया है तथा हमारे पक्षकार की पुत्री अव्या अग्रवाल (Avya Agarwal) भविष्य में अपने नये नाम ईशिता अग्रवाल (Ishita Agarwal) के नाम से जानी-पहचानी, लिखी पढ़ी, समझी एवं पुकारी जायेगी।

यह कि वर्तमान में समस्त शासकीय / अर्द्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखों में जहाँ जहाँ हमारे पक्षकार की पुत्री का नाम अव्या अग्रवाल (Avya Agarwal) अंकित है वहाँ वहाँ हमारे पक्षकार के पुत्री का नाम ईशिता अग्रवाल (Ishita Agarwal) पिता श्याम अग्रवाल है लिखा, समझा एवं माना जावेगा।

अत: सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है आज दिनांक से हमारे पक्षकार की पुत्री अव्या अग्रवाल (Avya Agarwal) को केवल ईशिता अग्रवाल (Ishita Agarwal) के नाम से जाना, पहचाना, पढ़ा एवं लिखा समझा जावें।

सो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक-11/08/2025

भवदीय
सुनील कुमार दुआ, सतीश मानके,
वैभव देवांगन
अधिवक्तागण
डी- 306/5, टैगोर नगर, रायपुर (छ.ग.)
मोबाईल नं.- 94252-12941

**न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ:- जिला- रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.-00067 पुरेना ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425440725300296

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00067 के अंतर्गत ग्राम पुरेना के वर्तमान भूमिस्वामी अमर विश्वास पिता/पति- स्व. बी.एल. विश्वास पता-विश्वास विला एम आई जी 5 बरडिया विहार अमलीडीह रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 209/9(0.0009) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता जसविंदर सिंह गाँधी पिता/पति-जोगिंदर सिंह गाँधी पता-महावीर नगर रायपुर छत्तीसगढ़, गुरमुख सिंह गाँधी पिता/पति-जसविंदर सिंह गाँधी पता-महावीर नगर रायपुर छत्तीसगढ़ के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27/08/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/08/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार: Jyoti Singh
रायपुर

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र -02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) फोन नं. 0771-4903223**
email ID-eocghbzone02@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा सामान्य आवास योजनांतर्गत, शंकर नगर सरहद फेस-।। रायपुर में स्थित एल.आई.जी. फ्लैट क्रमांक-303, ब्लॉक-01, तृतीय तल श्री प्रेम बिहारी यदु पिता स्व. श्री माखन लाल यदु के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 02.01.2018 को लीजडीड पंजीकृत करने उपरांत भवन का आधिपत्य प्राप्त कर लिया गया है। मूल आबंटी श्री प्रेम बिहारी यदु पिता स्व. श्री माखन लाल यदु कि मृत्यु दिनांक 26.01.2025 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री रवीन्द्र सिंह पिता स्व.श्री प्रेम बिहारी यदु, निवासी- एफ-1, पी.डब्ल्यू.डी. कालोनी, बैरन बाजार रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत वसीयतनामा एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। मण्डल में प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उपरोक्त फ्लैट को आबंटी श्री प्रेम बिहारी यदु पिता स्व. श्री माखन लाल यदु की मृत्यु होने के उपरांत उनके पुत्र श्री रवीन्द्र सिंह पिता स्व.श्री प्रेम बिहारी यदु के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अत: उक्त फ्लैट के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202508112800015/267**
**मामले की श्रेणी:- राजस्व**

विषय:- अ-20(3) सन्:- 2024-2025
रायपुर प.ह.न. 00062 [(हे.) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार श्रीमती सुनिताबाई पत्नि शंकरलाल जादवानी, अनावेदक पक्षकार- वसंदमल (वसंतलाल) वल्द गणेशमल जादवानी,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा सिविल स्टेशन रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुनिताबाई पत्नि शंकरलाल आदवानी, निवासी अहमदजी कॉलोनी, नलघर रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत् इस आशय का आवेदन पेश किया है कि मौजा सिविल स्टेशन स्थित ब्लॉक नंबर-16, प्लॉट नंबर-21/6, रकबा 1597 वर्गफुट सम्मिलित भूखण्ड क्रमांक-21/32, रकबा 1597 वर्गफुट भूमि वसंतलाल व जमुनादास के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है, जो कि आपस में सगे भाई हैं। वसंतला व जमुनादास का आवास में बंटवारा हो गया है, जिस में प्लॉट नंबर-21/6 रकबा 1597 वर्गफुट वसंतमल को व प्लॉट नंबर-21/32 रकबा 1597 वर्गफुट जमुनादास को प्राप्त हुआ था। वसंतलाल ने बंटवारा में प्राप्त अपने हिस्से अर्थात् प्लॉट नंबर-21/6 रकबा 1597 वर्गफुट भूमि को बिक्रीनामा दिनांक 23/01/1992 के माध्यम से आवेदिका सुनिला बाई को क्रय किया है। अतएव आवेदिका द्वारा क्रय हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ विक्रय विलेख की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 29/08/2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 08/08/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
NAVIN KUMAR THAKUR
नजूल अधिकारी
रायपुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202508112800013/265**
**मामले की श्रेणी:- राजस्व**

विषय:- अ-20(3) सन्:- 2024-2025
रायपुर प.ह.न. 00062 [(हे.) ]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- प्रकाश व्यंकटेश विठालकर पिता स्व. व्यंकटेश माधव विठालकर,
अनावेदक पक्षकार - शासकीय कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति रायपुर, 1. आलोक विठालकर, 2. राजेश विठालकर दोनों पिता दत्तात्रय विठालकर,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा ग्राम तेलीबांधा रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रकाश व्यंकटेश विठालकर पिता स्व. व्यंकटेश माधव विठालकर, निवासी-मकान नंबर-43 ब, आनंद नगर, रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 109, 110 के तहत् आवेदन पेश किया है कि मौजा ग्राम तेलीबांधा स्थित खसरा नंबर 305/1 का भाग, प्लॉट नंबर-43, रकबा 4000 वर्गफुट भूमि आवेदक के भाई दत्तात्रय विठालकर को स्थायी पट्टे पर कर दिनांक 22/11/1972 को आबंटित हुआ है। दत्तात्रय विठालकर की मृत्यु दिनांक 21/04/2021 को गया है। दत्तात्रय विठालकर ने अपने छोटे भाई अथात् आवेदक को उक्त भूमि में से 1920 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 02/06/1992 के माध्यम से विक्रय किया है। शेष भूमि 2080 वर्गफुट को अनावेदक क्रमांक-02 एवं 03 के द्वारा वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण कराया जा चुका है। अतएव आवेदक के द्वारा क्रय हक के आधार पर अपना नाम दर्ज अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ न्यायालयीन आदेश, बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 25/08/2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/08/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
NAVIN KUMAR THAKUR
नजूल अधिकारी
रायपुर

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग** कार्या. - 225059
**राजनांदगांव वनमंडल राजनांदगांव**

सर्व साधारण सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि राजनांदगांव वन मण्डल के डिपो में उपलब्ध ईमारती/जलाऊ/बांस का ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/वन काष्ठागार डिपो, चिरचारी से प्राप्त की जा सकती है।

चिरचारी काष्ठागार, नीलाम दिनांक:- 18.08.2025, समय :- 2.00 बजे दोपहर
काष्ठागार का नाम :- चिरचारी, वनमण्डल:- राजनांदगांव

| क्र. | प्रजाति | नये वनोपज | | पुराने वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ईमारती घ.मी. | बल्ली/ डे.नग | ईमारती घ.मी. | बल्ली/ डे. नग | ईमारती घ.मी. | बल्ली/ डे. नग |
| 1 | सागौन | 33.897 | 741 | 478.978 | 8235 | 512.875 | 8976 |
| 2 | साजा | 36.305 | 422 | 57.679 | 91 | 93.984 | 513 |
| 3 | बीजा | 51.178 | 1389 | 231.209 | 860 | 282.387 | 2249 |
| 4 | ह.मु.ख. | - | - | 3.864 | - | 3.864 | - |
| 5 | धावड़ा | 121.231 | 1926 | 14.389 | 74 | 135.620 | 2000 |
| 6 | कसही | 5.937 | 1 | 21.214 | 3 | 27.151 | 4 |
| 7 | तिन्सा | 2.717 | 29 | 2.807 | 60 | 5.524 | 89 |
| 8 | सलिहा मोदे | 32.277 | 15 | - | - | 32.277 | 15 |
| 9 | भिरहा | 3.598 | - | - | - | 3.598 | - |
| 10 | कर्रा | 2.722 | 303 | 3.305 | - | 6.027 | 303 |
| 11 | अन्य | 53.040 | 619 | 36.050 | - | 89.090 | 619 |
| | योग | 342.902 | 5445 | 849.495 | 9323 | 1192.397 | 14768 |
| | 1. चिरचारी डिपो का मिश्रित जलाऊ 138 चट्टा नया | | | | | | |
| | 2. चिरचारी डिपो का मिश्रित जलाऊ 140 चट्टा पुराना | | | | | | |

1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते है।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
राजनांदगांव वनमण्डल राजनांदगांव

G-252602719/7

# रामलला तीर्थ दर्शन योजना छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक को सशक्त करने की ऐतिहासिक पहल है-अनुज





**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेशवासियों की आस्था और श्रद्धा को मूर्त रूप देने हेतु प्रारंभ की गई 'रामलला दर्शन योजना' के अंतर्गत आज रायपुर रेलवे स्टेशन से रायपुर संभाग के श्रद्धालु विशेष ट्रेन से अयोध्या धाम के दर्शन के लिए रवाना हुए। इस पवित्र यात्रा के शुभारंभ पर धरसींवा विधायक अनुज शर्मा शामिल होकर सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनकी यात्रा के मंगलमयी होने की कामना की।

इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि हमारी विष्णु देव साय सरकार द्वारा प्रारंभ किये गए रामलला के निःशुल्क दर्शन कराने की यह पुण्य यात्रा अनवरत जारी है। श्रद्धालुओं को हमारे 'भांचा राम' का दर्शन कराना - यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की उस गारंटी को साकार कर रही है, जिसमें उन्होंने देश के प्रत्येक नागरिक को प्रभु राम के दर्शन का अवसर उपलब्ध कराने का संकल्प लिया था। इस यात्रा में श्रद्धालुओं को काशी विश्वनाथ धाम के दर्शन का सौभाग्य भी प्राप्त हो रहा है। रामलला तीर्थ दर्शन योजना केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश का हर नागरिक, विशेषकर बुजुर्ग एवं वंचित वर्ग, अपने जीवन में एक बार प्रभु राम के जन्मस्थान के दर्शन कर सके7 मैं सभी श्रद्धालुओं के मंगलमय यात्रा कि कामना करता हूं7

इस अवसर पर विधायकगण अनुज शर्मा, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, एवं छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जिला सीईओ रायपुर, संचालक संस्कृति एवं पर्यटन सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं रेलवे व द्धत्र्ष्टज्ञष्ट के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## तिरंगा रैली, मंत्री रजवाड़े ने की शिरकत

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। रैली का शुभारंभ त्रिपाठी चौक से हुआ और यह स्टेडियम मैदान तक पहुंची। इस दौरान पूरे मार्ग में देशभक्ति के गीत गूंजते रहे और हाथों में लहराते तिरंगे ने माहौल को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने रैली में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं है, बल्कि यह हमारी पहचान, हमारी आन-बान और शौर्य का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के वीरों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद कराया और हमें यह गौरवशाली तिरंगा सौंपा, जिसे हमें हमेशा सम्मान और गर्व के साथ फहराना चाहिए। उन्होंने कहा, आज का दिन हमें यह याद दिलाता है कि देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए हर नागरिक को अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। मंत्री ने युवाओं से अपील की कि वे तिरंगे के सम्मान को जीवन में सर्वोच्च प्राथमिकता दें और समाज व देश के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर



नगर पंचायत अध्यक्ष मती परमेश्वरी राजवाड़े, भाजपा मंडल अध्यक्ष रमेश गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष राजवाड़े, भाजपा जिला मंत्री अशोक सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित थे। सभी ने जोश और उल्लास के साथ रैली में भाग लिया। रैली के दौरान बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में उत्साह देखने लायक था। कई लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर कार्यक्रम को और भी रंगीन बना दिया। मार्ग में जगह-जगह रैली का स्वागत पुष्पवर्षा और देशभक्ति नारों के साथ किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्टेडियम मैदान में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई की गई। मंच से वक्ताओं ने कहा कि तिरंगा रैली न केवल देशभक्ति की भावना को प्रबल करती है, बल्कि यह हमें अपने संविधान और स्वतंत्रता के मूल्यों को भी याद दिलाती है।

## उचित मूल्य दुकानों के बचत स्टॉक का भौतिक सत्यापन – अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** खाद्य विभाग के आदेश के परिपालन में 31 मार्च 2024 की स्थिति में प्रदेश के समस्त जिलों में संचालित 13,779 उचित मूल्य दुकानों के बचत स्टॉक का भौतिक सत्यापन कराया गया। इस सत्यापन के उपरांत 894 दुकानों में कुल 7,891.73 टन चावल की कमी पाई गई। जिन दुकानों में बचत स्टॉक में कमी पाई गई, उनके विरुद्ध विभाग द्वारा कार्रवाई की गई है जिसके अंतर्गत 101 दुकानों के आबंटन को निलंबित किया गया, 72 दुकानों का आबंटन निरस्त किया गया, 19 दुकानों के संचालकों के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई तथा 194 दुकानों के विरुद्ध वसूली हेतु आर.आर.सी. जारी किया गया है। खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के लिए आगे भी इस प्रकार के निरीक्षण और सत्यापन की कार्यवाही नियमित रूप से जारी रहेगी।जिसके अंतर्गत 101 दुकानों के आबंटन को निलंबित किया गया, 72 दुकानों का आबंटन निरस्त किया गया, 19 एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता के लिए आगे भी इस प्रकार के निरीक्षण और सत्यापन की कार्यवाही नियमित रूप से जारी रहेगी।

### अपराध डायरी

## ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ सख्त अभियान, 1000 चालकों पर कार्रवाई

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** रायपुर। राजधानी रायपुर में नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस का सख्त अभियान लगातार जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर प्रत्येक शनिवार और रविवार रात को शहर के विभिन्न स्थानों पर विशेष चेकिंग ड्राइव चलाई जा रही है। इस अभियान के तहत अब तक 1000 से अधिक ड्रंक एंड ड्राइव मामलों में चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। पिछले शनिवार और रविवार की रात पुलिस ने 24 ड्रंक एंड ड्राइव मामलों में कार्रवाई की। सभी मामलों में संबंधित चालकों के वाहन मौके पर ही जब्त किए गए और मोटरयान अधिनियम के तहत प्रकरण बनाकर न्यायालय भेजा गया। कोर्ट ने इन मामलों में 10,000 से 15,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया और कई चालकों के लाइसेंस निलंबित किए गए।



कार्रवाई के प्रमुख स्थान अभियान के दौरान शहर के श्रीराम मंदिर तिराहा, तेलीबांधा थाना तिराहा, ग्राम फुंडहर चौक और स्टेडियम टर्निंग, नवा रायपुर पर बैरिकेडिंग कर नशे में वाहन चलाने वालों की जांच की जाती है। पुलिस रात 11 बजे से सुबह 2 बजे तक वाहनों की रैंडम चेकिंग करती है।

**क्यों जरूरी है यह अभियान**

पुलिस के मुताबिक, ड्रंक एंड ड्राइव करने वाले चालक यातायात व्यवस्था में सबसे बड़ी बाधा बनते हैं। नशे की हालत में गाड़ी चलाना न केवल उनके खुद के लिए बल्कि अन्य वाहन चालकों और पैदल यात्रियों के लिए भी गंभीर खतरा है। दुर्घटनाओं की संख्या कम करने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस तरह की सख्त कार्रवाई जरूरी है।

त्योहारी मौसम को देखते हुए पुलिस ने अपनी निगरानी और कड़ी कर दी है।

## युवक पर चाकू से हमला, पुराना विवाद बना वजह

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में युवक के जांघ में गंभीर चोट आई है। पुलिस के मुताबिक हमला एक पुराने विवाद के चलते किया गया और आरोपी वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी योगेश कश्यप ने बताया कि पीड़ित युवक तुलसी नगर, कुशालपुर का निवासी है, जो बढ़ई का काम करता है और स्नातक तक पढ़ा है। युवक ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 10 अगस्त 2025 की रात करीब 11 बजे वह राहुल उदय स्कूल के सामने से बाजार की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसकी मुलाकात बबलू यादव और फाइटर नाम के दो युवकों से हुई। पीड़ित ने बताया कि दोनों के साथ उसका पहले से विवाद चला आ रहा है। बातचीत के दौरान दोनों ने उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगे। जब उसने पैसे नहीं होने की बात कही, तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। गालियां देने से मना करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार, बबलू यादव ने फाइटर को उकसाते हुए कहा, मार साले को, जिसके बाद फाइटर ने अपने पास रखे किसी धारदार वस्तु से पीड़ित की बाईं जांघ पर वार कर दिया। हमले के चलते युवक के पैर से खून बहने लगा। खून निकलते देख दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटना को जयेंद्र झारिया, करण उर्फ कुन्नु साहू और विशु भार्गव ने देखा और सुना।

## युवक पर हमला, पत्थर से सिर फोड़ा मामला दर्ज

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** रायपुर। राजधानी रायपुर के कुशालपुर इलाके में रविवार रात एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। घटना के पीछे की वजह बेहद मामूली बताई जा रही है – मोहल्ले में एक छोटे बच्चे को गाली देने से रोकना। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, वहीं आरोपी वारदात के बाद फरार हो गया। पीड़ित युवक, जो रामायण नगर, राजू किराना स्टोर्स के पास कुशालपुर में अपने परिवार के साथ रहता है और कक्षा 10वीं तक पढ़ा है, ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 अगस्त 2025 की रात लगभग 8ः40 बजे वह अपने दोस्त कान्हा वर्मा और सुभाष नेताम के साथ अमरपुरी गया था। जब वे धनश्री किराना दुकान के सामने से गुजर रहे थे, उसी समय मोहल्ले का मनीष निषाद एक छोटे बच्चे को गंदी-गंदी गालियां दे रहा था। पीड़ित ने मनीष से पूछा कि वह सार्वजनिक स्थान पर बच्चे को क्यों गाली दे रहा है, तो इस पर मनीष भड़क गया गंदी गालियां देने लगा। पीड़ित ने गाली देने से मना किया, तो मनीष ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद मौके पर पड़े पत्थर (गिट्टी का टुकड़ा) उठाकर पीड़ित के सिर पर जोर से मार दिया।

## महापौर चौबे और सभापति राठौड़, अध्यक्ष अमर गिदवानी ने बहुला चौथ कमरछठ के पर्व अवसर पर दी शुभकामनायें

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मती मीनल चौबे और सभापति सूर्यकान्त राठौड और संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने व्रती महिलाओं सहित समस्त नगरवासियों को बहुला चौथ अंगारकी चतुर्थी दिनांक 12 अगस्त 2025 और हलषष्ठी कमरछठ दिनांक 14 अगस्त 2025 के पर्व अवसरों पर अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें देते हुए समस्त नगरवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य, शान्ति प्रदान करने हेतु और रायपुर को राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रथम रैंकिंग दिलवाने सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने सकारात्मक ऊर्जा शक्ति प्रदान करने हेतु प्रथम पूज्य देव गणेश और हलधर भगवान बलराम के दिव्य चरणों में विनम्र प्रार्थना की है. बहुला चौथ अंगारकी चतुर्थी पर्व दिनांक 12 अगस्त 2025 मंगलवार को है.

## देश का समय-संसाधन बर्बाद कर रहे है राहुल-किरण देव

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा है कि राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर फर्जी वोटर होने का जो एटम बम चुनाव आयोग पर फोड़ने का दावा किया था, उस एटम बम ने कांग्रेस के वामपंथी-नैरेटिव के ही चीथड़े उड़ाकर रख दिए हैं। दरअसल, राहुल गांधी और कांग्रेस को केवल देश को गुमराह करने की आदत पड़ चुकी है, झूठ बोलने की आदत पड़ चुकी है। देव ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा आरोपों के दृष्टिगत हस्ताक्षर कर शपथ पत्र प्रस्तुत करने का आग्रह ठुकराकर राहुल गांधी ने अपने ही आरोपों को झूठा और हवा-हवाई साबित कर दिया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि जब चुनाव आयोग कह रहा है कि अपने आरोप हलफनामे पर हस्ताक्षर करके लिखकर दीजिए तो वह भी राहुल गांधी नहीं दे रहे हैं। बिहार में एसआईआर पर भी वह लिखित में कोई शिकायत नहीं कर रहे हैं। राहुल गांधी का यह कहना निरा हास्यास्पद है कि वह लोकसभा की सदस्यता की शपथ ले चुके हैं, इसलिए वह शपथ पत्र नहीं देंगे और सांसद होने के नाते उनकी इस पर कही गई बात को माना जाए। यदि राहुल गांधी का यही पैमाना है तो संसद सदस्यता की शपथ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ली है, तो उनकी कही बात को राहुल गांधी नहीं मानकर कौन-सी राजनीति कर रहे हैं? देव ने कहा कि कांग्रेस के इसी दोहरे राजनीतिक चरित्र की वजह से और स ंवै धानिक संस्थाओं पर प्रश्नचिह्न खड़े करके राहुल गांधी और उनकी वामपंथ-पोषित कांग्रेस केवल देश के संसाधन और समय को बर्बाद कर रही है। यह बिल्कुल भी उचित नहीं है और परिपक्व राजनीति तो कतई नहीं है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने राहुल गांधी और कांग्रेस के तमाम नेताओं से सीधे-सीधे सवाल पूछकर उन पर अपना मंतव्य देश और प्रदेश के सामने रखने का कहा है जब फर्जी वोटर के आरोप वह लगाते हैं तो उन राज्यों में क्यों नहीं लगाते, जहाँ पर कांग्रेस या उनका गठबंधन जीतता है? पाँच साल छत्तीसगढ़ में भी भूपेश बघेल की सरकार रही और बड़े जनादेश से रही, तो क्या वह भी इसी प्रक्रिया से सत्ता में रही थी? कांग्रेस की सरकार तेलंगाना में रही, राजस्थान में रही, हिमाचल में रही, तो क्या ये आरोप उन चुनावों पर भी हैं? अब जबकि केंद्र की सरकार का लगभग डेढ़ वर्ष का कार्यकाल होने को आया है, तब राहुल गांधी यह बात कह रहे हैं।



## ग्रीन पालना अभियान, नवप्रसूताओं को मिली 80 फलदार पौधों की सौगात

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप, जिला प्रशासन रायपुर ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल ग्रीन पालना अभियान के अंतर्गत, सरकारी अस्पतालों में प्रसव उपरांत माताओं को 5 फलदार पौधों ‐– आम, अमरूद, जामुन, पपीता और मुनगा के पौधे भेंट दिए जा रहे हैं।




आज इस अभियान के तहत धरसींवा ब्लॉक 03, तिल्दा ब्लॉक 02, आरंग ब्लॉक 02, अभनपुर ब्लॉक 02, बिरगांव रायपुर 01 और शहरी रायपुर 06, कुल 16 प्रसूताओं को 80 पौधे भेंट किए गए। यह पहल न केवल नवजात शिशु के जीवन की नई शुरुआत का प्रतीक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश भी देती है।

### जवाहर नगर मंडल

## घर घर तिरंगा कार्यशाला में सूर्यकांत राठौड़ ने कहा जन जन को जोड़े अभियान से..

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** जवाहर नगर मंडल भाजपा जिला रायपुर द्वारा आज 11 अगस्त को शाम 4 बजे मंडल अंतर्गत दुलार धर्मशाला में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिला कार्य योजना बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक मुख्य अतिथि के रूप साहित्य अकादमी विभाग के अध्यक्ष शशांक शर्मा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नगर पालिक निगम के सभापति सूर्यकांत राठौड़ बैठक प्रभारी रायपुर जिला कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल ,जवाहर नगर मंडल संदीप जंघेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।



कार्यक्रम की शुरुवात में सर्वप्रथम भाजपा संगठन के निष्ठावान एवं पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ता मंडल के वरिष्ठ सदस्य एवं उर्दू अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष स्व. रिजवान पटवा के असमय देहांत होने के कारण उनके चित्र के समक्ष उपस्थित सभी ने श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर उनके कार्यों को याद किया।

बैठक में मुख्य वक्ता नगर पालिक निगम के सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने बैठक में कहा कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रभक्ति तथा विकसित भारत के अद्वितीय संकल्पों की सिद्धि का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सभी कार्यकर्ता मिलकर मनाएंगे। उन्होंने कहा है कि आजादी अनमोल है। आजादी सिर्फ़ एक अधिकार मात्र नहीं है, यह हमें देश के विकास में हर संभव योगदान देने का कर्तव्यबोध भी कराती है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, चौक चौराहों की सफाई, के साथ देश भक्ति गीत एवं देशभक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर अभियान में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। आमजन को आसानी से राष्ट्रध्वज उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही तिरंगा यात्रा के संदर्भ में जिले के स्थानीय जनप्रतिनिधियों से परामर्श लेकर जिले के प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों, सांस्कृतिक मंडलों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, वरिष्ठ नागरिकों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों, पेंशनर्स, सेवानिवृत्त सैनिकों और समाजसेवियों को भी आवश्यक रूप से जोड़ा जाए। हर घर तिरंगा अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समुचित समन्वय कर इस अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय होकर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देशभक्ति, स्वच्छता और स्वदेशी भावना को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प है। हर घर तिरंगा अभियान में झण्डे के निर्माण और झण्डे के इतिहास से संबंधित कहानियों एवं प्रसंगों का प्रचार-प्रसार किया जाए।

इस विषय पर बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा सकती हैं, इससे बच्चों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत होगी। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्राओं और तिरंगा रैलियों में राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा का भी पूरा ध्यान रखा जाए।

## बैंच देकर की गई शिक्षा सेवा, शुरू की गई स्मार्ट क्लास



**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )** चरामेति फाउंडेशन द्वारा शिक्षा सेवा के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खो - खो पारा को डेस्क एवं बैंच के 10 सेट प्रदान कर पहली कक्षा के लिए स्मार्ट क्लास का शुभारंभ करवाया गया।

फाउंडेशन के राजेंद्र ओझा ने बताया कि निजी शालाओं की तरह शासकीय शालाओं में भी बच्चों को शिक्षा का अच्छा वातावरण मिले इस उद्देश्य से जन सहयोग से डेस्क - बेंच प्रदान किए गए हैं। दानदाताओं ने कक्षा पहली के छात्रों के चेहरों की खुशी को उपलब्धि एवं अमूल्य बताया। इसके पूर्व जून माह में ही समस्त छात्रों को वर्ष भर के लिए शिक्षा सामग्री प्रदान की गई थी।

उपरोक्त कार्यक्रम एम. डी. बडगैयां, अरविंद कुमार, विपुल शाह, जी. पी. अखिलेश, नीलेश अग्रवाल, डॉ. मृणालिका ओझा एवं शालेय स्टाफ मनबोधी कुर्मी, मनहरण लाल कैवर्त, लोकेश साहू आदि की उपस्थिति एवं सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र कुमार मरकाम एवं आभार नीलकंठ वर्मा द्वारा व्यक्त किया गया।

सम्पादकीय

## सबसे तेज इकॉनमी

भारत ने ट्रंप के आरोपों का कड़ा जवाब देते हुए स्पष्ट किया है कि वह अपने हितों से समझौता नहीं करेगा और बराबरी के स्तर पर ही बातचीत करेगा। और राजनाथ सिंह ने कहा कि कुछ बॉस भारत की तरक्की से जलते हैं। भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही है, जबकि अमेरिका की अर्थव्यवस्था संकट में है। सीजफायर और टैरिफ को लेकर डॉनल्ड ट्रंप के दावों-आरोपों का भारत ने अभी तक जो भी जवाब दिया, उसमें भाषा नम्र और सांकेतिक रखी गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बयान इस मायने में अलग और अहम है कि ट्रंप का नाम उन्होंने भी नहीं लिया, लेकिन इस बार जवाब ज्यादा सख्त था। यह स्पष्ट संकेत है कि भारत अपने हितों से समझौता नहीं करेगा। कोई भी बातचीत बराबरी के स्तर पर होनी चाहिए। कुछ बॉस भारत से जलते हैं । अपने मन मुताबिक डील करने में नाकाम रहे ट्रंप ने भारत की इकॉनमी को डेड बताया था। राजनाथ सिंह ने इसी का जवाब देते हुए कहा- कुछ बॉस भारत से जलते हैं। जिस रफ्तार से देश तरक्की कर रहा है, उससे वे खुश नहीं हैं। यह संयोग नहीं कि रविवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देश की अर्थव्यवस्था पर बात की। भारत की तेज रफ्तार । दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक ने पिछले हफ्ते ही भारत की तष्ठक्क ग्रोथ का 2025-26 के लिए अनुमान 6.5त्न पर बनाए रखा, जबकि दुनिया की बाकी इकॉनमी की ग्रोथ के लिए यह अनुमान करीब 3त्न है। आईएमएफ के डेटा बताते हैं कि 2024 में भारत ने ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में लगभग 17त्न का योगदान दिया और अगले 5 साल में यह आंकड़ा 20त्न तक पहुंच सकता है। मुश्किल में अमेरिका । महामारी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने सबसे शानदार रिकवरी की और युद्धों व वैश्विक उथल-पुथल के बीच भी वह बढ़त बनाए हुए है। हकीकत यह है कि खुद अमेरिका की अर्थव्यवस्था इस समय संकट के दौर में है। ट्रंप की नीतियों के चलते अमेरिकी अर्थशास्त्रियों को वहां महंगाई दर बढ़ने का डर है, जिससे आर्थिक विकास दर पर बुरा असर होगा। ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण अगर अमेरिका में मंदी के हालात बनते हैं, तो असर दूसरे मुल्कों पर भी होगा। बातचीत से समझौता । ट्रेड और टैरिफ पर ट्रंप का सख्त रुख किसी के लिए भी सही नहीं है। आखिरकार इस बढ़े टैक्स की कीमत अमेरिकियों को ही चुकानी पड़ेगी। ऐसे में बेहतर है कि समाधान बातचीत से निकाला जाए। लेकिन, वह बातचीत एकतरफा और अपनी मर्जी थोपने वाली नहीं हो सकती। अपनी ग्रोथ को बनाए रखने के लिए भारत की एनर्जी संबंधी जरूरतें अमेरिका से बिल्कुल अलग हैं।

# अमेरिकी दादागिरी पर मोदी की ललकार

**हाल ही में अमेरिका द्वारा भारतीय कृषि उत्पादों पर टैरिफ बढ़ाने की घोषणा को प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल अनुचित और एकतरफा करार दिया, बल्कि यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब वैश्विक मंच पर दबाव में आने वाला नहीं है। देश के अग्रणी कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि-क्रांति के जनक एम.एस. स्वामीनाथन के शताब्दी समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ललकारभरे शब्दों में अमेरिकी टैरिफ पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत किसानों के हितों से समझौता नहीं करेगा, भारत की बढ़ती वैश्विक ताकत का द्योतक है।**



ललित गर्ग ।

ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए टैरिफ को भारत ने अनुचित एवं दुर्भावनापूर्ण बताया है। भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए बाजार खोलने के दबाव कभी नहीं आयेगा क्योंकि भारत के लिये यह एक राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा है। इस समारोह में मोदी ने जो शब्द कहे, वे केवल एक श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि नये भारत, सशक्त भारत की एक स्पष्ट नीति का घोषणा पत्र है, भारत की नई कृषि रणनीति, आत्मनिर्भरता की भावना और अमेरिकी टैरिफ की दादागिरी को खुली चुनौती है। भारत अब पीछे हटने वाला नहीं है और दुनिया की कोई भी ताकत उसे नुकसान नहीं पहुंचा सकती। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी टैरिफ पर पहली बार प्रतिक्रिया दी, और अमेरिका या डॉनल्ड ट्रंप का नाम लिए बगैर कहा कि किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों के साथ भारत कभी समझौता नहीं करेगा। भारत ने इससे पहले ट्रंप के 50 प्रतिशत टैरिफ को अनुचित, अन्यायपूर्ण और तर्कहीन बताया था। यह विडम्बनापूर्ण एवं विसंगतिपूर्ण है कि ट्रंप बातें रूस की कर रहे हैं, लेकिन यह समझना आसान है कि उनकी निराशा के मूल में भारत के साथ अटकी कृषि ट्रेड डील भी है। वह चाहते हैं कि भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों और डेयरी प्रॉडक्ट्स के लिए अपना बाजार खोले। लेकिन देश की बड़ी आबादी खेती पर आश्रित है और किसान आर्थिक रूप से सशक्त नहीं हैं। इसलिये वे सब्सिडाइज्ड अमेरिकी प्रॉडक्ट्स से होड़ नहीं कर सकते। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण के जरिये भारत का यही पक्ष एवं किसानों की चिन्ता को रखा है। लेकिन ट्रंप इस चिंता को शायद ही समझें, क्योंकि अब ऐसा लग रहा है कि अपनी हर नाकामी का ठीकरा फोड़ने के लिए उन्हें कोई देश चाहिए। अमेरिका में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी का दबाव व यूक्रेन युद्ध न रुकवा पाने की हताशा ट्रंप के फैसलों में बौखलाहट के रूप में झलक रही है। पहले उन्होंने चीन पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन जब वहां से 'रेयर अर्थ मिनरल्स' के रूप में झटका लगा, तो भारत और रूस से अपनी बात मनवाना चाहते हैं। हाल ही में अमेरिका द्वारा भारतीय कृषि उत्पादों पर टैरिफ बढ़ाने की घोषणा को प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल अनुचित और एकतरफा करार दिया, बल्कि यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब वैश्विक मंच पर दबाव में आने वाला नहीं है। अमेरिका की यह टैरिफ नीति, डब्ल्यूटीओ के सिद्धांतों के विरुद्ध और विकासशील देशों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार का प्रतीक है। भारत पर विशेषकर चावल, गेहूं, दलहन, और मसालों के निर्यात में टैरिफ लगाना सीधे-सीधे भारतीय किसानों की आय पर प्रहार है। ऐसे समय में जब भारत कृषि निर्यात को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहा है, अमेरिका की यह नीति दादागिरीपूर्ण व्यापारवाद का उदाहरण है। भले ही ट्रंप की टैरिफ पैंतरों ने दुनिया के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी हो, लेकिन भारत ऐसी चुनौतियों के सामने झुकने वाला नहीं है। भारत अब केवल अमेरिका या यूरोप पर निर्भर नहीं रहना चाहता। अफ्रीका, खाड़ी देशों, दक्षिण एशिया और पूर्वी एशियाई देशों के साथ द्विपक्षीय कृषि व्यापार समझौते तेजी से किए जा रहे हैं। स्थानीय उत्पादन का प्रोत्साहन, 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' के तहत कृषि प्रसंस्करण इकाइयों को बल दिया जा रहा है, जिससे निर्यात योग्य उत्पादों का मूल्यवर्धन हो सके। डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन, तकनीक के माध्यम से किसानों को वैश्विक बाजार की जानकारी, टैरिफ डाटा और निर्यात संभावनाओं से जोड़कर किसानों की ताकत को बढ़ाया जा रहा है। भारत टैरिफ के जवाब में टैरिफ की राह पर बढ़ते हुए यदि आवश्यकता पड़ी, तो प्रतिस्पर्धी टैरिफ नीति के तहत अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क बढ़ाने से नहीं हिचकिचाएगा। भारत डब्ल्यूटीओ और जी20 आदि मंचों पर आक्रामक कूटनीति का सहारे लेकर अब विकासशील देशों की आवाज बनकर, अमेरिका की एकतरफा नीतियों का जवाब दे रहा है। देश को धीरे-धीरे समझ आने लगा है कि भारतीय कृषि व डेरी क्षेत्र में अमेरिकी उत्पाद खपाने के लिये ही डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ आंतक फैला रहे हैं। यही वजह है कि पहले संयम दिखाने के बाद भारत ने निरंकुश ट्रंप सरकार को चेता दिया है कि भारतीय किसानों व दुग्ध उत्पादकों के हितों की बलि नहीं दी जा सकती। हमारे लिये यह देश की एक बड़ी कृषि व डेरी उद्योग से जुड़ी आबादी के जीवन-यापन का भी प्रश्न है। बहरहाल, यह तय हो गया है कि भारत वाशिंगटन के उन मंसूबों पर पानी फेरने के लिये खड़ा हो गया है, जिनके तहत अमेरिका मक्का, सोयाबीन, सेब, बादाम और इथेनॉल जैसे उत्पादों से कम टैरिफ के साथ भारत के बाजार को पाटना चाहता है। निस्संदेह, भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले तीन प्रमुख क्षेत्रों कृषि, डेरी फार्मिंग और मत्स्य पालन से जुड़े करोड़ों लोगों की अजीविका की रक्षा करने के लिये प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता सराहनीय है।

एम.एस. स्वामीनाथन का नाम आते ही भारतीय कृषि का वह स्वर्णिम अध्याय सामने आता है, जब देश अन्न के लिए विदेशों पर आश्रित था और अकाल एक आम त्रासदी हुआ करती थी। 1960 के दशक में स्वामीनाथन ने नॉर्मन बोरलॉग के साथ मिलकर उच्च उपज वाली किस्मों (एचवाईवी), उर्वरकों और सिंचाई तकनीक का ऐसा संगम किया जिसने भारत को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बना दिया। पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शुरू हुई हरित क्रांति ने न केवल खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि भारत की कृषि पहचान को वैश्विक पटल पर स्थापित किया। उनकी रिपोर्टें, विशेष रूप से स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें, आज भी किसानों की आय दोगुनी करने और उन्हें बाजार से न्याय दिलाने की कुंजी मानी जाती हैं। उन्होंने 'किसान केंद्रित कृषि नीति' का विचार दिया, जिसमें किसानों को केवल उत्पादनकर्ता नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माता माना गया। मोदी इसी नीति को आगे बढ़ाते हुए न केवल किसानों के हितों के साथ रहे हैं, बल्कि भारतीय कृषि को नये भारत का आधार बनाने के लिये संकल्पबद्ध है।

## टैरिफ का दबाव बनाकर भारत से अपनी मांगें मनवाने की रणनीति अपना रहे हैं ट्रंप, विदेशी व्यापार पर ज्यादा नहीं पड़ेगा असर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर पचास फीसद शुल्क लगाने का फैसला द्विपक्षीय कारोबार में संतुलन बनाने के बजाय भू-राजनीतिक दृष्टि से दबाव बनाने की रणनीति से प्रेरित लगता है। पहले अमेरिका ने यह तर्क देकर पच्चीस फीसद शुल्क लगाया कि भारत में उसके उत्पादों पर ज्यादा शुल्क वसूला जाता है। उसके बाद रूस से कच्चा तेल न खरीदने की धमकी दी। जब इसका कोई असर नहीं हुआ तो जुर्माने के तौर पर पच्चीस फीसद अतिरिक्त शुल्क लगाने का एलान कर दिया। ट्रंप के इस निर्णय पर भारत ने साफ कहा है कि इस तरह का शुल्क न्यायसंगत नहीं है और वह अपने राष्ट्रहित से किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगा। भारत के इस रुख से स्पष्ट है कि वह अमेरिकी दबाव के आगे झुकने वाला नहीं है। अमेरिका भी शायद इस बात को समझ चुका है, यही वजह है कि ट्रंप ने अब भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर फिलहाल आगे नहीं बढ़ने का संकेत दिया है। ऐसे में सवाल है कि ट्रंप के शुल्क पर शुल्क लगाने के हठ और बातचीत के दरवाजे बंद कर देने से क्या सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा?

व्यापार विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप की यह नीति नियम-आधारित व्यापार प्रणाली के विपरीत है। इसका असर अमेरिका की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ना तय है। हालांकि, ट्रंप यह तर्क दे रहे हैं कि अमेरिका में इसका असर आयात कारोबारियों पर ही पड़ेगा, आम



**डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले दिनों कहा था कि वे अमेरिका को फिर से महान बनाना चाहते हैं। इस क्रम में उन्होंने अमेरिकी कंपनियों को भी चेतावनी दी कि वे दूसरे देशों में अपनी विनिर्माण इकाइयों को वापस अमेरिका लाएं।**

उपभोक्ताओं पर नहीं। मगर अर्थव्यवस्था के गणित की सच्चाई छिपी नहीं है। अमेरिका में एक बड़ा वर्ग भारत से निर्यात किए जाने वाले सस्ते सामान पर निर्भर है। अमेरिका ने कुछ अन्य देशों पर भी शुल्क लगाए हैं और जाहिर है कि भारत समेत इन सभी देशों की वस्तुओं के दाम अमेरिका में बढ़ेंगे, जिससे वहां महंगाई का ग्राफ भी बढ़ेगा। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते की बात करें, तो इसको लेकर कई दौर की वार्ता हो चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यहां भी यही हठ पकड़े हुए हैं कि भारत कृषि और डेयरी क्षेत्र को भी व्यापार के लिए खोले। जबकि, भारत स्पष्ट कर चुका है कि देश के किसानों के हित के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। ट्रंप के शुल्क लगाने के फैसले को व्यापार वार्ता में भारत के इस रुख से जोड़कर भी देखा जा रहा है।

**अमेरिकी शुल्क से भारत के विदेशी व्यापार पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा :** माना जा रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति शुल्क का दबाव बनाकर भारत से अपनी मांगें मनवाने की रणनीति अपना रहे हैं। एक सवाल यह भी महत्त्वपूर्ण है कि अमेरिकी शुल्क से निपटने के लिए भारत क्या कदम उठाएगा? व्यापार विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को विदेशी व्यापार से जुड़ी अनिश्चितताओं को एक अवसर के रूप में लेकर अन्य विदेशी बाजारों की तलाश पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, ताकि अमेरिका के साथ व्यापार नुकसान को समायोजित किया जा सके। हालांकि, यह भी माना जा रहा है कि अमेरिकी शुल्क से भारत के विदेशी व्यापार पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। रेटिंग एजंसी मूडीज ने भी कहा है कि अमेरिकी शुल्क लागू होने से वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर घटकर छह फीसद रह सकती है। यह अनुमान चालू वित्त वर्ष के लिए 6.3 फीसद वृद्धि दर के मौजूदा पूर्वानुमान से मात्र 0.3 फीसद अंक कम है।

## ममता की टकराव की राजनीति से कमजोर होगा कानून का शासन

योगेंद्र योगी ।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ठान लिया है कि हरहाल में केंद्र सरकार और स्वायत्त संवैधानिक संस्थाओं का विरोध करना है। सीमा संबंधी विवादों में जिस तरह पाकिस्तान और चीन से भारत का टकराव रहता है, ठीक ऐसी ही हालत ममता बनर्जी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल की हो गई है। ममता का बस चले तो अदालतों के निर्णयों को भी नहीं माने, किन्तु अवमानना के भय से मानना मजबूरी बन गई है। विवादों की इसी श्रृंखला में केंद्रीय चुनाव आयोग से टकराव की एक कड़ी ओर जुड़ गई है। ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग के निर्देश पर चार अफसरों को निलंबित करने से किया इंकार कर दिया। निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची तैयार करने में कथित चूक को लेकर राज्य सरकार के चार अधिकारियों और एक डाटा एंट्री ऑपरेटर को निलंबित करने का निर्देश दिया था। ममता ने चुनाव आयोग के इस कदम की वैधता पर सवाल उठाया और आयोग पर भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हम उन्हें निलंबित नहीं करेंगे। ममता ने निर्वाचन आयोग को भाजपा का बंधुआ मजदूर करार देते हुए कहा कि वे अमित शाह और बीजेपी के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। चुनाव आयोग से इस टकराव से कुछ दिनों पहले अवैध बांग्लादेशियों की शिनाख्त और उन्हें वापस भेजे जाने के मुद्दे को लेकर भी ममता सरकार ने इसी तरह का रुख अख्तियार किया था।



**अल्पसंख्यक वोट बैंक को हरहाल में अपनी तरफ रखने के प्रयासों के तहत ममता बनर्जी ने बांग्लादेशियों के मुद्दे पर दिल्ली पुलिस की तरफ से भेजे गए पत्र में भाषा और शब्दों पर आपत्ति जताई थी। दिल्ली पुलिस ने वैध दस्तावेजों के बगैर भारत रह रहे 8 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों की गिरफ्तारी के संबंध में बंग भवन के कार्यालय प्रभारी को एक पत्र लिखा था। ममता बांग्लादेशी शब्द लिखने पर भड़क गई।**

केंद्र की भाजपा सरकार को बंगाल विरोधी तक करार दे दिया। इस पर भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने ममता बनर्जी को भाषाई संघर्ष भड़काने के लिए, शायद राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत भी जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। वोट बैंक के लिए ममता बनर्जी की तुष्टिकरण का ही परिणाम है कि मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई थी, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। केंद्रीय एजेंसियों और स्वायत्तशाषी संस्थाओं से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के टकराव की फेहरिस्त काफी लंबी है। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के डायमंड हार्बर में हुए रोड शो के दौरान पथराव और हमले में सुरक्षा चूक को लेकर पश्चिम बंगाल डीजीपी और चीफ़ सेक्रेटरी से जवाब तलब किया था। राज्य सरकार ने कोरोना का हवाला देकर दोनों अधिकारियों को भेजने से इंकार कर दिया। इससे पहले केंद्र ने जेपी नड्डा की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे तीन आईपीएस अधिकारियों को डेप्युटेशन पर भेजने का निर्देश दिया था। राज्य सरकार ने कहा था कि पश्चिम बंगाल में पहले से ही आईपीएस अधिकारियों की संख्या काफी कम है। ऐसे में तीन अधिकारियों को डेप्युटेशन पर भेजना संभव नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अम्फान तूफान प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के दौरान प्रोटोकाल की परवाह किए बगैर ममता बनर्जी बैठक में शामिल नहीं हुई। देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब सबसे बड़ी जांच एजेंसी के पांच अधिकारियों को राज्य की पुलिस ने हिरासत में ले लिया गया। शारदा चिट फंड घोटाले की जांच कर रही सीबीआइ टीम कोलकाता पुलिस कमिश्नर राजीव कुमार के घर पहुंची। पुलिस कमिश्नर के घर पर तैनात गार्ड ने सीबीआइ टीम को अंदर आने से रोक दिया। पुलिस सीबीआइ के रिजनल दफ्तर पहुंची। पुलिस ने सीबीआइ के पांच अधिकारियों को हिरासत में भी ले लिया। सीबीआइ की कार्रवाई के विरोध में ममता बनर्जी मेट्रो चैनल के पास धरने पर बैठ गईं।

बॉलीवुड समाचार

## शेरा के पिता की प्रेयर मीट में पहुंचे बॉबी देओल

### पहुंचते ही गले लगाया, सलमान खान की बहन और मन्नारा समेत कई सेलेब्स ने पहुंचकर दी श्रद्धांजलि



सलमान खान के बॉडीगार्ड शेरा के पिता सुंदर सिंह जॉली का 6 अगस्त को निधन हो गया है। आज मुंबई के गुरुद्वारे में उनकी प्रेयर मीट रखी गई है, जिसमें फिल्म इंडस्ट्री से कई सेलेब्स उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे हैं। सुंदर सिंह का 88 साल की उम्र में कैंसर से बुधवार को निधन हुआ। वहीं उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को ओशिवारा शवदाह गृह में हुआ। गुरुवार को ही शेरा ने सोशल मीडिया पर पिता के निधन की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, मेरे पिता श्री सुंदर सिंह जॉली आज स्वर्गवासी हो गए। सलमान खान भी बॉडीगार्ड शेरा के पिता के अंतिम संस्कार के बाद उनसे मिलने पहुंचे थे। उन्होंने आते ही शेरा को गले लगा लिया था।

### 30 सालों से सलमान खान के साथ काम कर रहे हैं शेरा

शेरा 1995 से सलमान के पर्सनल बॉडीगार्ड और हेड ऑफ सिक्योरिटी हैं। इसके अलावा वह अपनी सिक्योरिटी कंपनी टाइगर सिक्योरिटी भी चलाते हैं, जो कई सेलिब्रिटीज को सुरक्षा देती है। 2017 में मुंबई में जस्टिन बीबर के कॉन्सर्ट के दौरान उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी शेरा के पास थी। शेरा पहले बॉडी बिल्डर थे। उन्होंने 1987 में बॉडी बिल्डिंग में मुंबई जूनियर का खिताब जीता था। 1988 में मिस्टर महाराष्ट्र जूनियर में रनर-अप रहे। 1990 के शुरुआती दशक में उन्होंने बॉडीगार्ड का काम शुरू किया और फिर सलमान के साथ जुड़े।

## जैस्मिन भसीन के साथ हुआ था कास्टिंग काउच : बोलीं- ऑडिशन के बहाने बुलाकर होटल रूम में बंद किया, गलत तरह से छूने की कोशिश की

बिग बॉस 14 में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन ने हाल ही में कास्टिंग काउच से जुड़ा अनुभव शेयर किया। उन्होंने बताया कि एक निर्देशक ने ऑडिशन के बहाने उन्हें गलत तरीके से छूने की कोशिश की। हालांकि, जैस्मिन ने स्थिति को समय रहते समझ लिया और वहां से बाहर निकल गईं। द हिमांशु मेहता शो में बातचीत के दौरान जैस्मिन ने कहा, मैं बॉम्बे ऑडिशन देने आई थी और जुहू के एक होटल में एक मीटिंग थी। जहां कई लड़कियां और एक्ट्रेसेज लॉबी में इंतजार कर रही थीं। साथ में कई कोऑर्डिनेटर भी मौजूद थे, तो वहां सब मीटिंग के लिए आए हुए थे। जब मैं उस मीटिंग रूम में गई, तो वहां एक आदमी शराब पीते हुए ऑडिशन की बातें कर रहा था, जिसे देखकर मैं डर गई। यहां तक कि कोऑर्डिनेटर भी कमरे से बाहर चला गया। शुरुआत में मैं बहुत घबरा गई थी। फिर उस आदमी ने मुझसे कहा कि तुम्हें यह सीन



परफॉर्म करना है। मैंने जवाब दिया था सर मैं सीन तैयार करके कल आऊंगी। लेकिन उसने जोर देकर कहा नहीं, अभी करना होगा। तो मैंने डर के मारे वो सीन कर दिया। जैस्मिन ने आगे कहा, उसने कहा नहीं ऐसे नहीं। असल में वो मुझे खड़ा करके एक सीन समझा रहा था, जैसे कि तुम्हारा प्रेमी जा रहा है, तुम्हें उसे रोकना है। मैंने वो सीन एक्ट किया। लेकिन उसने फिर कहा नहीं, ऐसे नहीं। इसके बाद उसने कमरा अंदर से बंद कर दिया। वो कुछ गलत हरकत करने की कोशिश कर रहा था। लेकिन फिर मैंने अपनी स्किल्स का इस्तेमाल किया और वहां से भाग गई। उस दिन के बाद से मैंने फैसला किया कि मैं आज के बाद अपनी जिंदगी में कभी कोई मीटिंग होटल के कमरे में नहीं करूंगी। जैस्मिन भसीन ने आगे कहा, मैं ये जरूर कहना चाहूंगी कि असली और फर्जी कास्टिंग कॉल्स में फर्क समझना बेहद जरूरी है। हर किसी को काम चाहिए होता है, और कभी-कभी इसी जल्दबाजी में हम गलत जगहों पर पहुंच जाते हैं। लेकिन जो लोग सच में कास्ट करना चाहते हैं, वे कभी भी कास्टिंग काउच का सहारा नहीं लेते।

## असित मोदी के घर पहुंचीं दयाबेन उर्फ दिशा वकानी : प्रोड्यूसर ने छुए पैर, रक्षाबंधन मनाया; 8 साल पहले छोड़ा था तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो

टेलीविजन के पॉपुलर कॉमेडी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा में दयाबेन का किरदार निभाकर देशभर में पॉपुलर हुई दिशा वकानी ने हाल ही में शो के प्रोड्यूसर से मुलाकात की है। उन्होंने रक्षाबंधन के खास मौके पर असित मोदी के घर पहुंचकर उन्हें राखी बांधी, जिसके बाद प्रोड्यूसर ने उनके पैर छुए। इस खास मौके पर दिशा वकानी की बेटियां भी मौजूद रहीं। प्रोड्यूसर असित मोदी ने दिशा वकानी के साथ रक्षाबंधन मनाते हुए एक वीडियो शेयर कर इमोशनल पोस्ट शेयर की है। उन्होंने लिखा है, कुछ रिश्ते किस्मत बुनती है, खून का नहीं, दिल का नाता होता है। दिशा वकानी सिर्फ हमारी 'दया भाभी' नहीं, बल्कि मेरी बहन हैं। सालों से हंसी, यादें और अपनापन बांटते हुए ये रिश्ता स्क्रीन से कहीं आगे बढ़ चुका है। इस राखी पर, वही अटूट भरोसा और वही गहरा अपनापन फिर से महसूस हुआ। ये बंधन हमेशा यूं ही अपनी मिठास और मजबूती के साथ बना रहे। शेयर की गई वीडियो में देखा जा सकता है कि दिशा वकानी, असित मोदी और फिर उनकी पत्नी नीला को राखी बांधती हैं। इसके बाद असित और नीला, दिशा का आशीर्वाद लेते हैं।

### 8 साल पहले दयाबेन उर्फ दिशा वकानी ने छोड़ा था शो

बताते चलें कि दिशा वकानी ने साल 2017 में प्रेग्नेंसी के चलते मैटरनिटी लीव ली थी। हालांकि इसके बाद वो वापस लौटी ही नहीं। असित मोदी ने उन्हें शो में लाने की काफी कोशिशें कीं, लेकिन ये मुमकिन नहीं हो सका। पिछले 8 साल से शो बिना लीड एक्ट्रेस के ही चल रहा है। कई बार खबरें रहीं कि मेकर्स शो में नई दयाबेन लाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें रिप्लेस नहीं किया गया है। ये भी



बता दें कि दिशा वकानी के असल भाई मयूर वकानी आज भी शो में उनके ऑनस्क्रीन भाई सुंदर के रोल में नजर आ रहे हैं।

## लोचन प्रसाद पांडे महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 96 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण

# जन सुविधाओं का सतत विस्तार हमारी प्राथमिकता-सीएम साय

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत सारंगढ़ के शासकीय लोचन प्रसाद पांडे महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 96 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और 90 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन कर जिले को 186 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने जिले में विभिन्न जनसुविधाओं के विस्तार के लिए 13.40 करोड़ रुपये के विभिन्न कार्यों की घोषणा मंच से की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि सांसद के रूप में उन्होंने लंबे समय तक सारंगढ़ की सेवा की है और अब प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ को विकास पथ आर अग्रसर करने के दायित्व को विगत डेढ़ वर्षों से पूर्ण लगन और समर्पण के साथ निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों को पूरा करने की दिशा में सरकार द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3,100 रुपये की दर से खरीदा जा रहा है। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है और तीव्र गति से हितग्राहियों के मकानों का निर्माण हो रहा है, जिसकी गति इतनी तेज है कि गांवों में राजमिस्त्री और सेंटरिंग प्लेट की भी कमी महसूस होने लगी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना से प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को आर्थिक संबल मिला है। हर माह मिलने वाली राशि से महिलाएं अपना खुद का व्यवसाय भी प्रारंभ कर रही हैं। सारंगढ़ जिले के दानसरा की माताओं और बहनों ने महतारी वंदन की राशि से अपने गांव में राम मंदिर निर्माण की पहल की है, जिसे आज पूरा प्रदेश जानता है। तेंदूपत्ता खरीदी के दाम बढ़ाए गए हैं। 5.62 लाख कृषि भूमिहीन मजदूरों को 10-10 हजार रुपये दिए जा रहे हैं। श्री रामलला दर्शन योजना से अब तक 22 हजार श्रद्धालु अयोध्याधाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन कर चुके हैं।ह्रह्यश ऋद्गुस्र – बीजापुर पुलिस लाइन में बड़ा हादसा- डीआरजी जवान सिलेंडर ब्लास्ट में झुलसा, मेकाज में भर्ती



राजस्व और जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार पिछले डेढ़ वर्षों में प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सभी जगह विकास कार्यों को गति देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में करोड़ों की विकास कार्यों की सौगात मिलने से यहां जनसुविधाओं में वृद्धि होगी। सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में विकास कार्यों और अधोसंरचना विस्तार के कार्य को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ पीएम आवास जैसे कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जा रहा है। जगदलपुर विधायक किरण देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी कार्यों को जमीन पर उतारने के साथ प्रदेश में विकास कार्यों को नई ऊंचाई देने का कार्य मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में निरंतर जारी है।सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले को 186 करोड़ की सौगात मिली है, जो जिले में अधोसंरचना विकास को मजबूती प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर भारत माता चौक से गढ़ चौक होते हुए कोसीर चौक तक गौरव पथ निर्माण हेतु 5 करोड़ रुपये, नगर पालिका सारंगढ़ में गार्डन निर्माण हेतु 1 करोड़ रुपये, सारंगढ़ में पी.जी. कॉलेज हेतु भवन निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपये, इंडोर स्टेडियम सारंगढ़ के जीर्णोद्धार हेतु 2.5 करोड़ रुपये, बालक छात्रावास सारंगढ़ के मरम्मत हेतु 1 करोड़ रुपये, नवीन जिला अस्पताल में मरीजों की सुविधा हेतु कक्ष निर्माण के लिए 40 लाख रुपये, बस स्टैंड सारंगढ़ में सुविधा विस्तार हेतु 50 लाख रुपये के विकास कार्यों की घोषणा की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## अपर आयुक्त,नोडल अधिकारी और कमिश्नर सहित सार्वजनिक शौचालय की स्वच्छता का किया निरीक्षण



**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मती मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष मती गायत्री सुनील चंद्राकर,आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम अपर आयुक्त स्वास्थ्य विनोद पाण्डेय ने स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान और जोन 8 जोन कमिश्नर मती राजेश्वरी पटेल सहित जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा की उपस्थिति में नगर निगम जोन क्रमांक 8 के अंतर्गत डॉक्टर ए. पी. जे. अब्दुल कलाम वार्ड क्रमांक 19 में जगरीन तालाब के किनारे सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालय की स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत दिशा - निर्देश का पालन करते हुए शौचालयों की स्वच्छता सतत मॉनिटरिंग कर बनाये रखने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश जोन 8 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी और स्वच्छता निरीक्षक को स्थल पर दिए.अपर आयुक्त स्वास्थ्य ने स्वच्छ भारत मिशन नोडल अधिकारी और जोन 8 कमिश्नर सहित वार्ड 19 में जगरीन तालाब के किनारे सामुदायिक, सार्वजनिक शौचालय की स्वच्छता का किया औचक निरीक्षण,दिए आवश्यक

## गुरु खुशवंत साहेब की पहल पर गिरौदपुरी धाम में श्रद्धालुओं को बड़ी सौगात

**गिरौदपुरी धाम/बलौदाबाजार/आरंग/ रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

मुख्यमंत्री ने दी 100 शौचालय, स्नानागार, घाट निर्माण व अन्य कार्य हेतु 2 करोड़ की स्वीकृति प्रदेश के आस्था के सबसे बड़े केंद्र गिरौदपुरी धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी ने 2 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण स्वीकृति प्रदान की है। यह



निर्णय आरंग विधायक, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त गुरु खुशवंत साहेब जी के विशेष मांग पर लिया गया। प्रत्येक वर्ष फाल्गुन मास में आयोजित तीन दिवसीय गुरु दर्शन मेले में प्रदेशभर से लाखों श्रद्धालु, साधु-संत और दर्शनार्थी सम्मिलित होते हैं। भीड़ की अधिकता के कारण लंबे समय से बेहतर स्वच्छता एवं सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसको प्राथमिकता में रखते हुए गुरु खुशवंत साहेब जी ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए मांग किया, जिस पर त्वरित स्वीकृति दी गई। स्वीकृत कार्यों में 100 नग शौचालयों का निर्माण, आधुनिक स्नानागार, जोंक नदी तट पर घाट निर्माण, पचरी निर्माण एवं अन्य विकास कार्य शामिल हैं। गुरु खुशवंत साहेब जी ने कहा-मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी का यह निर्णय श्रद्धालुओं के लिए बड़ी सौगात है। इससे मेले के दौरान स्वच्छता और सुविधा का स्तर बढ़ेगा तथा गिरौदपुरी धाम धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में और सशक्त रूप से स्थापित होगा। इन कार्यों के पूर्ण होने से श्रद्धालुओं को भारी राहत मिलेगी, मेले का अनुभव अधिक सहज और आनंददायक होगा, साथ ही धाम की आध्यात्मिक गरिमा को नई ऊँचाई प्राप्त होगी।

## अभियान चलाकर आठ दिनों में 471 आवारा पशुओं को गौठानों में भेजा

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

उच्च न्यायालय के आदेश के पालन में राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा - निर्देश के अनुरूप महापौर श्रीमती मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनो की टीमो द्वारा अभियान चलाकर जोन क्षेत्र के विभिन्न मुख्य मार्गों में गॉनिटरिंग करके सड़को पर आवारा पशुओ की धरपकड़ कर उन्हें गौठानो में काउकेचर वाहन से भेजे जाने की कार्यवाही प्रतिदिन निरंतर प्रगति पर है। अभियान के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा सभी 10 जोनों में दिन भर अभियान चलाकर राजधानी शहर रायपुर निगम क्षेत्र में विगत आठ दिनों में विभिन्न सड़क मार्गो से 471 आवारा पशुओं की धरपकड़ कर उन्हें गौठानों में भेजा गया है. यहां यह उल्लेखनीय है कि प्रतिदिन दिन भर चलाये जा रहे अभियान की सतत मॉनिटरिंग महापौर, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष, आयुक्त के निर्देश पर निगम अपर आयुक्त स्वास्थ्य श्री विनोद पाण्डेय और निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रीति सिंह द्वारा की जा रही है और सभी जोन कमिश्नरों ने जोन स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मिलकर आवारा पशुओं को काऊकैचर वाहनों की सहायता से गौठानों में भिजवाने की व्यवस्था दी जा रही है. अभियान निरंतर जारी रहेगा।




## एस.बी.एफ. परिचयात्मक ओरिएंटेशन प्रोग्राम मोहम्मद महबूब साहब एरिया कन्वीनर नियुक्त किए गए

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

10 अगस्त 2025 को सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर (SBF) रायपुर यूनिट ने अल फलाह टॉवर में एक परिचयात्मक ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया। इसका उद्देश्य नए सदस्यों को के मिशन, उद्देश्यों और कार्यप्रणाली से अवगत कराना था।



इस कार्यक्रम में स्क्चस्न के वालंटियर एवं शहर के बहुत से लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत शेख अरमुग़ानुल्लाह (को-कन्वीनर, स्क्चस्न छत्तीसगढ़) के संक्षिप्त भाषण से हुई, जिसका विषय था खिदमत-ए-खल्क़। उन्होंने कुरआन, हदीस और सहाबा के जीवन से उदाहरण देते हुए इंसानियत की सेवा के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जनाब सुहैब अख्तर साहब शहर अध्यक्ष जमाअत ए इस्लामी हिन्द शामिल रहे उन्होंने सभी वॉलिंटियर्स का हौसला बढ़ाया और स्क्चस्न के कामों की सहरना की और आगे के कामों में साथ देने की बात कही है । इसके बाद ब्र. शादाब अमजद (कन्वीनर, स्क्चस्न छत्तीसगढ़) ने एसबीएस द्वारा किए गए कार्यों एवं आने वाली कार्यप्रणाली के बारे में बताया उन्होंने बताया एसबीएफ किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा आने जैसे बाढ़, भूकंप, तूफान, अचानक बिल्डिंग गिर जाना, आग लग जाना ऐसे समय में स्क्चस्न के वॉलिंटियर उनकी मदद के लिए काम करते हैं साथ ही अंत में उन्होंने आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और एस बी एफ के साथ जुड़कर काम करने की अपील की और कार्यक्रम का औपचारिक समापन किया। अंत में, रायपुर के एरिया कन्वीनर के रूप में ब्र. महबूब की नियुक्ति की गई, जिसका सभी ने गर्मजोशी से स्वागत किया, और साथ ही स्क्चस्न के एक साला रिपोर्ट बुक का विमोचन किया गया। यह कार्यक्रम न केवल स्क्चस्न के विज़न को स्पष्ट करने में सहायक रहा, बल्कि स्थानीय यूनिट के बीच टीम भावना और प्रतिबद्धता को भी मजबूत किया।

## मिनीमाता का 53वीं पुण्यतिथि पर महापौर चौबे, सभापति राठौड़ अध्यक्ष अमर गिदवानी, गणमान्यजनों ने किया नमन

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद समाज सुधारिका ममतामयी माँ के रूप में सुविख्यात मिनीमाताजी का 53वीं पुण्यतिथि पर महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, राजस्व विभाग अध्यक्ष अवतार भारती बागल, विशिष्टजनों, गणमान्यजनों, आमजनों ने किया सादर नमन रायपुर- आज छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद समाज सुधारिका ममतामयी माँ के नाम से सु विख्यात मिनीमाताजी की 53वीं पुण्यतिथि पर उनकी राजधानी शहर के पुराना बस स्टैण्ड पंडरी में स्थित प्रतिमा के समक्ष उनका सादर नमन करने रखे गए गरिमामयी संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मती मीनल चौबे ने मिनीमाताजी का उनकी 53वीं पुण्यतिथि पर सादर नमन कर उन्हें



समस्त राजधानीवासियों की ओर से आदरांजलि दी. नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन क्रमांक 2 के सहयोग से रखे गए पुष्पांजलि आयोजन में छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद समाज सुधारिका ममतामयी माँ के रूप में सुविख्यात मिनीमाताजी का 53वीं पुण्यतिथि पर प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर प्रमुख रूप से रायपुर नगर पालिक निगम के सभापति सूर्यकान्त राठौड़, निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी, निगम राजस्व विभाग के अध्यक्ष अवतार भारती बागल, नगर निगम रायपुर के पूर्व पार्षद सुन्दरलाल जोगी, छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष के. पी. खांडे, छत्तीसगढ़ राज्य गुरू घासीदास शोध पीठ के पूर्व अध्यक्ष एवं नगर पालिक निगम रायपुर के सेवानिवृत्त अपर आयुक्त डॉक्टर जे. आर. सोनी, सेवानिवृत्त डीएफओ एच. एल. रात्रे, सामाजिक कार्यकर्त्ता सर्व सुन्दरलाल लहरे, एल. एल. कोसले, खेदु बंजारे, अंजोर दास बंजारे, बाबा डहरिया, सहित ,नगर निगम जोन 2 कार्यपालन अभियंता पी. डी. धृतलहरे, नगर के विशिष्टजनों, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों, आमजनों, नगर निगम रायपुर के अधिकारियों, कर्मचारियों ने सादर नमन किया.

### संत निरंकारी संगठन की सहभागिता से स्वच्छता जागरूकता हेतु अनेक गतिविधियों का आयोजन

## स्वतंत्रता दिवस स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) की पूर्व संध्या पर 01 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन को समर्पित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मंडल के रेलवे स्टेशन, कालोनियाँ एवं कार्यालयों में स्वच्छता को प्राथमिकता दी जा रही है। संत निरंकारी मंडल की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के भाइयों एवं बहनों ने रायपुर रेलवे स्टेशन में सफाई अभियान सुबह 7 से 9 बजे तक चलाया। इस अभियान को रेल मंडल के पदाधिकारियों मुख्य स्टेशन प्रबंधक मंडल जी,




मुख्य स्टेशन निरीक्षक, स्वास्थ निरीक्षक एवं कर्मचारियों के साथ संयुक्त रूप से किया गया इस स्वक्षता अभियान में संत निरंकारी मिशन की ब्रांच रायपुर के ज़ोनल इंचार्ज श्री गुरबख्श सिंह कालरा और सेवादल के क्षेत्रीय संचालक श्री अशोक पंजवानी ने अपनी सेवादल की टीम के साथ योगदान दिया। रेल प्रशासन की यह पहल यह दर्शाती है कि स्वच्छता केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि एक राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन है। यात्रियों से भी अपील की जाती है कि वे स्वच्छता अभियान में सहभागी बनें और रेलवे परिसर को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने में सहयोग करें।

## गहरी भावना का प्रतीक तिरंगे के प्रति उनके अटूट गौरव को दर्शाती है




**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

देशभक्ति की उस गहरी भावना का प्रतीक है जो भारत के लोगों को एकजुट करती है और तिरंगे के प्रति उनके अटूट गौरव को दर्शाती है।

इस उद्देश्य के परिपेक्ष में सुधा सोसाइटी फाउंडेशन ने आज शाम को हर घर तिरंगा कार्यक्रम ओपन स्कूल ,अमर सिवनी ,रायपुर में अपने बच्चों के साथ आयोजित किया । इस अवसर पर गेस्ट ऑफ ऑनर श्रीमती निर्मला चंद्रवंशी और लता गुप्ता ( सामाजिक कार्यकर्ता )उपस्थित हुए . संथा के चेयरमैन गोपाल कृष्ण भटनागर ने बताए कि हर घर तिरंगा हम सब को अपने घरों में तिरंगा फहराना कर अपनी आजादी के जश्न को मनाने का अवसर प्रदान करता है ।भारतीय राष्ट्रीय ध्वज सिर्फ़ एक प्रतीक नहीं, बल्कि हमारे सामूहिक गौरव और एकता का एक गहरा प्रतिनिधित्व करता है । सभी उपस्थित बच्चों ने बड़े उत्साह से तिरंगा के सम्मान में देश भक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए

सब को राष्ट्रीय ध्वज भी वितरण किया गया । एक क्विज कम्पटीशन भी आयोजित किया गया ।पैट्रियट्स सोंग्स गाओ कार्यक्रम का संचालन भटनागर जी ने किया

जिन बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया उन बच्चों को पुरस्कृत किया गया । श्रीमती निर्मला चंद्रवंशी और लता गुप्ता ने कार्यक्रम की भूरी प्रशंसा की । इस कार्यक्रम की तैयारी श्रीमति भारती और कुमारी आरना शर्मा, खुशी, ने की ।

### 06 परिवारों के 34 सदस्य सर्वेक्षण में वहाँ निवासरत् पाये गये

# डॉ. वर्णिका शर्मा की पहल बच्चों ही नहीं परिवारों को मिला उनका कानूनी हक

छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को दैनिक समाचार पत्र कांकेर पत्रिका तथा नवभारत में प्रकाशित समाचार एवं सृजन समिति उत्तर बस्तर कांकेर के मनीष जैन, भूपेन्द्र नाग, ईश्वर कावड़े, उत्तम जैन, गिरधर यादव के माध्यम से प्रस्तुत आवेदन से यह जानकारी प्राप्त हुई थी कि जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पिछड़े ग्राम रिसेवाड़ा में कुछ पारधी जन जाति के परिवार निवासरत् हैं, जो कि वोटर आई.डी. कार्ड से लेकर आधार कार्ड तक की समस्त वैधानिक सुविधाओं से वंचित हैं। आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा द्वारा प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेकर प्रकरण कमांक 1307/2025 आयोग में दर्ज किया गया एवं जिला कलेक्टर को तुरंत राजस्व, वन, पुलिस विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग का दल बनाकर इन परिवारों तक पहुँचकर उन्हें समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। जिला कलेक्टर ने तत्काल 05 सदस्यीय दल बनाकर कार्यवाही शुरू की। आयोग की अध्यक्ष के निर्देश पर जिले के द्वारा कृत सर्वेक्षण अनुसार ग्राम रिसेवाड़ा के पारधी जन जाति के 06 परिवारों के 34 सदस्य



सर्वेक्षण में वहाँ निवासरत् पाये गये, जिनमें से केवल एक परिवार को छोड़कर शेष के वोटर आई.डी., आयुष्मान कार्ड तथा राशनकार्ड आदि तैयार करवा दिये गये हैं। केवल एक परिवार के दस्तावेज पूरे होते ही उनके भी समस्त आवश्यक दस्तावेज बनवाये जा रहे है। आयोग ने यह पाया कि उक्त परिवार जिला मुख्यालय से मात्र 25 किलोमीटर की दूरी पर निवासरत् है एवं आरक्षित वन क्षेत्र में कोण्डागांव से आकर रह रहे थे। इसलिए आयोग ने अपनी कार्यवाही केवल यहीं पर खत्म नहीं की है बल्कि प्रकरण की अगली सुनवाई 11 सितम्बर 2025 को नियत कर सभी परिवारों को सभी सुविधाएं दिलाने की लिखित पुष्टि चाही है। इसी के साथ आयोग द्वारा वन विभाग संबंधित समस्त अफसरों को भी आयोग में आहुत किया है ताकि यह पता चल सके कि आरक्षित वन क्षेत्र में रहने वाले इन परिवारों को अभी तक वन विभाग द्वारा संज्ञान लेकर वैधानिक अधिकारों को दिलाने के लिए क्या पहल की गई? आयोग ने इस पूरी कार्यवाही को लगातार अनुश्रवण कर मात्र ढाई माह में पूर्ण करवाया है। आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा द्वारा इन परिवारों को विकास की मुख्यधारा से जोड़े जाने की पहल के साथ साथ पूरे प्रदेश में ऐसे परिवारों की पहचान कर संज्ञान लेने के लिए वन विभाग को पत्र लिखा जा रहा है।

## देवी अहिल्या बाई होल्कर की पुण्यतिथि 13 को मूर्ति स्थल में पुष्पांजलि आयोजन

**रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )**

रायपुर - नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से देवी अहिल्या बाई होल्कर की पुण्यतिथि 11 अगस्त 2025 को प्रात: 11 बजे राजधानी शहर रायपुर मे कैनाल लींकिंग रोड लोटस अस्पताल के सामने राजातालाब में स्थित उनके मूर्ति स्थल में उनका सादर नमन करने पुष्पांजलि आयोजन रखा गया है। पुष्पांजलि आयोजन हेतु रायपुर नगर पालिक निगम के सस्कृति विभाग की ओर से रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 के जोन कमिश्नर को कैनाल लींकिंग रोड लोटस अस्पताल के सामने राजातालाब में स्थित देवी अहिल्या बाई होल्कर के मूर्ति स्थल पर और आसपास के क्षेत्र में आवश्यक साफ-सफाई, पुष्प, पुष्पमाला, फूलों की पंखुडियां आदि के साथ-साथ अन्य सामान्य यथोचित व्यवस्था करवाने निर्देशित किया गया है।



# हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्र भक्ति का उत्सव - किरण देव

## भाजपा का हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान

**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वाधीनता दिवस के अवसर पर मोर तिरंगा मोर अभिमान हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान आगामी 10 अगस्त से आरंभ होगा। जिसमें भाजपा कार्यकर्ता आमजनों को जोड़ कर शहर से लेकर गाँव तक तिरंगा यात्रा निकालेंगे और घर घर में तिरंगा लगाने लोगों को प्रेरित करेंगे। प्रत्येक बूथ में 50 घरों में तिरंगा लगाने का लक्ष्य भाजपा ने निर्धारित किया है। भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान को लेकर आज शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव शामिल हुये। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्र भक्ति का उत्सव है। जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता कर्मठता के साथ अपना संपूर्ण योगदान सुनिश्चित करें। कार्यशाला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुये कहा कि राष्ट्र सबसे पहले है और यही भारतीय जनता पार्टी का ध्येय वाक्य है। हर



घर तिरंगा अभियान राष्ट्र भक्ति की भावना को और अधिक प्रबल करता है। राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत इस अभियान में सभी कार्यकर्ता सहभागिता निभायें और आमजनों को भी इस पुनीत अभियान में जोड़े, उन्हें प्रेरित करें।

कार्यक्रम के मुख्य वक्त व पूर्व कांकेर भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश लाटिया ने कहा कि भाजपा के इस अभियान में बूथवार पचास घरों में तिरंगा लगाने का दायित्व कार्यकर्ता निभायेंगे। ध्यान रखना है कि घर घर में तिरंगा ससम्मान लगाया जाये। तिरंगा यात्रा भी शहर से लेकर गाँव गाँव तक आयोजित होगी। जिसकी रुपरेखा तैयार कर 10 अगस्त से हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान का उत्साह के संग आरंभ करें।

कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री नरसिंह राव व आभार प्रदर्शन पूर्व जिला अध्यक्ष एवं तिरंगा यात्रा अभियान संयोजक रुप सिंह मण्डावी ने किया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, पूर्व विधायक डॉ. सुभाऊ कश्यप, बैदूराम कश्यप, सुधीर पाण्डेय, विद्या शरण तिवारी, महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन,योगेन्द्र पाण्डेय, रजनीश पाणिग्रही, आनंद मोहन मिश्रा,सफीरा साहू, अविनाश श्रीवास्तव,प्रकाश झा, पुरूषोत्तम जोशी, तरूण पाण्डेय, प्रवीण सांखला, सुखदेव मण्डावी, पीताम्बर कश्यप,महेंद्र सेठिया, हरी राम मण्डावी,मंगतु कश्यप, सुनील कुहरामी, देवी प्रसाद बेंजाम,सोमारू कश्यप, अश्विन सरडे, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी, सुरेश गुप्ता,अतुल सिम्हा, संजय चंद्राकर, शशि नाथ पाठक,सुधा मिश्रा, दशरथ गुप्ता, योगेश शुक्ला, गोदावरी साहू, आशा साहू, ललिता बघेल,निर्मल पाणिग्रही, त्रिवेणी रंधारी,राणा घोष, लक्ष्मण झा, बी जयराम,नरेन्द्र पाणिग्रही, प्रकाश रावल आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी शामिल रहे।

# भानपुरी मंडल में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए वनमंत्री केदार

**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**

नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के भानपुरी मंडल अंतर्गत करंदोला शक्ति केंद्र में आयोजित तिरंगा यात्रा में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ वनमंत्री केदार कश्यप सम्मिलित हुए। वनमंत्री केदार कश्यप ने इस दौरान लोगों से कहा कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक तिरंगे को अपने घरों, प्रतिष्ठानों और कार्यालयों पर फहराकर स्वतन्त्रता का पर्व मनाएं।

उन्होंने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश में राष्ट्र भक्ति का वतावरण निर्मित किया है। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य भी यही है। यह यात्रा हर व्यक्ति के मान सम्मान और देश के सम्मान से जोड़कर तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। भाजपा का दावा है कि तिरंगा यात्रा के जरिए लोगों में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना मजबूत होगी। जो हमें तिरंगा यात्रा के दौरान देखने को मिल रहा है।

भानपुरी मंडल में आयोजित तिरंगा यात्रा हर वर्ष कि भाँती इस वर्ष भी भव्य रूप में निकाला गया। यह यात्रा भानपुरी मंडल में करंदोला शक्ति केंद्र के अस्पताल चौक से मुख्य मार्ग होते हुए वनवासी कल्याण आश्रम तक निकाला गया। इस यात्रा में भाजपा कार्यकर्ता सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और क्षेत्रवासी



हर घर तिरंगा फहराने मंत्री केदार कश्यप ने क्षेत्रवासियों से किया आह्वाहन

शामिल हुए ।

इस तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से वनमंत्री केदार कश्यप जी सम्मिलित हुए साथ ही पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा रुपसिंह मंडावी, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण सांकला, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान, खितेश मौर्य भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सहित भाजपा कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# खोड़सानार पदेली हड़ेली मार्ग निर्माण कार्य के लिये मिली मंजूरी, क्षेत्रवासियों ने मंत्री कश्यप का जताया आभार

**कोंडागांव, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग ने मंत्री केदार कश्यप के प्रयासों से वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल जिला कोण्डागांव के खोड़सानार पदेली हड़ेली मार्ग लंबाई 5.975 किमी. पुल पुलिया सहित डामरीकरण निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करते हुए छह करोड़ सत्तासी लाख रूपये राशि जारी की है। इस प्रशासकीय स्वीकृति के लिये क्षेत्रवासियों ने वनमंत्री केदार कश्यप का आभार जताया है।भाजपा जिला अध्यक्ष कोंडागांव सेवक राम नेताम ने मंत्री केदार कश्यप का आभार जताते हुए कहा कि हमारी मांगो पर मंत्री केदार कश्यप के प्रयासों से मुहर लगी है। क्षेत्रवासियों और समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से उनका हृदय से आभार। सेवकराम नेताम ने कहा कि बीते दो वर्षों में कोंडागांव और बस्तर संभाग को जितनी सड़कों की स्वीकृति मिली उतना कोंग्रेस ने अपने पाँच साल में नहीं दिया। उन्होंने कहा कोंडागांव का सौभाग्य है कि यहाँ लगातार सड़कों



को लेकर स्वीकृति मिल रही है। सेवकराम नेताम ने कोंडागांव के खोडसानार हड़ेली मार्ग की स्वीकृति के लिये विष्णुदेव साय और मंत्री केदार कश्यप का आभार जताया है।

वहीँ पूर्व जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा ने वनमंत्री केदार कश्यप का आभार जताते हुए कहा कि नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के मर्दापाल ब्लॉक जिला कोंडागांव -खोडसानार हडेली मार्ग निर्माण को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी मांग मंत्री केदार कश्यप के समक्ष मांग रखे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विष्णुदेव साय सरकार और वनमंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में बस्तर लगातार आगे बढ़ रहा है। सेवकराम नेताम ने कहा कि बीते दो वर्षों में कोंडागांव और बस्तर संभाग को जितनी सड़कों की स्वीकृति मिली उतना कोंग्रेस ने अपने पाँच साल में नहीं दिया। उन्होंने कहा कोंडागांव का सौभाग्य है कि यहाँ लगातार सड़कों को लेकर स्वीकृति मिल रही है। सेवकराम नेताम ने कोंडागांव के खोडसानार हड़ेली मार्ग की स्वीकृति के लिये विष्णुदेव साय और मंत्री केदार कश्यप का आभार जताया है।वहीँ पूर्व जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा ने वनमंत्री केदार कश्यप का आभार जताते हुए कहा कि नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के मर्दापाल ब्लॉक जिला कोंडागांव -खोडसानार हडेली मार्ग निर्माण को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी मांग मंत्री केदार कश्यप के समक्ष मांग रखे थे।

# 'हर घर तिरंगा' के लिए भाजपा की कार्यशाला

## हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रभक्ति का पर्व है - दीपेश अरोरा

**कोंडागांव, प्रतिदिन राजधानी**

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कोंडागांव में 'हर घर तिरंगा' अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला आगामी स्वतंत्रता दिवस (13 से 15 अगस्त) के मद्देनज़र, प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने के लिए कार्य योजना और जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता 'तिरंगा यात्रा कार्यक्रम' की प्रदेश टोली के सदस्य एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दीपेश अरोरा रहे।

उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'मोर तिरंगा, मोर अभिमान' के तहत संचालित हर घर तिरंगा अभियान सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि यह राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने




कहा कि तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं बल्कि शौर्य, सम्मान और समर्पण की भावना का परिचायक है। यह अभियान हमें अपने राष्ट्रीय कर्तव्यों की स्मृति दिलाता है और हर नागरिक को इससे जुड़कर राष्ट्रभक्ति को सशक्त बनाना चाहिए। दीपेश अरोरा ने यह भी कहा कि तिरंगा लहराना केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक, संवैधानिक और नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने मंडलों और बूथों के माध्यम से गांव-गांव, घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करें और इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप दें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि हमारे देश की आज़ादी अनगिनत वीर सपूतों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। यह तिरंगा उसी संघर्ष और समर्पण की अमिट निशानी है। आज जब हम आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, तो हमारा दायित्व है कि हम इस तिरंगे को हर घर तक पहुंचाएं और लोगों को इसके गौरव से परिचित कराएं।उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर प्रत्येक पंचायत और मोहल्ले में संपर्क स्थापित करें और नागरिकों को अभियान से भावनात्मक रूप से जोड़ें। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सेवक राम नेताम, मनोज जैन, प्रवीर बदेशा, गोपाल दीक्षित, नरपति पटेल,जसकेतु उसेंडी,प्रशांत पात्र,तरुण साना,आकाश मेहता,दयाराम पटेल, भाजपा के सभी मंडलों के अध्यक्षा महामंत्री,भाजपा के विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी,महिला मोर्चा, युवा मोर्चा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सौर ऊर्जा से हेमलता का घर हुआ रोशन, बिजली बिल से मिली राहत

**धमतरी, प्रतिदिन राजधानी**

ऊर्जा संरक्षण और आत्मनिर्भरता की दिशा में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना धमतरी जिले के नागरिकों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। इस योजना ने न केवल लोगों को महंगे बिजली बिल से मुक्ति दिलाई है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दानिटोला वार्ड की निवासी श्रीमती हेमलता साहू इसका जीवंत उदाहरण हैं। श्रीमती हेमलता साहू ने इस योजना का लाभ उठाकर अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर पैनल संयंत्र स्थापित किया है। लगभग 2 लाख रुपये लागत वाले इस संयंत्र के लिए उन्हें केंद्र सरकार से 78 हजार रुपये और राज्य सरकार से 30 हजार रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई। इस आर्थिक सहयोग के कारण उन्हें प्रारंभिक निवेश में काफी राहत मिली।



हेमलता ने बताया कि सोलर पैनल लगाने से पहले उनका मासिक बिजली बिल 1500 से 2000 रुपये तक आता था, लेकिन अब उनका बिल पूरी तरह शून्य हो गया है। इतना ही नहीं, संयंत्र से उत्पन्न अतिरिक्त बिजली नेट मीटरिंग के माध्यम से ग्रिड में भी भेजी जा रही है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय की संभावना बनी हुई है।

उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के तहत बैंक से कम ब्याज दर (7 प्रतिशत) पर ऋण भी आसानी से उपलब्ध हो जाता है, जिससे आम उपभोक्ता भी बिना वित्तीय बोझ के सौर संयंत्र लगा सकता है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत उपभोक्ता अपनी छत पर सोलर संयंत्र स्थापित कर अतिरिक्त बिजली ग्रिड में आपूर्ति कर सकते हैं। योजना में संयंत्र की क्षमता के अनुसार 30 हजार से 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है। पंजीयन प्रक्रिया भी पूरी तरह ऑनलाइन है- 3. संयंत्र की स्थापना और सत्यापन के बाद सब्सिडी सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में भेज दी जाती है।

इस पहल ने न केवल घरों को आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन कम करने और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में भी अहम भूमिका निभाई है। सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली उत्पादन जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाता है, जिससे पर्यावरण प्रदूषण में कमी आती है।

# 22 को छत्तीसगढ़ के कर्मचारी अधिकारी रहेंगे हड़ताल पर, बैठक में बनी रणनीति

**कोंडागांव, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर प्रदेश के कर्मचारी अधिकारी 22 अगस्त को एक दिन की हड़ताल पर रहेंगे जिसकी तैयारी के लिए कोण्डागांव में फेडरेशन की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें संगठन की कसावट और प्रचार प्रसार के लिए जिले के टीम गठित कर पांचों विकास खंड माकड़ी, फरसगांव, केशकाल, बड़े राजपुर, कोण्डागांव में दौरा करेगा। 'मोदी की गारंटी लागू करो'आंदोलन के अंतर्गत 22 अगस्त 2025 को प्रस्तावित जिला स्तरीय कलम बंदङ्ककाम बंद आंदोलन में सामूहिक अवकाश रहेंगे विदित हो कि 16 जुलाई 2025 को पूरे प्रदेश के हजारों कर्मचारी-अधिकारियों ने च्मोदी की गारंटी लागू करोज्ज आंदोलन में एकजुटता के साथ भाग लेकर ऐतिहासिक प्रदर्शन



किया था यह प्रदर्शन राज्य सरकार से लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की माँग को लेकर किया गया था। 11 सूत्रीय मांगें हर कर्मचारी की आर्थिक-सामाजिक गरिमा से जुड़ी हैं, जिनमें शामिल हैं- केंद्र सरकार के समान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता लागू किया जाए। डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित की जाए। सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए।विभिन्न वर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाए। प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा 10 प्रतिशत सीलिंग में शिथिलीकरण की जाए। प्रदेश में कैशलेश सुविधा लागू की जाए। अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस की जाए। दैनिक,अनियमित,संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की ठोस नीति बने। सभी विभागों में समानता लाते हुए सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष की जावे। बैठक में मुख्य रूप से जिला संयोजक शिवराज सिंह ठाकुर,उप संयोजक निर्मल कुमार शार्दूल, सहसंयोजक लोकेश गायकवाड़ महामंत्री संजय सिंह ठाकुर, मिडिया प्रभारी रामदेव कौशिक, सचिव हीरा नेताम, रमेश सोनपिपरे, कमलेश वर्मा, बलराम निषाद,ललीत कोर्राम, मदनलाल राठौर, सतीश शोढ़ी,सुकमन नेताम, राजकुमार मण्डावी, चन्दुलाल देशमुख जहांगीर खान, अर्चना बैनर्जी (महिला प्रकोष्ठ जिला संयोजक) ,पूजा कुंवर डी एस पोटाई, तुलसी नेताम, अमरजीत निर्मलकर आदि उपस्थित रहे।

# पोदल उरस्कना वृक्षारोपण कार्यक्रम




**कोंडागांव, प्रतिदिन राजधानी**

बस्तर के आईजी सुंदरराज पी. के निर्देशानुसार बस्तर संभाग के सभी जिलों में 'पोदल उरस्कना' वृक्षारोपण कार्यक्रम 2025, 'एक पेड़ शहीदों के नाम' पर लगाकर मनाया जा रहा है। जिला कोंडागांव में भी 9 अगस्त को पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के द्वारा पुलिस लाइन में वृक्षारोपण कर 'पोदल उरस्कना'की शुरुवात की गई । इस दौरान अति पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल , पुलिस विभाग के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं जिले के अन्य अधिकारी कर्मचारीयो उपस्थित थे, जिनके द्वारा 'एक पेड़ शहीदों के नाम' पर लगाकर वृक्षारोपण किया गया। पुलिस अधीक्षक कोंडागांव के मार्गदर्शन एवं अति. पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में पोदल उरस्कना के तहत जिले के सभी कार्यालयों, थाना/ चौकी एवं पुलिस कैंपों में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान लगभग 1000 पौधे समस्त थाना/ चौकी/ कैंप में लगाया गया है।

# हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता थीम पर बड़े बचेली में 'कबाड़ से जुगाड़' कार्यक्रम

**बचेली/किरंदुल, प्रतिदिन राजधानी**

राज्य शासन के निर्देशानुसार 'हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता' अभियान के तहत बड़े बचेली नगर पालिका द्वारा स्वच्छता और रचनात्मकता को जोड़ते हुए विशेष कार्यक्रम 'कबाड़ से जुगाड़' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नगर स्थित एसएलआरएम सेंटर में आयोजित हुआ, जहां स्वच्छता कार्य में जुटी स्वच्छता दीदियों ने एकत्रित सूखे कचरे से आकर्षक और उपयोगी सजावटी वस्तुएं तैयार कीं। कचरे से तैयार इन वस्तुओं में सजावटी लाइट्स, घर की सजावट के सामान और उपयोगी घरेलू वस्तुएं शामिल थीं, जिन्हें देखकर यह साबित हुआ कि थोड़ी कल्पनाशीलता और मेहनत से बेकार समझी जाने वाली चीजों को भी खूबसूरत और काम की वस्तुओं में बदला जा सकता है।



स्वच्छता दीदियों ने इस मौके पर नगरवासियों से अपील की कि नगर को स्वच्छ रखने में सभी अपना योगदान दें, गीला और सूखा कचरा अलग-अलग दें, ताकि कचरे के बेहतर प्रबंधन और पुन-उपयोग को बढ़ावा मिल सके।यह कार्यक्रम न केवल स्वच्छता का संदेश लेकर आया, बल्कि यह भी दिखाया कि रचनात्मक सोच से पर्यावरण संरक्षण और संसाधनों के पुनर्चक्रण में बड़ा योगदान दिया जा सकता है।

# डिप्टी सीएम शर्मा ने की माँ दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना

**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**

बस्तर प्रभारी व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शनिवार की सुबह दंतेवाड़ा स्थित माँ दंतेश्वरी मंदिर पहुँचे। यहाँ पूजा पाठ करने के बाद सुकमा के लिए रवाना हो गए।अपने 3 दिवसीय प्रवास पर बस्तर आये उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा शनिवार की सुबह दंतेवाड़ा स्थित

## प्रदेश की खुशहाली की कामना

मां दंतेश्वरी मंदिर पहुँच माँ के दर्शन करने के साथ ही प्रदेश की खुशहाली की कामना करते हुए पूजा-अर्चना की।

वहीं उपमुख्यमंत्री का कहना था कि जल्द ही अब बस्तर से नक्सलवाद खत्म हो जाएगा, साथ ही मिशन 2026 के चलते जवानों को लगातार सफलता मिल रही है, इसके अलावा नक्सलियों के टॉप लीडर की मौत के बाद से लगातार नक्सलियों के द्वारा आत्मसमर्पण भी किया जा रहा है।



# टीम वर्ल्ड कप सूखा खत्म करने को तैयार : हरमनप्रीत

## विमेंस वर्ल्ड कप ट्रॉफी लॉन्च हुई, 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में टूर्नामेंट

मुंबई ।




भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि उनकी टीम अगले महीने से शुरू हो रही विमेंस वर्ल्ड कप में आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म करना चाहती है और पूरा भारत हमारे वर्ल्ड कप जीतने का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से हमें अपनी तैयारियों का अंदाजा लग जाएगा कि हम कहां खड़े हैं। हरमनप्रीत ने ये बातें सोमवार को 30 सितंबर से भारत में होने जा रहे विमेंस वनडे वर्ल्ड कप की ट्रॉफी लॉन्चिंग सेरेमनी में कहीं। इस मौके पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह, आईसीसी के चेयरमैन जय शाह और बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया भी मौजूद रहे। भारतीय महिला टीम ने कभी-भी वर्ल्ड कप नहीं जीत सकी है। टीम ने 2017 में फाइनल तक का सफर किया था, लेकिन इंग्लैंड से हारकर टीम रनरअप रही थी। 14 सितंबर से शुरू होगा ऑस्ट्रेलिया का भारत दौरा विमेंस वर्ल्ड कप शुरू होने से ठीक पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत का दौरा करेगा। 14 सितंबर से शुरू हो रहे इस दौरे में 3 वनडे मैच खेले जाएंगे। वर्ल्ड कप में भारत का पहला मैच विमेंस वर्ल्ड कप में भारत का पहला मैच 30 सितंबर को श्रीलंका के खिलाफ बेंगलुरु में खेला जाना तय हुआ है, लेकिन यह मैच शिफ्ट हो सकता है। कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन को इस मैच के आयोजन के लिए अभी तक कर्नाटक सरकार से मंजूरी नहीं मिली है।

# आज खेला जाएगा निर्णायक मुकाबला

## पाकिस्तान के खिलाफ इतिहास रचने के इरादे से उतरेंगी वेस्टइंडीज

नई दिल्ली ।

पाकिस्तान को तीसरे वनडे मुकाबले में सलमान आगा और मोहम्मद रिजवान से बल्लेबाजी में उम्मीदें होंगी, जबकि गेंदबाजी का जिम्मा शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के पर होगा। वहीं, वेस्टइंडीज की टीम कीसी कार्टी और शाई होप से बल्लेबाजी को मजबूती देने की उम्मीद करेगी, जबकि जेडन सील्स और रोस्टन चेज पाकिस्तान के बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।

वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के बीच त्रिनिदाद में वनडे सीरीज का तीसरा और निर्णायक मैच खेला जाना है। सीरीज का पहला मैच पांच विकेट से जीतने के बाद मेहमान टीम को अगले मुकाबले में डकवर्थ-लुईस नियम के तहत पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। सीरीज का दूसरा मैच बारिश से प्रभावित रहा, जिसमें पाकिस्तान ने 37 ओवरों में सात विकेट खोकर 171 रन बनाए। वेस्टइंडीज को डकवर्थ-लुईस नियम के तहत 35 ओवरों में 181 रन का टारगेट मिला, जिसे मेजबान टीम ने 10 गेंदें शेष रहते हासिल कर लिया। पाकिस्तान को तीसरे वनडे मुकाबले में सलमान आगा और मोहम्मद रिजवान से बल्लेबाजी में उम्मीदें होंगी, जबकि गेंदबाजी का जिम्मा शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के पर होगा। वहीं, वेस्टइंडीज की टीम कीसी कार्टी और शाई होप से बल्लेबाजी को मजबूती देने की उम्मीद करेगी, जबकि जेडन सील्स और रोस्टन चेज पाकिस्तान के बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं। पाकिस्तान ने साल 1975 से अब तक वेस्टइंडीज के खिलाफ 139 वनडे मैच खेले, जिसमें वेस्टइंडीज का पलड़ा भारी रहा है। पाकिस्तान की टीम अब तक 64 मैच जीत सकी है, जबकि वेस्टइंडीज के नाम 72 मुकाबले रहे। वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ छह साल से भी ज्यादा समय बाद वनडे मैच जीता है। इससे पहले मई 2019 में वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के विरुद्ध वनडे मैच सात विकेट से अपने नाम किया था।



वेस्टइंडीज की नजरें वनडे विश्व कप 2027 पर हैं। यह टीम साल 2023 में इस प्रमुख टूर्नामेंट में जगह बनाने से चूक गई थी। वेस्टइंडीज की टीम: ब्रैंडन किंग, इविन लुईस, कीसी कार्टी, शाई होप (कप्तान और विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोस्टन चेज, जस्टिन ग्रीव्स, गुडाकेश मोटी, शमर जोसेफ, जेडन सील्स, जेदिया ब्लेड्स, रोमारियो शेफर्ड, ज्वेल एंड्रयू, जोहान लेने और अमीर जंगू। पाकिस्तान की टीम: सईम अयूब, अब्दुल्ला शफीक, बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान (कप्तान और विकेटकीपर), सलमान आगा, हसन नवाज, हुसैन तलत, मोहम्मद नवाज, शाहीन अफरीदी, हसन अली, अबरार अहमद, फहीम अशरफ, नसीम शाह, सुफियान मुकीम, फखर जमान और मोहम्मद हारिस।

# वेस्टइंडीज ने दूसरे वनडे में पाकिस्तान को हराया

## सीरीज 1-1 की बराबरी पर, रोस्टन चेज ने नाबाद 49 रन बनाए, एक विकेट भी लिया



नई दिल्ली ।

वेस्टइंडीज ने दूसरे वनडे में पाकिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर पर पहुंच गई है। रविवार को त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए बारिश से बाधित इस मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बारिश के बाद मैच 37-37 ओवर का कर दिया गया। पाकिस्तान ने 37 ओवर में 7 विकेट खोकर 171 रन बनाए। वेस्टइंडीज को डीएलएस नियम के तहत 35 ओवर में 181 रनों का टारगेट मिला। टीम ने 33.2 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। रोस्टन चेज ने नाबाद 49 रन बनाए और एक विकेट भी लिया। चेज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अब सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला 12 अगस्त को इसी मैदान पर खेला जाएगा। पाकिस्तान के लिए कोई बड़ी पारी नहीं खेल सका पाकिस्तान की ओर से पहले विकेट के लिए सईम आयूब और अब्दुल्लाह शफीक ने 51 गेंद पर 37 रनों की साझेदारी की। टीम का पहला विकेट सईम के रूप में गिरा। सईम 31 गेंद पर 23 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बाबर आजम बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। पाकिस्तान के लिए हसन नवाज ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाए। हुसैन तलत ने 32 गेंद पर 31 रनों की तेज पारी खेली। वेस्टइंडीज के लिए जायडन सील्स ने 7 ओवर में 23 रन देकर 3 विकेट लिए। शमार जोसेफ, गुडाकेश मोती, रोस्टन चेज, जस्टिन ग्रीव्स और जेडियाह ब्लेड्स को 1-1 विकेट मिला। खराब शुरुआत के बाद जीता वेस्टइंडीज वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और चौथे ओवर तक दोनों सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग (1) और इविन लुईस (7) पवेलियन लौट गए। 7 ओवर के बैटिंग पावरप्ले में टीम ने सिर्फ 22 रन बनाए थे। हालांकि इसके बाद टीम के कप्तान शाई होप ने 35 गेंद पर 32 और शेरफेन रदरफोर्ड ने 33 गेंद पर 45 रन बनाए। रोस्टन चेज ने 47 गेंदों पर नाबाद 49 रनों की पारी खेली। उन्होंने जस्टीन ग्रीव्स के साथ मिलकर टीम को टारगेट तक पहुंचा दिया। ग्रीव्स और चेज में 72 गेंद पर 77 रनों की नाबाद साझेदारी हुई।

# लोकसभा में राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक और एंटी-डोपिंग संशोधन विधेयक पारित



नई दिल्ली।

भारी हंगामे के बीच केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा में राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक और राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग संशोधन विधेयक पारित कर दिए। इन दोनों विधेयकों को खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मौजूदा मानसून सत्र के दौरान सदन में पेश किया। इस दौरान सदन की अध्यक्षता भाजपा की निर्वाचित सांसद संध्या राय ने की। राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक का उद्देश्य देश के विभिन्न खेल प्रशासकों को विनियमित करना है, जबकि राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग संशोधन विधेयक विश्व एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा) के निर्देशानुसार राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग एजेंसी (नाडा) को अधिक संचालनात्मक स्वतंत्रता प्रदान करता है। इन विधेयकों का मकसद राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग (संशोधन) विधेयक, 2025 का उद्देश्य राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग अपील पैनल और राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग एजेंसी की संस्थागत और संचालनात्मक स्वतंत्रता को बढ़ाना है, ताकि उनके संचालन, जांच और प्रवर्तन संबंधी निर्णयों में स्वायत्तता सुनिश्चित हो सके। खेल मंत्री मांडविया ने लोकसभा में कहा, यह विधेयक स्वतंत्रता के बाद खेलों में सबसे बड़ा सुधार होगा। इस विधेयक के माध्यम से हम 'ग्राउंड टू ग्लोरी' के सपने को साकार करने की उम्मीद करते हैं। यह जवाबदेही और पेशेवराना ढांचे को मजबूत करेगा, महिलाओं को अधिक अवसर देगा और हमारे खिलाड़ियों के लिए न्याय सुनिश्चित करेगा।

### प्रियंका चतुर्वेदी का सवाल

# पाकिस्तान के धमकी देने के बावजूद भारत उसके साथ क्यों खेलता है क्रिकेट ?

नई दिल्ली ।

शिवसेना (यूटीबी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले क्रिकेट मैच को लेकर कड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ पाकिस्तान हमें लगातार धमकियां देता है, वहीं दूसरी ओर हम उनके साथ क्रिकेट खेलने को तैयार हो जाते हैं। यह दोहरी नीति क्यों अपनाई जाती है? क्या हम यह नहीं कह सकते कि अब पाकिस्तान के साथ कोई मैच नहीं होगा ? प्रियंका चतुर्वेदी ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर के उस बयान को खोखली धमकी बताया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर पाकिस्तान डूबेगा तो आधी दुनिया को भी ले डूबेगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ डराने की कोशिश है (Pakistan military threat), जिसमें कोई सच्चाई नहीं है। भारत की वायुसेना पहले ही दिखा चुकी है कि हम पाकिस्तान को जवाब देना जानते हैं। ऑपरेशन सिंदूर इसकी सबसे बड़ी मिसाल है।

**सरकार की चुप्पी पर उठाया सवाल :** प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि जब पाकिस्तान का आर्मी चीफ अमेरिका की धरती से भारत के खिलाफ परमाणु युद्ध की धमकी देता है, तो हम क्रिकेट खेलने की बात क्यों करते हैं? यह देश की जनता के साथ गलत है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी नीति स्पष्ट करनी चाहिए और पाकिस्तान के साथ सभी तरह के संबंधों पर पुनर्विचार करना चाहिए।

**चुनाव आयोग पर विपक्ष की चिंता :** चुनाव आयोग की ओर से इंडिया ब्लॉक के नेताओं को बैठक में बुलाए जाने को लेकर प्रियंका ने कहा कि यह मजबूरी में किया गया फैसला था। विपक्ष लगातार आम लोगों के वोटिंग अधिकारों के लिए आवाज उठा रहा है। लेकिन चुनाव आयोग और सरकार की मिलीभगत से लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है।

**राहुल गांधी के सवाल और हलफनामे की मांग :** उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जो सवाल उठाए हैं, वो बेहद जरूरी हैं। उन्होंने मीडिया में तथ्य भी रखे और चुनाव आयोग को सबूत भी दिए। इसके बावजूद अब उनसे हलफनामा मांगा जा रहा है। यह दिखाता है कि सरकार और आयोग विपक्ष की आवाज को दबाना चाहते हैं।

**स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी हटाने की मांग :** प्रियंका चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान का



स्वागत किया, जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह स्वास्थ्य बीमा से जीएसटी हटाए, ताकि आम लोगों को राहत मिले। शिक्षा और स्वास्थ्य किसी भी देश की नींव होते हैं, इन पर गंभीरता से काम होना चाहिए।

**क्या क्रिकेट जैसे खेल खेलने चाहिए :** बहरहाल प्रियंका चतुर्वेदी ने सवाल उठाया है कि जब पाकिस्तान हमें धमकाता है, तो क्या हमें उसके साथ क्या क्रिकेट जैसे खेल खेलने चाहिए ? उन्होंने सरकार से पाकिस्तान पर स्पष्ट नीति की मांग की है और साथ ही देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुरक्षित रखने की बात कही है।

# बार्सिलोना ने कोमो को 5-0 से हराकर जीती जोआन गैम्पर ट्रॉफी



बार्सिलोना।

मौजूदा स्पेनिश चैंपियन बार्सिलोना ने रविवार (स्थानीय समयानुसार) इटली की टीम कोमो को 5-0 से मात देकर अपने प्री-सीजन की तैयारी पूरी की और जोआन गैम्पर ट्रॉफी अपने नाम की। इस मैच ने गोलकीपर मार्क-आंद्रे टेर स्टेगन और क्लब के बीच रिश्तों में आई तल्खी को भी कम करने का संकेत दिया। मैच में फरमिन लोपेज़ और लामिन यामाल ने दो-दो गोल दागे, जबकि ब्राज़ीली राफिन्हा ने पहला गोल किया। यह मुकाबला जोहान क्रूइफ़ स्टेडियम में खेला गया, क्योंकि कैम्प नोउ के आधुनिकीकरण का काम अभी जारी है। हांसी फ़्लिक की टीम ने लीग खिताब बचाने की तैयारी में जबरदस्त लय दिखाई। मैच से पहले टेर स्टेगन ने पारंपरिक कप्तानी संबोधन किया। हाल ही में उनकी पीठ की चोट को लेकर क्लब से विवाद सामने आया था, लेकिन 33 वर्षीय जर्मन गोलकीपर ने कहा, क्लब और मेरे बीच मुद्दा सुलझाना ज़रूरी था, अब आगे देखने का समय है।

हम सभी ट्रॉफियों के लिए फिर से लड़ेंगे और उम्मीद है आपकी मदद से सभी खिताब जीतेंगे। दो दिन पहले ही उन्हें कप्तानी वापस सौंपी गई थी।

# सिनसिनाटी ओपन में स्वियातेक को वॉकओवर, गॉफ ने शिन्यू को हराया



सिनसिनाटी।

विम्बलडन चैंपियन इगा स्वियातेक (पोलैंड) ने एटीपी-डब्ल्यूटीए सिनसिनाटी ओपन के चौथे दौर में जगह बना ली। उनके तीसरे दौर की प्रतिद्वंद्वी, 27वीं रैंकिंग की यूक्रेन की मार्टा कोस्ट्युक, दाहिनी कलाई की चोट के कारण टूर्नामेंट से हट गईं। 2017 की फ्रेंच ओपन विजेता येलेना ओस्तापेंको को भी वॉकओवर मिला, क्योंकि कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो पेट की चोट के चलते बाहर हो गईं। फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने चीन की वांग शिन्यू को 6-3, 6-2 से हराकर दूसरे दौर से आगे बढ़ने में सफलता पाई। 2023 में सिनसिनाटी का खिताब जीत चुकी गॉफ ने पहला सेट जीतने के लिए कड़ा संघर्ष किया, लेकिन दूसरे सेट में लय पकड़ते हुए 71 मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने मैच के बाद कहा, शुरुआत कठिन रही, लेकिन यह अपने आप पर और अभ्यास में किए गए काम पर भरोसा रखने का मामला था।

# एशिया कप के लिए हार्दिक का फिटनेस टेस्ट होगा

## सूर्या एनसीए में एक हफ्ते और रुकेंगे, 9 सितंबर से खेला जाएगा टूर्नामेंट

नई दिल्ली ।

एशिया कप 2025 से पहले भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की फिटनेस को लेकर अपडेट आया है। भारत के एशिया कप 2025 टीम के सिलेक्शन से पहले हार्दिक पांड्या 11 और 12 अगस्त को बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रूटीन फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे, जिसके आधार पर उनका मूल्यांकन किया जाएगा। पंड्या ने आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ (वनडे) खेला था। वहीं, सूर्या का अभी पूरी तरह फिट होना बाकी है। वे एनसीए में फीजियो और मेडिकल टीम की मौजूदगी में अभी एक हफ्ते और रुकेंगे, ताकि समय पर पूरी तरह फिट हो सकें। उन्होंने जून में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी। एशिया कप के लिए अभी



भारतीय टीम का ऐलान नहीं हुआ है। उससे पहले खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट किया जा रहा है। पिछले महीने श्रेयस अय्यर का किया गया था।

### सूर्यकुमार की जर्मनी में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई

सूर्या ने जून में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी। 34 साल के सूर्या ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा था, 'लाइफ अपडेट, पेट के निचले दाएं ओर स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हो गई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल ऑपरेशन के बाद अब मैं रिकवरी की राह पर हूं।' सूर्या ने आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ (टी-20) खेला था।

### भारत ने 8 बार जीता एशिया कप

एशिया कप की शुरुआत 1984 में हुई थी। अब तक 16 बार यह टूर्नामेंट खेला जा चुका है। भारत ने इसे सबसे ज्यादा 8 बार जीता। वहीं श्रीलंका ने 6 और पाकिस्तान ने 2 बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है।

### 9 सितंबर से शुरू होगा एशिया कप

एशिया कप 2025 यूएई में खेला जाएगा। टूर्नामेंट 9 सितंबर से शुरू होकर 28 सितंबर तक चलेगा। इसमें आठ टीमें हिस्सा लेंगी। भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्ग कॉन्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को यूएई, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा।

# डीपीएल : ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने रोमांचक मुकाबले में वेस्ट दिल्ली लायंस को 2 रन से हराया

नई दिल्ली ।

अरुण जेटली स्टेडियम में रविवार रात खेले गए दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) सीजन-2 के रोमांचक मुकाबले में ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने वेस्ट दिल्ली लायंस को आखिरी गेंद पर 2 रन से पराजित कर दिया। अर्पित राणा की बेहतरीन बल्लेबाजी और कप्तान अनुज रावत की शानदार रणनीति इस जीत के केंद्र में रही। 159 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्ट दिल्ली लायंस 20 ओवर में 7 विकेट पर 156 रन ही बना सके। टीम के लिए कृष्ण यादव ने 39 गेंदों पर 44 रन की धैर्यपूर्ण पारी खेली, जबकि अंकित कुमार ने मात्र 16 गेंदों पर 42 रन (2 चौके, 5 छक्के) की तूफानी पारी खेलकर मुकाबले को आखिरी ओवर तक पहुंचाया। हालांकि, ईस्ट दिल्ली के गेंदबाजों ने दबाव बनाए रखा। मयंक रावत ने 4 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट झटके, जबकि रौनक वाघेला ने 23 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। इस जीत के साथ ईस्ट दिल्ली राइडर्स अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई है। टीम के 6 मैचों में अब 9 अंक हो गए हैं। इससे पहले, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ईस्ट दिल्ली राइडर्स




ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 158 रन बनाए। टीम की शुरुआत खराब रही और पहला विकेट मात्र 10 रन पर गिरा, लेकिन अर्पित राणा ने 47 गेंदों पर 71 रन (7 चौके, 3 छक्के) और हार्दिक शर्मा ने 37 गेंदों पर 50 रन (2 चौके, 4 छक्के) बनाकर पारी को संभाला। दोनों के बीच 102 रनों की साझेदारी हुई, जो मैच की सबसे बड़ी पार्टनरशिप रही। अंतिम ओवरों में टीम लय खो बैठी, लेकिन रौनक वाघेला ने 6 गेंदों पर नाबाद 12 रन जोड़े।

# क्रिस्टल पैलेस ने लिवरपूल को पेनल्टी शूटआउट में हराकर जीता कम्युनिटी शील्ड का खिताब

लंदन।

लंदन के वेम्बली स्टेडियम में रविवार को खेले गए कम्युनिटी शील्ड मुकाबले में क्रिस्टल पैलेस ने प्रीमियर लीग चैम्पियन लिवरपूल को 3-2 से पेनल्टी शूटआउट में हराकर खिताब अपने नाम किया। निर्धारित समय में मैच 2-2 से ड्रॉ रहा। गोलकीपर डीन हेंडरसन ने एक बार फिर अपनी पेनल्टी बचाने की शानदार क्षमता दिखाई, जैसा उन्होंने एफए कप फाइनल में भी किया था। सब्स्टीट्यूट जस्टिन डेवेनी ने निर्णायक पेनल्टी गोल कर पैलेस को जीत दिलाई। लिवरपूल की ओर से मोहम्मद सालाह ने पहली पेनल्टी बार के ऊपर मार दी, जबकि हेंडरसन ने एलेक्सिस मैक एलिस्टर और हार्वे एलियट के शॉट रोक दिए। मैच की शुरुआत



में ही लिवरपूल ने बढ़त बनाई। चौथे मिनट में नए खिलाड़ी ह्यूगो एकीटीके ने फ्लोरियन विट्र्ज़ के साथ बेहतरीन तालमेल के बाद गोल किया। 17वें मिनट में वर्जिल वान डाइक के फाउल पर मिले पेनल्टी को जीन-फिलिप माटेटा ने गोल में बदलकर पैलेस को बराबरी दिलाई। 20वें मिनट में जेरमी फ्रिमपोंग ने लिवरपूल के लिए दूसरा गोल किया, जो क्रॉस की कोशिश के दौरान पोस्ट से टकराकर गोल में चला गया। इसके बाद एकीटीके ने दूसरे हाफ में लिवरपूल की बढ़त बढ़ाने के दो मौके गंवाए।

# सेंसेस 746 अंक चढ़कर 80,604 पर बंद

## निफ्टी में 222 अंक की उछाल, एनएसई के बैंकिंग, ऑटो और रियल्टी इंडेक्स 2% से ज्यादा चढ़े

नई दिल्ली।

पॉजिटिव ग्लोबल संकेतों, कच्चे तेल की कीमत में आई गिरावट और निवेशकों की निचले स्तर से की गई वैल्यू बाइंग के कारण घरेलू शेयर बाजार सोमवार को जबरदस्त प्रदर्शन करने के बाद मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। सोमवार को कारोबार की शुरुआत सपाट स्तर पर मामूली बढ़त के साथ हुई। शुरुआती कारोबार में बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक कुछ देर के लिए लाल निशान में भी गिर गए। हालांकि, पहले आधे घंटे के बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से बाजार की चाल में तेजी आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.93 प्रतिशत और निफ्टी 0.91 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए।



सोमवार को दिन भर के कारोबार के दौरान बीएसई के ज्यादातर सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। रियल्टी, पीएसयू बैंक और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में सोमवार को जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह आईटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, कैपिटल गुड्स, ऑयल एंड गैस, मेटल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर में सोमवार को बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी सोमवार को लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.79 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.35 प्रतिशत की तेजी के साथ सोमवार को कारोबार का अंत किया। सोमवार को शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 3 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन सोमवार को कारोबार के बाद बढ़ कर 444.02 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 440.63 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को सोमवार को कारोबार से करीब 3.39 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,337 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,248 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,916 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 173 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,752 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,486 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,256 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 27 शेयर बढ़त के साथ और 3 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 47 शेयर हरे निशान में और 3 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 27.57 अंक की मामूली बढ़त के साथ 79,885.36 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद कुछ देर तक लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान चलती रही, जिसके कारण सेंसेक्स 85.33 अंक की कमजोरी के साथ 79,772.46 अंक तक गिर गया। हालांकि, पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद ही खरीदारों ने चौतरफा लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक निचले स्तर से 863.59 अंक उछल कर 778.26 अंक की मजबूती के साथ 80,636.05 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 746.29 अंक की तेजी के साथ 80,604.08 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 8.20 अंक की सांकेतिक उछाल के साथ 24,371.50 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के कुछ देर बाद बिकवाली के दबाव की वजह से ये सूचकांक 15.85 अंक की कमजोरी के साथ 24,347.45 अंक तक गिर गया। इसके बाद बाजार पर पूरी तरह से खरीदारों का कब्जा हो गया।

लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से आज का कारोबार खत्म होने के आधा घंटा पहले ये सूचकांक निचले स्तर से 253.40 अंक उछल कर 237.55 अंक की बढ़त के साथ 24,600.85 अंक तक पहुंच गया। हालांकि, आखिरी वक्त में इंट्रा-डे सेटलमेंट के कारण हुई मामूली बिकवाली की वजह से निफ्टी ऊपरी स्तर से करीब 16 अंक टूट कर 221.75 अंक की मजबूती के साथ 24,585.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ। आज दिन भर हुई खरीद-बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अदानी एंटरप्राइजेज 4.83 प्रतिशत, टाटा मोटर्स 3.16 प्रतिशत, एटरनल 2.82 प्रतिशत, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 2.50 प्रतिशत और अपोलो हॉस्पिटल 2.46 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, हीरो मोटोकॉर्प 0.82 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स 0.20 प्रतिशत, भारती एयरटेल 0.09 प्रतिशत और मारुति सुजुकी 0.02 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## ज्योति ग्लोबल प्लास्ट ने निवेशकों को किया निराश कमजोर लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

नई दिल्ली।

प्लास्टिक मोल्डिंग सॉल्यूशंस मुहैया कराने वाली कंपनी ज्योति ग्लोबल प्लास्ट के शेयरों ने सोमवार को स्टॉक मार्केट में कमजोर एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 66 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। सोमवार को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 10 पैसे की मामूली गिरावट के साथ इसकी लिस्टिंग 65.90 रुपये के स्तर पर हुई। हालांकि लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो गई, जिसके कारण कुछ ही देर में कंपनी के शेयर फिसल कर 62.60 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 5.15 प्रतिशत का नुकसान हो गया।




ज्योति ग्लोबल प्लास्ट का 35.44 करोड़ रुपये का आईपीओ 4 से 6 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 8.45 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.86 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 14.70 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 9.54 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 28.51 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 10.50 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी नई मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी लगाने, सोलर पावर प्लांट लगाने, पुराने कर्ज का बोझ कम करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 2.32 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था।

इसके बाद अगले वित्त वर्ष 2023-24 में मुनाफा बढ़ कर 3.62 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 6.08 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

इस दौरान कंपनी की कुल आय 2 प्रतिशत से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 93.80 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गई।

## मामूली बढ़त के साथ लिस्ट होने के बाद पार्थ इलेक्ट्रिकल्स के शेयर पर लगा अपर सर्किट



नई दिल्ली।

इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी पार्थ इलेक्ट्रिकल्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मामूली बढ़त के साथ कारोबार की शुरुआत की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 170 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 2.35 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 174 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद इस शेयर में लगातार उतार चढ़ाव होता रहा। बिकवाली के दबाव में ये शेयर 169 रुपये तक गिर गया। हालांकि बाद में लिवाली शुरू हो जाने पर कंपनी के शेयर उछल कर 182.70 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के करोबार के बाद कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 7.47 प्रतिशत का मुनाफा हो गया। पार्थ इलेक्ट्रिकल्स का 49.72 करोड़ रुपये का आईपीओ 4 से 6 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 23.77 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 17.65 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 43.93 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 20.28 गुना सब्सक्राइब हुआ था। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी गुजरात में जीआईएस मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी और ओडिशा में एक अन्य प्लांट लगाने, शॉर्ट-टर्म लोन चुकाने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। वडोदरा स्थित इस कंपनी के क्लायंट्स में रिलायंस इंडस्ट्रीज, अदानी ग्रुप, टाटा पावर, आदित्य बिड़ला ग्रुप, बीएचईएल, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, लार्सन एंड टूब्रो, सीमेंस, जीएफएल और जिंदल स्टील एंड पावर जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

## सोना ऑल टाइम हाई से फिसला, 900 रुपये की गिरावट के साथ 102520 रुपये प्रति 10 ग्राम पर भाव

नई दिल्ली।

भू-राजनीतिक तनाव नरम पड़ने व स्टॉकिस्टों की ओर से बिकवाली का रुख अपनाने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने के भाव पांच दिन की तेजी के बाद ऑल टाइम हाई से नीचे आ गए। 10 ग्राम सोने का भाव 900 रुपये की गिरावट के साथ 1,02,520 रुपये पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 800 रुपये चढ़कर 1,03,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव पिछले सत्र में 1,03,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर था। यह सोमवार को 900 रुपये घटकर 1,02,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। शुक्रवार तक बीते पांच कारोबारी सत्रों में सोने की कीमतों में 5,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की वृद्धि हुई है। बाजारों के जानकारों के अनुसार, सोने का कारोबार कमजोर रुख के साथ शुरू हुआ।

## जून में निटी-50 की 40 कंपनियों में एफआईआई हिस्सेदारी घटी, 44 में डीआईआई ने बढ़ाया निवेश

नई दिल्ली।

विदेशी निवेशकों ने प्रमुख भारतीय कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी घटाई है। वहीं घरेलू निवेशक लगातार अपनी उपस्थिति बढ़ा रहे हैं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

### क्या कहते हैं आंकड़े?

रिपोर्ट के अनुसार, निफ्टी 50 इंडेक्स की 50 कंपनियों में से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने जून में लगभग 40 कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी कम कर दी। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 44 कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा दी है। इसमें कहा गया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में तिमाही-दर-तिमाही आधार पर देखें तो डीआईआई ने निफ्टी-50 की 34 कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई। वहीं एफआईआई ने 28 कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी कम की।




### डीआईआई स्वामित्व जून 2025 में सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा

कुल मिलाकर डीआईआई स्वामित्व जून 2025 में 19.4 प्रतिशत के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह 170 आधार अंकों की वार्षिक वृद्धि को दर्शाता है। वहीं एफआईआई स्वामित्व घटकर 18.8 प्रतिशत रह गया, यह 20 आधार अंकों की कमी को दर्शाता है।

### प्रमोटर्स होल्डिंग्स में आई बड़ी गिरावट

प्रमोटर्स होल्डिंग्स, जो आमतौर पर अतीत में स्थिर रही हैं। यह जून 2025 में 49.3 प्रतिशत के सर्वकालिक निम्न स्तर पर तेजी से गिर गईं। यह वर्ष दर वर्ष 170 आधार अंक और तिमाही दर तिमाही 20 आधार अंक कम है। रिपोर्ट के अनुसार, यह गिरावट वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के दौरान प्राथमिक बाजारों में आई तेजी के कारण हुई। इस दौरान उच्च मूल्यांकन और निवेशकों की मजबूत मांग ने कई प्रमोटरों को अपनी हिस्सेदारी बेचने के लिए प्रोत्साहित किया।

हालांकि, खुदरा हिस्सेदारी 12.4 प्रतिशत पर स्थिर रही, जिसमें साल-दर-साल मामूली 10 आधार अंकों की वृद्धि हुई और तिमाही-दर-तिमाही कोई बदलाव नहीं हुआ। इसमें यह भी बताया गया है कि प्राथमिक और द्वितीयक बाजारों में उछाल ने निजी कंपनियों में अधिक प्रमोटरों को अपनी हिस्सेदारी कम करने के लिए प्रोत्साहित किया। इससे निफ्टी 500 कंपनियों में प्रमोटर होल्डिंग जून 2025 में 46.9 प्रतिशत के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई। प्रमोटर होल्डिंग का मतलब है किसी कंपनी के शेयरों का वह प्रतिशत जो कंपनी के प्रमोटरों के पास होता है। प्रमोटर आमतौर पर कंपनी के संस्थापक, प्रमुख हितधारक या वरिष्ठ प्रबंधन होते हैं।

### निजी कंपनियों में एफआईआई और डीआईआई का प्रदर्शन

**आंकड़ों से पता चला कि जून में निजी कंपनियों में एफआईआई की हिस्सेदारी साल-दर-साल आधार पर 60 आधार अंक गिरी, लेकिन तिमाही-दर-तिमाही आधार पर इसमें 10 आधार अंक की मामूली वृद्धि देखी गई। यह जून 2025 में 20.2 प्रतिशत हो गई। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में एफआईआई की हिस्सेदारी तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 30 आधार अंक गिरकर 17.7 प्रतिशत हो गई, लेकिन साल-दर-साल आधार पर 120 आधार अंक अधिक रही।**

## एयर इंडिया की दिल्ली से वाशिंगटन की उड़ानें एक सितंबर से निलंबित

नई दिल्ली।

टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने 1 सितंबर से दिल्ली से वाशिंगटन के लिए अपनी सेवाएं निलंबित करने का ऐलान किया है। एयरलाइंस ने कहा कि वह कई परिचालन कारकों के कारण नई दिल्ली से वाशिंगटन के लिए अपनी उड़ानें निलंबित कर रही है। एयलाइंस ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा, एयर इंडिया ने राजधानी नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी के बीच अपनी सेवाओं को 1 सितंबर से निलंबित करने की घोषणा की है। कंपनी ने ये निर्णय परिचालन संबंधी विभिन्न कारकों के कारण लिया है, ताकि एयर इंडिया के समग्र मार्ग नेटवर्क की विश्वसनीयता और अखंडता सुनिश्चित की जा सके। कंपनी ने बताया कि ये निलंबन मुख्य रूप से एयर इंडिया के बेड़े में नियोजित कमी के कारण है, क्योंकि एयरलाइन ने पिछले माह अपने 26 बोइंग 787-8 विमानों का रेट्रोफिटिंग कार्य शुरू किया था। एयरलाइन ने कहा कि इस व्यापक रेट्रोफिट कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहक अनुभव को उल्लेखनीय रूप से बेहतर बनाना है।

## टेस्ला ने नई दिल्ली के एरोसिटी वर्ल्डमार्क 3 में अपना शोरूम खोला



नई दिल्ली।

अमेरिकी कारोबारी ऐलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला ने भारत में अपना दूसरा शोरूम खोल दिया है। कंपनी ने मुंबई के बाद अपने दूसरे शोरूम का सोमवार को नई दिल्ली में शुभारंभ किया है। ये नया टेस्ला एक्सपीरियंस सेंटर, एयरोसिटी वर्ल्डमार्क 3 बिल्डिंग में ग्राउंड फ्लोर पर स्थित है। कंपनी के मुताबिक एयरोसिटी वर्ल्डमार्क कॉम्प्लेक्स में टेस्ला का दूसरा शोरूम 8,200 स्क्वायर फीट में बना है, जो इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास है। टेस्ला का यह एक्सपीरियंस सेंटर एनसीआर के उपभोक्ताओं को सर्विस देगा।

नई दिल्ली का यह इलाका हाई-एंड बिजनेस और हॉस्पिटैलिटी हब है, जहां लग्जरी होटल्स, बड़ी कंपनियों के ऑफिस और हाई-प्रोफाइल रिटेल स्टोर्स मौजूद हैं। कंपनी ने इससे पहले 15 जुलाई को मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित मेकर मैक्सिको मॉल में अपना पहला भारतीय शोरूम खोला था।

## कमजोर लिस्टिंग के बाद संभले भदौरा इंडस्ट्रीज के शेयर पहले दिन आईपीओ निवेशकों को 2.86 प्रतिशत का मुनाफा

नई दिल्ली।

इंडस्ट्रियल केबल बनाने वाली कंपनी भदौरा इंडस्ट्रीज के शेयरों ने सोमवार को स्टॉक मार्केट में कमजोर शुरुआत की। हालांकि डिस्काउंट लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से कंपनी के शेयरों की स्थिति में सुधार होता हुआ नजर आ रहा है। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 103 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। सोमवार को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 2 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ इसकी लिस्टिंग 101 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण इसकी स्थिति में सुधार होने लगा। पूरे दिन का कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 105.95 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस तरह पहले दिन के कारोबार के बाद कंपनी के आईपीओ निवेशक 2.86 प्रतिशत के मामूली मुनाफे में रहे। भदौरा इंडस्ट्रीज का 55.62 करोड़ रुपये का आईपीओ 4 से 6 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 0.96 गुना ही सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 0.68 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.28 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 0.98 गुना सब्सक्राइब हुआ था। ये आईपीओ पूरी तरह से नए शेयरों का था, जिसके तहत कंपनी ने कुल 54 लाख नए शेयर जारी किए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी मध्य प्रदेश के खरगोन में एक नया मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी।



कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में इसका राजस्व सालाना आधार पर 33 प्रतिशत बढ़कर 110.69 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष कंपनी को कुल 83.27 करोड़ रुपये का राजस्व मिला था। कंपनी का शुद्ध मुनाफा इस दौरान दोगुना से भी ज़्यादा बढ़कर 10.79 करोड़ रुपये हो गया, जो इसके पिछले वित्त वर्ष में 4.96 करोड़ रुपये रहा था।

## जुलाई में इंविटी यूचुअल फंड निवेश 81प्रतिशत तक उछला, थीमैटिक और लेसी कैप फंड्स की बढ़ी मांग

मुंबई ।

इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में निवेश जुलाई 2025 के दौरान 81 प्रतिशत बढ़कर 42,702 करोड़ रुपये हो गया है। इसमें थीमैटिक और फ्लैक्सी कैप फंड्स का सबसे अधिक योगदान है। सोमावार को एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) द्वारा जारी आंकड़ों में इसकी जानकारी दी गई। आंकड़ों के अनुसार इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में जुलाई 2025 में 42,702 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। यह पिछले महीने 23,587 करोड़ रुपये के निवेश से काफी अधिक है। इक्विट फंड कैटेगरी में थीमैटिक फंड्स ने जुलाई में सबसे अधिक निवेश दर्ज किया है, जिसमें 9,426 करोड़ रुपये का निवेश हुआ।

**फ्लेक्सी कैप फंड और थीमैटिक फंड्स क्या है :** फ्लेक्सी कैप फंड ओपन-एंडेड इक्विटी म्यूचुअल फंड होते हैं जो किसी भी मार्केट कैप सेगमेंट, जैसे लार्ज-कैप, मिड-कैप या स्मॉल-कैप कंपनियों में निवेश करते हैं। ये फंड मैनेजरों को विभिन्न सेक्टरों और मार्केट कैप वाली किसी भी कंपनी के शेयरों में निवेश करने की सुविधा प्रदान करते हैं। थीमैटिक फंड्स, म्यूचुअल फंड्स का एक प्रकार है जो किसी खास थीम या ट्रेंड पर केंद्रित कंपनियों में निवेश करते हैं। ये फंड किसी विशिष्ट क्षेत्र, जैसे कि प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, या स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी कंपनियों को लक्षित करते हैं।

**भारतीय खुदरा निवेशक अब परिपक्व हो गए :** एलआईसी म्यूचुलअ फंड के एमडी और सीईओ रवि कुमार झा का कहना है कि म्यूचुलअ फंड के लगातार बढ़ते आंकड़े इसलिए महत्वपूर्ण हो जाते हैं क्योंकि इससे पता चलता है कि बाजार में पैसा आ रहा है और रिटेल निवेशकों का बाजार पर भरोसा बना हुआ है। एसआईपी फ्लो का बढ़ना इस बात को दर्शाता है कि निवेशक लॉन्ग टर्म प्लानिंग पर भरोसा कर रहे हैं।

**इक्विटी आधारित योजनाओं की शुद्ध बिक्री में हुई वृद्धि :** मोतीलाल ओसवाल के एसेट मैनेजमेंट के कार्यकारी निदेशक और मुख्य व्यवसाय अधिकारी अखिल चतुर्वेदी कहते हैं कि इक्विटी आधारित योजनाओं की शुद्ध बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि और लगभग 42,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। लार्ज कैप से लेकर फ्लेक्सी कैप और स्मॉल तक सभी कैटेगरी में 25 प्रतिशत से अधिक वृद्धि देखी गई है।

**वाहन पार्किंग, द्वितीय निविदा निरस्त सूचना**

जिला चिकित्सालय, पंडरी, रायपुर के दोनो भवनों (मातृ एवं शिशु चिकित्सालय, पुलिस लाइन टिकरापारा, रायपुर एवं जिला चिकित्सालय, पंडरी, रायपुर भवन) में वर्ष 2025-26 के लिए वाहन पार्किंग निविदा हेतु संयुक्त निविदा मुहरबंद लिफाफे में आमंत्रित की गई थी।

प्रकाशित क्रमांक जी-252601268/3 जो अपरिहार्य कारणो से निरस्त किया जाता है।

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय, रायपुर (छ.ग.)

G-252602725/4

Pratidinrajdhani.in

Daily Morning Newspaper & Webportal

E Paper Also Available

Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

दैनिक
प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार

आम ईश्तहार, खरीदी बिक्री,
नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस

संपर्क करें:
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )
62629 04444
ई-मेल : pratidincg@gmail.com
E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in

विज्ञापन एजेंसियां

**अतुल पब्लिसिटी**
हलवाई लेन, रायपुर, फोन 2223699, 2539578, 94252 11222

**एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन**
13 14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1,
रायपुर, मो. 99811-30300

**अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी**
समवेद शिखर कॉम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर
फोन :2224371, 2537569,94242-01700

**ए.एस. एसोसिएट्स**
प्रथम तल, आनंद भवन गुरुनानक चौक, रायपुर
मो. 93020-77741, 98271-62101

**माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस**
डॉ. नायडू कॉम्पलेक्स, जेल रोड, मेयीलॉन इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

**प्रयास एडवरटाइजर्स**
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य सांई प्लाजा, लेंड्रिकल हॉस्पिटल,
पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर,
रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंडरी शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

**राजेश पब्लिसिटी**
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

**सुमीत एडवरटाइजर्स**
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4031319, मो. 98261-61116, 98267-08989

**शिवम् पब्लिसिटी**
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-9329100268

**चित्रांश पब्लिसिटी**
24, प्रथम तल, विनेता कॉम्पलेक्स शास्त्री बाजार, रायपुर
मो. 94252 04920, फोन : 2234944, 2582595

**देव एड एजेंसी**
आशीर्वाद टॉवर, राज टॉकीज, रायपुर , फोन नं. 2587897
मो. 7987854705, 98268 77609

**खन्ना एडवरटाइजर्स**
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

**ए.के. एडवरटाइजर्स**
चिमन प्लाजा, लिबाज टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

**मीतनिशा एडवरटाइजिंग**
23, तीसरा माला रिंगो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने
लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

**अनिश एड.**
खादन हाउस के पास, शंकर नगर, रायपुर
मो. 93021-19222, 9303119222

**श्रीराम एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग रायपुर ब्रांच**
403 चौथी मंजिल मैग्नेटो, जीई रोड, रायपुर
फोन नं. 0771 4055015



# रतनपुर के महामाया मंदिर ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी बनी, आशीष सिंह फिर अध्यक्ष

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध सिद्ध शक्तिपीठ महामाया देवी मंदिर, रतनपुर ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से आशीष सिंह ठाकुर को एक बार फिर अध्यक्ष चुना गया। कार्यकाल 3 साल का होगा। नई टीम में सतीश शर्मा व मोती चंद जायसवाल उपाध्यक्ष, रितेश जूनेजा कोषाध्यक्ष और शैलेन्द्र जायसवाल सहसचिव बनाए गए। बैठक में ट्रस्ट के सभी सदस्य मौजूद रहे। अध्यक्ष चुने जाने के बाद आशीष सिंह ने कहा कि मां महामाया की सेवा और मंदिर के विकास के लिए पूरी टीम मिलकर काम करेगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की कॉरिडोर योजना के तहत मंदिर परिसर का कायाकल्प किया जाएगा। इसमें चौड़ा मार्ग, बेहतर लाइटिंग, आधुनिक शौचालय, पेयजल, पार्किंग और ठहरने की सुविधा बनाई जाएगी। ट्रस्ट जल्द ही मंदिर के पीछे एक बड़ा अंग्रेजी माध्यम स्कूल भी बनाएगा, जहां पहली से बारहवीं तक की पढ़ाई नाममात्र शुल्क में होगी। एक हजार बच्चों के पढ़ने की व्यवस्था होगी। इसकी टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। फिलहाल यहां संस्कृत विद्यालय भी संचालित है।

**मुख्य मार्ग की सड़क 80 फीट चौड़ी होगी, अंग्रेजी माध्यम कॉलेज के लिए टेंडर हुआ**

केंद्र के आवासन राज्य मंत्री तोखन साहू ने रतनपुर में कॉरिडोर निर्माण की घोषणा की है। राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम (एनबीसीसी) मंदिर परिसर का सर्वे कर डिजाइन तैयार कर रहा है। करीब 150 करोड़ के इस प्रोजेक्ट में मंदिर तक जाने वाला मार्ग 80 फीट चौड़ा किया जाएगा और रास्ते में

# कोरबा में 31, कटघोरा में 24 और मरवाही में दो हाथियों का जमावड़ा, फसलों-घरों को पहुंचा रहे नुकसान

**कोरबा, प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ के कोरबा, कटघोरा और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (जीपीएम) जिलों में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। खेतों में घुसकर हाथी धान की फसलें चौपट कर रहे हैं, कई घर तोड़ चुके हैं और पिछले दिनों हमलों में जानें भी गई हैं। हालात ये हैं कि किसान रातभर जागकर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं।

कोरबा जिले में इस वक्त कुल 83 हाथी अलग-अलग झुंड में घूम रहे हैं। अकेले कोरबा वन मंडल में 31 हाथी सक्रिय हैं। गेरांव इलाके में 7 हाथियों ने चार किसानों की फसलें बर्बाद कीं, जबकि करतला रेंज के 24 हाथियों ने कलगामार गांव में 16 किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। हाल ही में 1 अगस्त को बैगामार जंगल में करंट से एक हाथी की मौत हो गई थी, जिसके मामले में तीन ग्रामीण गिरफ्तार हुए। वन विभाग का कहना है कि कुछ किसान फसलों की सुरक्षा के लिए अवैध बिजली तार बिछा रहे हैं, जिससे खतरा और बढ़ रहा है।



**इसी महीने करंट से एक की ले ली गई थी जान, चार लोगों की मौत हो चुकी सरगुजा में**

कटघोरा वन मंडल में 52 हाथी घूम रहे हैं, जो इस वक्त सबसे ज्यादा प्रभावित इलाका है। एतमानगर रेंज में 40 हाथी दो झुंडों में बंटकर पाथा और गुरसिया जंगल में डेरा जमाए हैं। ये हाथी सड़क किनारे के खेतों में घुसकर धान की फसलें खा रहे हैं। इसके अलावा जटगा रेंज में 8 और केंदई रेंज में 3 हाथी देखे गए हैं। अब तक यहां 30 से ज्यादा किसानों की फसलें चौपट हो चुकी हैं। मरवाही वन मंडल से दो हाथी पसान रेंज पहुंचे और फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। 4 अगस्त को चार हाथियों के झुंड ने कई घर तोड़ डाले। पिछले सात दिनों में यहां 15 से 16 घरों और दर्जनों खेतों को नुकसान हुआ है। मध्य प्रदेश की सीमा से लौटे हाथियों ने कुम्हारी गांव में भी एक किसान का घर उजाड़ दिया।

इधर पिछले एक हफ्ते में सूरजपुर, बलरामपुर और कोरबा जिलों में हाथियों के हमले से चार लोगों की मौत हो चुकी है।

# आप कार्यकर्ता की मौत पर हंगामा

**जांजगीर-चांपा, प्रतिदिन राजधानी**

अकलतरा में 19 वर्षीय पूजा केवट की संदिग्ध मौत ने हंगामे का रूप ले लिया। परिजन और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता इसे हादसा मानने से इनकार कर दोबारा पोस्टमार्टम की मांग पर अड़ गए। करीब तीन घंटे चले विवाद के बाद तहसीलदार ने जांच का आश्वासन दिया, तब जाकर शव अंतिम संस्कार के लिए सौंपा गया। जानकारी के मुताबिक, बिल्हा निवासी पूजा केवट ने करीब एक साल पहले कल्याणपुर निवासी राहुल साहू से प्रेम विवाह किया था। इस राखी पर वह अपने पति और उनके रिश्तेदार प्रकाश साहू के साथ बाइक से बिलासपुर गई थी। पूजा ने वहां अपनी बहन से मुलाकात की, लेकिन माता-पिता के अंतरजातीय विवाह के खिलाफ होने के कारण मायके नहीं गई। रात करीब 12 बजे तीनों वापस अकलतरा लौट रहे थे, तभी राष्ट्रीय राजमार्ग-49 पर मुरलीडीह ओवरब्रिज के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। पूजा को सिर में गंभीर चोट आई और मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राहुल और प्रकाश को मामूली चोटें आईं। 10 अगस्त को पोस्टमार्टम के बाद शव ससुराल पक्ष को सौंपा गया, लेकिन मायके वालों ने आरोप लगाया कि पूजा की हत्या की गई है। उनका कहना था कि शरीर पर चोट के निशान हैं और पूजा अक्सर पति की प्रताड़ना की शिकायत में कार्यकर्ता मौके पर पहुंचकर नारेबाजी करने लगे और शव का अंतिम संस्कार मायके गांव कडार में करने पर अड़े रहे।



# प्राथमिक शाला बरदुली में प्लास्टर गिरने की घटना मौके पर पहुंचे जिला कलेक्टर एवं सीईओ

**मुंगेली, प्रतिदिन राजधानी**

मुंगेली विकासखंड के ग्राम बरदुली में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में छत का प्लास्टर गिरने से बच्चों के घायल होने की सूचना मिली। जानकारी मिलने पर तत्काल कलेक्टर कुन्दन कुमार और जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने मौजूद शिक्षकों से घटनाक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। प्रधान पाठक अखिलेश शर्मा ने बताया कि शाला भवन के छत का प्लास्टर गिरने से कक्षा तीसरी के साथ छात्र हिमांशु दिवाकर और अंशिका दिवाकर को सिर और हाथ में चोट आई। उनका प्राथमिक उपचार किया गया, अभी बच्चे ठीक हैं। जिला प्रशासन एवं स्वस्थ आमले की मौजूदगी में बच्चों का जिला



अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया। सी.एम.एच.ओ ने बताया कि कोई भी गंभीर स्थिति नहीं है बच्चे खतरे से बाहर है।कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को बच्चों का बेहतर इलाज करने एवं अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

घटना को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि जर्जर भवनों में किसी भी परिस्थिति में कक्षाओं का संचालन नहीं होना चाहिए। निर्देशों की अवहेलना करते हुए कक्षाओं का संचालन किया जाना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने विकासखंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बावरे, बी.आर.सी. सूर्यकांत उपाध्याय, संकुल समन्वयक शत्रुघ्न साहू और प्रधान पाठक अखिलेश शर्मा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी और डीएमसी समग्र शिक्षा को फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में कहीं भी इस प्रकार की घटना नहीं होनी चाहिए अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विद्यालय निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षा में मौजूद बच्चों से बातचीत की। विद्यालय में शिक्षण सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से पहाड़ पूछा और उन्हें चॉकलेट एवं बिस्किट प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

# दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने अनुकरणीय कदम

**मुंगेली, प्रतिदिन राजधानी**

दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड और समाज कल्याण विभाग के समन्वय से जिले में अनुकरणीय कदम उठाया गया है। इसी क्रम में लोरमी स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीनों विकासखण्डों में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से जिले में 297 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल और सुगम्य केन वितरित किया गया है। लोरमी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक



भोजराम पटेल, एसईसीएल के जीएम, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, जिपं उपाध्यक्ष मती शांति देवचरण भास्कर, जनपद पंचायत लोरमी अध्यक्ष मती वर्षा विक्रम सिंह, अन्य जनप्रतिनिधिगण और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# आरएसएस के आदेश पर सरकार ने रद्द कर दिया आदिवासी दिवस समारोह

## कोटा के सम्मेलन में शामिल हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल का आरोप

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के महासचिव भूपेश बघेल ने रविवार को कोटा में आयोजित आदिवासी सम्मेलन में राज्य सरकार और आरएसएस पर सीधा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ आदिवासी बहुल राज्य है और यहां आदिवासी मुख्यमंत्री भी हैं, फिर भी विश्व आदिवासी दिवस पर सरकार ने कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया।

बघेल ने दावा किया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पहले आदिवासी दिवस मनाने का प्रोटोकॉल जारी किया था, लेकिन संघ कार्यालय से आदेश आने के बाद सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए। उन्होंने कहा, 'यह चिंता की बात है कि आदिवासियों को मिले



अधिकारों का हनन हो रहा है, पेसा कानून का पालन नहीं हो रहा, वन अधिकार और पर्यावरण अधिनियम का उल्लंघन किया जा रहा है, और आदिवासियों का रोजगार छीना जा रहा है।' पूर्व मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि उनकी सरकार ने 2019 में विश्व आदिवासी दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था और हर साल इसका भव्य आयोजन होता था। उन्होंने कहा कि 2018 से 2023 तक उनकी सरकार ने जन-जंगल-जमीन और वनोपज के लिए कई बड़े फैसले लिए, जिनमें पेसा कानून लागू करना और 165 वनोपजों की खरीदी समर्थन मूल्य पर करना शामिल है। लेकिन, भाजपा की डबल इंजन सरकार ने ये योजनाएं बंद कर दीं।

कार्यक्रम में विधायक अटल श्रीवास्तव ने खनिज संपदा और जन-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए एकजुट होकर लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर सिंह मरकाम ने अपने पिता हीरा सिंह मरकाम को याद करते हुए कहा कि समान विचारधारा वाले दलों के साथ मिलकर संघर्ष करना होगा। उन्होंने वनाधिकार पट्टा और वनोपज खरीदी के लिए भी बघेल से सहयोग मांगा।

डीकेपी हाई स्कूल मैदान में आयोजित इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में भीड़ जुटी। मुख्य अतिथि और अन्य मेहमानों का आदिवासी परंपरा के अनुसार स्वागत किया गया और समाज के प्रतिभावान सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संचालन प्रभु जगत और राजू सिदार ने किया। आयोजन में कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित, जिला पंचायत और जनपद पंचायत के सदस्य, सरपंच संघ सहित कोटा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता शामिल हुए।

# देश की रक्षा में आदिवासी समाज का अतुलनीय योगदान-शिवरतन

**भाटापारा, प्रतिदिन राजधानी**

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी गोंड समाज खैरा चक द्वारा शनिवार को ग्राम मेकरी में विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने सभी को विश्वास आदिवासी दिवस एवं रक्षाबंधन की बधाई व शुभकामनाएं दी, और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं प्रकृति के संरक्षण में आदिवासी समाज की अतुलनीय भूमिका के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रकृति और संस्कृति की रक्षा के साथ-साथ देश की रक्षा में भी आदिवासी समाज का योगदान अतुलनीय है। हमारे जल,जंगल और जमीन की सुरक्षा एवं पर्यावरण के प्रति आदिवासी समाज के अटूट प्रेम की वजह से ही आज हमारे प्राकृतिक धरोहरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। प्रकृति के साथ-साथ हमारी धार्मिक परम्पराओं, आस्था के केन्द्रों, पौराणिक सभ्यताओं और आने वाली पीढ़ियों को भारत की



गौरवशाली धरोहरों से अवगत कराने के लिए आदिवासी समाज के अथक परिश्रम तथा योगदान को हम सभी नमन करते हैं। शिवरतन शर्मा ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की वीरता और भगवान बूढ़ादेव जी की कृपा से आदिवासी समाज की ऐतिहासिक उपलब्धियों, स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी तथा प्रकृति के प्रति उनकी आस्था से ही हमारे समृद्ध भारत की पुरातन संस्कृति जिवंत हो उठती है। भारत का अतीत, भारत का इतिहास, भारत का वर्तमान और भारत का भविष्य आदिवासी समाज के बिना पूरा नहीं होता। हमारी आजादी की लड़ाई का भी पग-पग, इतिहास का पन्ना-पन्ना आदिवासी समाज की वीरता से भरा पड़ा है।

उन्होंने आगे कहा कि आज छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज का हमारे सांस्कृतिक व पारंपरिक संस्कृति को सहेजने में बहुमूल्य योगदान है।वे देश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ ही प्राकृतिक धरोहर जल, जंगल और जमीन का संरक्षण करने का भी काम कर रहें हैं। यहां की परम्पराएं, रीति-रिवाज और संस्कृति अपने आप में खास है।देश का ऐसा कोई कोना नहीं होगा जहा छत्तीसगढ़ के हमारे आदिवासी भाइयों-बहनों के वैभव सम्पदा को नहीं जानता होगा।

शर्मा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार आदिवासियों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है, साथ ही हमारे छत्तीसगढ़ में भी आदिवासी समाज से आने वाले विष्णु देव साय प्रदेश के मुखिया के रूप में आदिवासी समाज के कल्याण हेतु कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर अमर मंडावी,बंशी लाल नेताम, रेवती राजेश पटेल, देवक साहू,लक्ष्मी नारायण शर्मा, सियाराम चक्रधारी, दुकालू ध्रुव, राम सिंह ध्रुव, गौकरण छेदइहा, राजपाल छेदइहा, सुखराम गुरूजी, हीराराम मरावी, मोहन पोर्ते,बुधराम मरावी, सेतराम मरावी, विष्णु मरावी, लखेश्वर नेताम, रविशंकर मरकाम, हरगोविंद नेताम, झूमुक नेताम, दयाराम नेताम सहित बड़ी संख्या में समाज वाले उपस्थित

# कात्रे व बापट की याद में चांपा स्टेशन पर लगाए गए स्मृति

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के चांपा रेलवे स्टेशन पर दो समाजसेवियों की याद में एक स्मृति शिलालेख स्थापित किया गया है। यह शिलालेख मुख्य स्टेशन प्रबंधक कार्यालय के सामने लगाया गया है। इसका उद्देश्य कर्मयोगी रेलकर्मी स्व. सदाशिव गोविंद कात्रे तथा पद्म सम्मानित स्व. दामोदर गणेश बापट के समाज सेवा से भरे जीवन को सम्मान देता है।




स्व. सदाशिव गोविंद कात्रे, एक रेलकर्मी थे। स्वयं कुष्ठ रोगी होने के बावजूद उन्होंने 1962 में भारतीय कुष्ठ निवारक संघ की स्थापना कर मानवता की सेवा का अद्भुत उदाहरण पेश किया। सामाजिक भेदभाव और मानसिक संघर्षों के बीच उन्होंने कुष्ठ रोगियों के पुनर्वास और सम्मान के लिए असाधारण काम किए। रेलवे की नौकरी निभाते हुए उन्होंने समाज सेवा को भी नई ऊंचाई दी। उनके योगदान को यादगार बनाने के लिए भारत सरकार ने कात्रेनगर डाकघर का नामकरण किया और 12 नवंबर 2024 को उनके सम्मान में विशेष डाक आवरण और विरूपण मुहर जारी की।

कात्रे की प्रेरणा से उनके साथी स्व. दामोदर गणेश बापट ने भी इस मिशन को आगे बढ़ाया। उन्होंने भारतीय कुष्ठ निवारक संघ को राष्ट्रीय पहचान दिलाई और 2018 में भारत सरकार ने उन्हें पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया।

यह स्मृति शिलालेख न सिर्फ इन दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए समाज सेवा और समर्पण की प्रेरणा भी है। चांपा रेलवे स्टेशन से लगभग 7 किलोमीटर दूर चांपा-बिर्रा मार्ग पर स्थित भारतीय कुष्ठ निवारक संघ आज भी सेवा का जीवंत प्रतीक है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ऐसे प्रेरणादायी कार्यों और समाज को जोड़ने वाली स्मृतियों को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



# उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर मनियारी जलाशय से छोड़ा गया पानी

**मुंगेली, प्रतिदिन राजधानी**

लोरमी विकासखंड के ग्राम खुड़िया में स्थित राजीव गांधी जलाशय (मनियारी) से 01 लाख 29 हजार एकड़ क्षेत्र में खरीफ फसलों के लिए पानी छोड़ा गया। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव के निर्देश पर यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को खरीफ फसलों की सिंचाई हेतु जल उपलब्ध होगा। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने जल वितरण व्यवस्था की निगरानी और किसानों तक समय पर जल पहुंचाने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि जिले के किसानों को बिना किसी बाधा के सिंचाई जल उपलब्ध हो।

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि खुड़िया जलाशय वर्तमान में प्रतिशत पानी भरा हुआ है और वेस्ट वियर के माध्यम से भी पानी निकल रहा है। पानी छोड़ने से सिंचाई के साथ ही ग्रामीणों को निस्तारी के लिए जल की सुविधा मिलेगी। साथ ही पशुपालन और विभिन्न कार्यों में भी राहत मिलेगी।

# स्वास्थ्य मंत्री ने पहले बताया सामान्य मृत्यु, फिर किया मुआवजे

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही प्रतिदिन राजधानी**

गौरेला ब्लॉक के साल्हेघोरी पंचायत के छिंदपानी गांव और आसपास डायरिया का प्रकोप फैलने से दो लोगों की मौत हो गई है और कई लोग बीमार हैं। मृतकों में छिंदपानी के रज्जू बैगा और पास के गांव गुम्माटोला के राय सिंह शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, छिंदपानी में कई दिनों से लोग उल्टी-दस्त की शिकायत से जूझ रहे हैं। रज्जू बैगा की मौत डायरिया से हो गई, जबकि उसका भाई प्यारे लाल बैगा अभी जिला अस्पताल में भर्ती है। दूसरी ओर, राय सिंह अपने दोस्तों के साथ छिंदपानी के पास एक मंदिर गया था। लौटते वक्त उसने गांव के पास एक कुएं का पानी पी लिया। इसके बाद वह और उसके साथी बीमार हो गए। इलाज के दौरान राय सिंह की भी मौत हो गई। गांव में बीमारी की वजह साफ पानी की कमी बताई जा रही है। ग्रामीण पहाड़ के नीचे बनी ठोड़ी से पानी लाते हैं, जिसमें गंदा पानी भी मिल जाता है। पीने के पानी के लिए टैंक की व्यवस्था की गई थी, लेकिन पिछले कई दिनों से वह खाली पड़ा है, जिससे लोग मजबूरी में वही गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। बीमारों का इलाज गौरेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल और गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में चल रहा है। आंगनबाड़ी को अस्थायी अस्पताल बना दिया गया है, जहां दरी-गद्दा बिछाकर मरीजों का इलाज हो रहा है। दवाइयों के साथ स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद हैं, लेकिन उचित सुविधा नहीं होने से लोगों को दिक्कत हो रही है। बारिश और कच्ची सड़कों में कीचड़, गड्ढे और पत्थरों की वजह से गांव तक पहुंचना भी मुश्किल है। शुरुआत में स्वास्थ्य मंत्री ने इन मौतों को सामान्य मौत बताया था, लेकिन बाद में विभागीय रिपोर्ट में डायरिया से मौत की पुष्टि हुई। इसके बाद मंत्री ने दोनों मृतकों के परिजनों को 25-25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया। मंत्री शुक्रवार को जिला अस्पताल भी पहुंचे और डॉक्टरों के साथ-साथ भर्ती मरीजों से भी मुलाकात की।



**गौरेला के वनांचल में दूषित पानी से डायरिया का कहर, दो मौतें, कई का इलाज जारी**

# ट्रम्प ने वॉशिंगटन सिटी को अपने कंट्रोल में लिया, नेशनल गार्ड तैनात

## कहा- राजधानी में हालात काबू से बाहर, जरूरत पड़ी तो सेना भी लगाएंगे

वॉशिंगटन डीसी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राजधानी वॉशिंगटन सिटी को अब संघीय सरकार (केंद्र सरकार) के कंट्रोल में लेने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि इसका मकसद राजधानी में बिगड़ी कानून व्यवस्था को फिर से पटरी पर लाना है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि उन्होंने राजधानी में डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया होम रूल एक्ट की धारा 740 लागू कर दी है। इसका मतलब है कि डीसी मेट्रोपॉलिटन पुलिस अब सीधे संघीय नियंत्रण में काम करेगी। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में कहा, हमारी राजधानी को हिंसक गिरोहों और अपराधियों ने घेर लिया है। हम नेशनल गार्ड की मदद से कानून और व्यवस्था बहाल करेंगे। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि राजधानी को अपराध मुक्त बनाने के लिए जरूरत पड़ी तो वे सेना को भी लगाएंगे। उन्होंने कहा कि रक्षा विभाग राजधानी में अपराध से निपटने के लिए रिजर्व फोर्स तैनात करने के लिए तैयार है, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि इसकी जरूरत होगी।

**ट्रम्प ने लॉस एंजिल्स में 5 हजार नेशनल गार्ड सैनिक तैनात किए थे :** ट्रम्प ने हाल ही में लॉस एंजिल्स में भी 5 हजार नेशनल गार्ड सैनिक तैनात किए थे, जिसका स्थानीय नेताओं ने विरोध किया था। वाशिंगटन में नेशनल गार्ड की तैनाती का अधिकार राष्ट्रपति के पास है, क्योंकि यह केंद्र शासित क्षेत्र है। पहले भी 2020 में पुलिस क्रूरता के खिलाफ प्रदर्शनों और 2021 में कैपिटल हमले के दौरान नेशनल गार्ड तैनात किए गए थे। इस बीच, सैन फ्रांसिस्को में एक मुकदमा शुरू हुआ है, जिसमें ट्रम्प प्रशासन पर बिना गवर्नर की अनुमति के नेशनल गार्ड और मरीन भेजने का आरोप है। अमेरिकी कानून सैन्य बलों को स्थानीय कानून व्यवस्था में सीधे शामिल होने से रोकता है। ट्रम्प का यह कदम डेमोक्रेटिक शहरों पर केंद्रीय नियंत्रण बढ़ाने की उनकी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

### ट्रम्प ने वॉशिंगटन डीसी में नया अफसर नियुक्त किया

ट्रम्प ने ड्रग इन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन के चीफ टेरी कोल को डीसी मेट्रोपॉलिटन पुलिस का चीफ बनाने का ऐलान किया है। फिलहाल यह एक अस्थायी पद है। ट्रम्प ने कोल की तारीफ करते हुए कहा कि वे देश के सबसे बेहतरीन अधिकारियों में से एक हैं। उन्होंने कोल को सख्ती से विभाग चलाने के लिए कहा है। अभी वॉशिंगटन डीसी की मेट्रोपॉलिटन पुलिस की प्रमुख एमिटिवस जॉनसन हैं। उन्होंने यह पद फरवरी 2024 में संभाला था। टेरी कोल को नए अस्थायी पद पर लाने के बावजूद, डीसी एमपीडी का नियमित और स्थायी पुलिस प्रमुख अभी भी एम्बी जॉनसन ही हैं।



### वाशिंगटन की मेयर बोली- शहर में अपराध नहीं बढ़ा

अमेरिका में ट्रम्प के इस कदम की आलोचना हो रही है। वाशिंगटन की मेयर म्यूरियल बोउजर ने कहा- शहर में अपराध में कोई बढ़ोतरी नहीं है। पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में हिंसक अपराध 35% कम हुआ और 2025 के पहले सात महीनों में 26% की कमी आई। कुल अपराध भी 7% घटा है। हालांकि, गोलीबारी चिंता का विषय है। 2023 में वाशिंगटन अमेरिका में गोलीबारी से होने वाली हत्याओं में तीसरे स्थान पर था।

### ट्रम्प ने 52 साल पुराने नियम का इस्तेमाल किया

राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा उन्होंने 1973 के होम रूल एक्ट का इस्तेमाल किया है। यह राष्ट्रपति को अधिकार देता है कि वह इमरजेंसी की हालत में 48 घंटे तक शहर की पुलिस का नियंत्रण ले सकते हैं। कानून के मुताबिक, अगर राष्ट्रपति वॉशिंगटन डीसी से जुड़े कानून बनाने वाली संसद की समितियों के अध्यक्ष और सदस्यों को इसकी जानकारी दे दें, तो पुलिस का नियंत्रण लंबे समय तक रखा जा सकता है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि ट्रम्प ने यह औपचारिक सूचना दी है या नहीं। नियम के मुताबिक अगर शहर पर कंट्रोल 30 दिनों से ज्यादा रखना हो, तो इसके लिए संसद में कानून पास कराना जरूरी होता है।

### अमेरिका की राजधानी से सभी बेघरों को हटाएंगे ट्रम्प

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वॉशिंगटन डीसी में बेघर लोगों को तुरंत राजधानी खाली करने का आदेश है। उन्होंने कहा कि यह फैसला अपराध की समस्या से निपटने के लिए लिया जा रहा है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर लिखा कि बेघर लोगों को 'तुरंत' राजधानी से बाहर जाना होगा। बेघरों को रहने की जगह दी जाएगी, लेकिन वह जगह राजधानी से काफी दूर होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अपराधियों को कहीं भेजने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उन्हें सीधे जेल में डाला जाएगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर तंबुओं और गंदगी की तस्वीरें शेयर करते हुए कहा कि अब 'मिस्टर नाइस गाय (नरमी बतरने)' का समय नहीं है। अब राजधानी वॉशिंगटन को वापस साफ और सुरक्षित बनाना होगा।

# यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पीएम मोदी से फोन पर बातचीत की

## कहा- भारत शांति प्रयासों का समर्थन कर रहा

नई दिल्ली।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को पीएम मोदी को फोन कर बातचीत की। जेलेंस्की ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा- मैंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ लंबी बातचीत की। हमने द्विपक्षीय सहयोग और वैश्विक कूटनीतिक पर विस्तार से चर्चा की। जेलेंस्की ने मोदी को यूक्रेन पर रूसी हमलों के बारे में बताया। उन्होंने कहा- मैंने उन्हें (पीएम मोदी को) हमारे ऊपर रूसी हमलों के बारे में बताया, खासकर कल जापोरिज्झिया में बस स्टेशन पर हुए हमले के बारे में, जहां रूस ने जानबूझकर एक शहर पर बमबारी की, जिसमें दर्जनों लोग घायल हुए। जेलेंस्की ने कहा कि- भारत हमारे शांति प्रयासों का समर्थन कर रहा है और इस बात पर सहमत है कि यूक्रेन से जुड़ा हर फैसला यूक्रेन की भागीदारी के साथ ही होना चाहिए।

### जेलेंस्की ने भारत को रूस से तेल खरीद कम करने को कहा

जेलेंस्की ने मोदी से रूस पर प्रतिबंध लगाने पर भी बात की और रूस के तेल निर्यात को सीमित करने को कहा। जिससे जंग को बढ़ाने की उसकी क्षमता कम हो सके। जेलेंस्की ने मोदी से सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान व्यक्तिगत मुलाकात करने की बात कही। साथ ही दोनों नेताओं ने एक-दूसरे के देशों की यात्राओं पर विचार करने का फैसला किया है।



### जेलेंस्की बोले- यूक्रेन का दूसरी बार बंटवारा नहीं होने देंगे

इस बातचीत से पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए कहा था कि रूस को किसी भी हाल में यूक्रेन का दूसरा बंटवारा करने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रूस के जमीन देकर नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण तरीके से जंग खत्म करके ही शांति आ सकती है। जेलेंस्की ने कहा, हम इस दूसरे बंटवारे की कोशिश को नाकाम करेंगे। हम रूस को जानते हैं। जहां दूसरा बंटवारा होगा, वहां तीसरा भी होगा। इसलिए हम अपनी पोजिशन पर डटे हैं। युद्ध का अंत शांति और मजबूत सुरक्षा ढांचे के साथ होना चाहिए। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 15 अगस्त को अलास्का में मिलने वाले हैं। इसमें जंग खत्म करन पर बात होनी है। ट्रम्प पहले कह चुके हैं कि जंग खत्म करने के लिए कुछ इलाकों की अदला-बदली करनी होगी।

# भारत बोला- परमाणु धमकी पाकिस्तान की आदत, हमें सुरक्षा करना आता है

## आसिम मुनीर ने कहा था- सिंधु पर बांध बना तो मिसाइल मारेंगे

टेक्सास।

भारत ने सोमवार को पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर की परमाणु धमकी का जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा- परमाणु हथियार की धमकी देना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। हमें अपनी सुरक्षा करना आता है। किसी मित्र देश की धरती से की गई ये टिप्पणी खेदजनक है। दुनिया देख सकती है कि ऐसे बयान कितने गैरजिम्मेदाराना हैं। ये बातें उस देश पर भी शक पैदा करती हैं, जहां परमाणु हथियारों का सुरक्षित होना तय नहीं है और सेना का आतंकियों से संबंध माना जाता है।

**मुनीर बोले- हमारे पास मिसाइलों की कमी नहीं :** दरअसल, मुनीर इस वक्त अमेरिका के दौरे पर हैं। द प्रिंट की रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि हम भारत में सिंधु नदी पर डैम बनने का इंतजार करेंगे, और भारत जब ऐसा कर लेगा तो फिर 10 मिसाइल मारकर उसे गिरा देंगे। मुनीर ने कहा कि सिंधु नदी भारत की फैमिली प्रॉपर्टी नहीं है, हमारे पास मिसाइलों की कमी नहीं है। आसिम मुनीर ने कहा था, भारत के सिंधु जल समझौता रद्द करने के फैसले से 25 करोड़ लोगों के लिए भुखमरी का खतरा पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा, हम एक परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं और अगर हमें लगता है कि हम डूब रहे हैं, तो हम आधी दुनिया को अपने साथ ले जाएंगे।



**दो महीने में दूसरी अमेरिका यात्रा :** आसिम मुनीर ने ये धमकी, टाम्पा के ग्रैंड हयात होटल में पाकिस्तान मूल के कारोबारी अदनान असद की तरफ से रखे गये एक डिनर कार्यक्रम में दी है, जिसमें करीब 120 पाकिस्तानी डायस्पोरा के सदस्य मौजूद थे। फील्ड मार्शल मुनीर अमेरिका की मध्य कमान के कमांडर जनरल माइकल कुरिल्ला के सेवानिवृत्ति समारोह में शामिल होने फ्लोरिडा आए थे। इस समारोह में इजराइल के रक्षा बलों का एक प्रतिनिधि भी मौजूद था। यह दो महीने में उनकी अमेरिका की दूसरी यात्रा है। इससे पहले वे 14 जून को वॉशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल हुए थे। इसके अलावा मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ व्हाइट हाउस में दो घंटे की लंच मीटिंग की थी। यह बैठक बंद कमरे में हुई थी। यह पहली बार था जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की।

**ट्रम्प को नोबेल पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया :** मुनीर ने भारत-अमेरिका के बीच हाल के टैरिफ तनाव पर मजाक उड़ाते हुए कहा कि पाकिस्तान को विश्व शक्तियों के बीच संतुलन बनाने की मास्टर-क्लास देनी चाहिए। मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को नोबेल पुरस्कार के लिए नामित किया, क्योंकि हम अच्छे काम की तारीफ करते हैं। पाकिस्तान सरकार ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 2026 के नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट किया था। पाकिस्तान का कहना है कि भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ट्रम्प की कूटनीतिक पहल और मध्यस्थता ने एक बड़े युद्ध को टालने में मदद की। पाकिस्तानी सरकार ने अपने ऑफिशियल स्टेटमेंट में कहा था कि ट्रम्प ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद दोनों से बात कर संघर्षविराम में अहम भूमिका निभाई। इससे दो न्यूक्लियर ताकत वाले देशों के बीच युद्ध की आशंका टल गई।

# कोलंबिया के राष्ट्रपति उम्मीदवार मिगुएल उरीबे की मौत

बोगोटा।

कोलंबिया के राष्ट्रपति उम्मीदवार मिगुएल उरीबे की सोमवार को मौत हो गई है। उरीबे को 7 जून को चुनाव प्रचार के दौरान 3 गोलियां मारी गई थी, जिनमें दो सिर में लगी। 39 साल के उरीबे ने पिछले साल अक्टूबर में 2026 के राष्ट्रपति चुनाव में उतरने की घोषणा की थी। उरीबे की पत्नी मारिया क्लाउडिया तराजोना ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि वह मुझे तुम्हारे बिना जीने का रास्ता दिखाए। रॉयटर्स के मुताबिक कोलंबियाई पुलिस ने जुलाई में इस मामले में पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया था, जिनमें एक 15 साल का नाबालिग भी शामिल है।

### उरीबे की हालत नाजुक बनी हुई थी

द गार्डियन के मुताबिक उरीबे की पहले फेज की सर्जरी पूरी हो गई थी, लेकिन उनकी हालत नाजुक बनी हुई थी। कोलंबिया में 2026 में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। मिगुएल उरीबे राष्ट्रपति पद के प्रमुख दावेदार माने जा रहे थे। 39 वर्षीय उरीबे विपक्षी सेंट्रो डेमोक्रेटिको कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्य थे।

### 34 साल पहले इसी शहर में उरीबे की पत्रकार मां मारी गई थीं

उरीबे कोलंबिया की मशहूर पत्रकार डायना टर्बे के बेटे हैं। डायना को 1991 में ड्रग माफिया पाब्लो एस्कोबार के मेडेलिन कार्टेल ने बोगोटा में अगवा कर लिया था। डायना उस दौर की एक बड़ी पत्रकार थीं, जो ड्रग तस्करी और संगठित अपराध के खिलाफ लगातार लिख रही थीं। बचाव अभियान के दौरान उनकी जान चली गई थी।

# समलैंगिक जोड़े को सरेआम 80 कोड़े मारने की सजा, इंडोनेशिया की शरिया अदालत का फैसला

जकार्ता।

इंडोनेशिया के रूढ़िवादी अकेह प्रांत में एक शरिया अदालत ने समलैंगिक जोड़े को सार्वजनिक तौर पर कोड़े मारने की सजा सुनाई। सजा के तहत दोनों पुरुषों को यौन कृत्य में शामिल होने के लिए 80-80 कोड़े मारे जाएंगे। अकेह में शरिया कानून लागू है और समलैंगिक संबंधों की इजाजत नहीं है। अकेह की इस्लामी धार्मिक पुलिस ने आरोपी जोड़े को यौन कृत्य करते हुए पकड़ा और अब शरिया अदालत ने दोनों को सजा सुनाई है। अकेह की राजधानी बांदा में स्थित इस्लामी शरिया अदालत ने बंद दरवाजों के पीछे सुनवाई की। अगर मामला व्याभिचार से जुड़ा है तो शरिया अदालत को अधिकार है कि वह सुनवाई में लोगों की पहुंच को सीमित कर सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 20 और 21 साल के दो पुरुषों को अप्रैल में गिरफ्तार किया गया था। दोनों बांदा के एक सार्वजनिक पार्क के शौचालय में साथ जाते देखे गए थे।

# चीन पर टैरिफ लगाना मुश्किल : अमेरिकी उपराष्ट्रपति

## राष्ट्रपति ट्रम्प अभी भी सोच रहे, यूएस-चीन टैरिफ डेडलाइन में सिर्फ 1 दिन बाकी

वॉशिंगटन डीसी।

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने चीन पर ज्यादा टैरिफ लगाने के सवाल पर कहा कि ऐसा कदम उठाना ज्यादा मुश्किल और नुकसानदेह हो सकता है। फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में वेंस ने कहा कि चीन पर टैरिफ लगाने का विचार चल रहा है, लेकिन अभी कोई पक्का फैसला नहीं हुआ है। वेंस ने कहा कि चीन के साथ रिश्ते सिर्फ तेल के मुद्दे तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कई और मामलों को प्रभावित करते हैं, इसीलिए मामला ज्यादा मुश्किल है। अमेरिका ने चीन पर फिलहाल 30% टैरिफ लगा रखा है। 12 अगस्त को इसकी समय सीमा खत्म हो रही है।



**चीन ने जुलाई में 83 हजार करोड़ का तेल खरीदा :** अमेरिकी उपराष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया है जब जुलाई में चीन ने रूस से 10 अरब डॉलर से ज्यादा का तेल खरीदा है। हालांकि इस साल अब तक की कुल खरीद 2024 की तुलना में 7.7% कम है। चीन ने रूस से तेल खरीदने के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि किसी भी देश के साथ आर्थिक और ऊर्जा सहयोग करना चीन का कानूनी अधिकार है। वह अपने राष्ट्रीय हितों के मुताबिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। ट्रम्प के वरिष्ठ सलाहकार पीटर नवारो ने इससे पहले कहा था कि चीन पर और ज्यादा टैरिफ लगाया जाएगा, इसकी संभावना कम है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा करने से अमेरिका को भी नुकसान हो सकता है।

**भारत पर अमेरिका ने एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया :** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पिछले सप्ताह रूस से तेल खरीदने की दलील देकर भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50% हो गया। एक्स्ट्रा टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। भारत ने इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसे गलत बताया। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसका तेल आयात पूरी तरह बाजार के हिसाब से तय होता है और यह उसके 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए जरूरी है। पिछले महीने ट्रम्प ने रूस पर भी 100% टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने जुलाई में कहा था कि अगर मॉस्को 50 दिन के भीतर यूक्रेन के साथ पीस डील नहीं करता है तो वह रूस पर 100% टैरिफ लगाएंगे। इसके अलावा रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर सेकेंडरी टैरिफ भी लगाएंगे। अमेरिका की सीनेट में एक ऐसा प्रस्ताव लंबित है जिसमें कहा गया है कि जो भी देश या कंपनियां रूस से तेल खरीदेंगी, उन पर 500% तक का भारी टैरिफ लगाया जाएगा। इसका मकसद रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाना है ताकि वह यूक्रेन युद्ध में नरमी दिखाए और अपने सबसे बड़े कमाई के जरिए यानी तेल को बेचने में मुश्किलों का सामना करे। इस प्रस्ताव को अब तक 100 में से 80 से ज्यादा सीनेटरों का समर्थन मिल चुका है।

# चीन बनाएगा शिनजियांग-तिब्बत रेल लिंक, वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास से गुजरेगा मार्ग, रिपोर्ट का दावा

बीजिंग।

चीन शिनजियांग प्रांत को तिब्बत से जोड़ने वाली एक महत्वाकांक्षी रेल लाइन बनाने जा रहा है, जिसका कुछ हिस्सा भारत के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब से गुजरेगा। इस रेल परियोजना पर काम इसी साल शुरू होने की उम्मीद है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बड़ी परियोजना के निर्माण और संचालन के लिए एक सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी बनाई गई है, जो होटन (शिनजियांग) से ल्हासा (तिब्बत) तक रेल लाइन बनाएगी। इस कंपनी का नाम शिनजियांग-तिब्बत रेलवे कंपनी (एक्सटीआरसी) है, जिसे 95 अरब युआन (करीब 13.2 अरब डॉलर) की पूंजी के साथ पंजीकृत किया गया है। यह कंपनी पूरी तरह से चीन की सरकारी रेलवे ग्रुप के स्वामित्व में है। हूबेई स्थित हुआयुआन सिक्योरिटीज के एक रिसर्च नोट में कहा गया कि इस परियोजना में 2035 तक ल्हासा को केंद्र मानकर 5,000 किलोमीटर का एक पहाड़ी रेल नेटवर्क तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

यह पूंजी शुरुआती निवेश को दर्शाती है, जबकि पूरी परियोजना की लागत इससे कहीं अधिक हो सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस रेल लाइन का कुछ हिस्सा चीन-भारत सीमा यानी एलएसी के पास से गुजरेगा, जिससे इसे रणनीतिक और रक्षा के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। यह इलाका चीन के बाकी हिस्सों की तुलना में अब भी बुनियादी ढांचे के मामले में पिछड़ा हुआ है।

# भारत का मजाक मत उड़ाओ, वो हमारा दोस्त, हमारे मुश्किल में उसने मदद की : श्रीलंकाई सांसद

जयवर्धनेपुरा कोट्टे।

श्रीलंका के सांसद हर्षा डी सिल्वा ने 50% टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत का समर्थन किया है। व्यापार मुद्दे पर भारत-अमेरिका में बढ़े तनाव पर बहस के दौरान श्रीलंका की संसद में हर्षा ने कहा कि हमारी सरकार भारत के साथ खड़े होने की बजाय मजाक कर रही है। हर्षा ने कहा- भारत का मजाक मत उड़ाओ। जब हम मुश्किल में थे, तब केवल भारत ने हमारी मदद की थी। अभी खेल खत्म नहीं हुआ है। भारत को उम्मीद थी कि टैरिफ 15त्न तक कम होगा, और हमें भी यही उम्मीद थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी बात दोहराते हुए लिखा, मैंने सरकार को भारत का मजाक उड़ाने के लिए लताड़ा। भारत हमारा सच्चा दोस्त है, जिसने हमारे सबसे कठिन समय में हमारा साथ दिया। हमें उनके संघर्ष का सम्मान करना चाहिए, न कि उसका मजाक उड़ाना चाहिए। भारत का साहस पूरे एशिया को प्रेरित करता है।

**आर्थिक संकट के समय भारत ने श्रीलंका की मदद की :** श्रीलंका 2022 में खराब आर्थिक संकट से जूझ रहा था। श्रीलंका के पास विदेशी मुद्रा खत्म हो गई थी, जिसके कारण वह जरूरी सामान जैसे ईंधन, दवाइयां, और खाना आयात नहीं कर पा रहा था। इस दौरान भारत ने श्रीलंका का साथ दिया था। भारत ने श्रीलंका को लगभग 5 अरब डॉलर की आर्थिक मदद दी, जिसमें 3.3 टन चिकित्सा सामग्री जैसे दवाइयां और जरूरी मेडिकल सामान शामिल थे। इसके अलावा, भारत ने 400 मिलियन डॉलर की मुद्रा स्वैप दी, ताकि श्रीलंका को तुरंत पैसे की कमी से राहत मिले। भारत ने 3.1 अरब डॉलर का कर्ज भी दिया, जिससे श्रीलंका खाना, ईंधन और दवाइयां जैसी जरूरी चीजें खरीद सका। साथ ही, भारत ने पेट्रोलियम, ट्रेन, बसें और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए अनुदान और सामान भी दिया।



**श्रीलंका पर 20% टैरिफ :** अमेरिका ने श्रीलंका के सामानों पर 20% टैरिफ लगाया है, जो 7 अगस्त 2025 से लागू हो गया है। पहले अप्रैल 2025 में 44% टैरिफ की घोषणा की गई थी, जिसे बाद में जुलाई में 30% और फिर 31 जुलाई 2025 को 20त्न तक कम कर दिया गया। यह कमी श्रीलंका की व्यापारिक वार्ताओं और अमेरिका के साथ व्यापार और सुरक्षा प्रतिबद्धताओं के बाद हुई। यह टैरिफ श्रीलंका के निर्यात, खासकर कपड़ा और रबर जैसे क्षेत्रों को प्रभावित करेगा, जो अमेरिका में सालाना करीब 3 अरब डॉलर का व्यापार करते हैं।

श्रीलंका के अलावा हर्षा डी सिल्वा अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने भी भारत पर ट्रम्प के 50% टैरिफ को गलत बताया था। बोल्टन ने 9 अगस्त को कहा था कि ट्रम्प की नीतियों से भारत, अमेरिका से दूर होता जा रहा है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना : छग के 1.41 लाख किसानों को 152.84 करोड़ का भुगतान

## मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री मोदी एवं केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान का जताया आभार

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**
प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत आज छत्तीसगढ़ के 1 लाख 41 हजार से अधिक किसानों के बैंक खातों में 152 करोड़ 84 लाख की राशि का सीधा अंतरण किया गया। यह राशि फसल हानि की भरपाई के साथ किसानों को आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान करेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में यह योजना किसानों के लिए सुरक्षा कवच बन गई है।




मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज देशभर में 30 लाख से अधिक किसानों को कुल 3,200 करोड़ से ज्यादा की बीमा दावा राशि का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि अन्नदाताओं की रक्षा और उनकी समृद्धि हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन और संकल्प से किसानों की समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा का द्वार खुला है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पूरी पारदर्शिता और तत्परता के साथ प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि राज्य के किसान आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त होने के साथ ही आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकें।

# डिजिटल तकनीक का उपयोग करें लेकिन उस पर निर्भरता से बचें - राज्यपाल डेका

## डिजिटल मानसिक स्वास्थ्य पर हुई कार्यशाला

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**
राज्यपाल रमेन डेका ने युवाओं का आव्हान किया है कि डिजिटल तकनीक का उपयोग नवाचार और रचनात्मकता के लिए करें लेकिन उस पर निर्भरता से बचें। उन्होंने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में सोमवार को डिजिटल मानसिक स्वास्थ्य विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि कोविड–19 के बाद डिजिटल माध्यम ने शिक्षा, कार्य और रिश्तों को आसान बनाया पर इससे तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याएं भी बढ़ी हैं। योग ध्यान और संतुलित जीवन अपनाकार ही मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत रखा जा सकता है।

कार्यशाला में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक शोधार्थी, सामाजिक संगठनों से जुड़े बुद्धिजीवी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। प्रतिभागियों ने डिजिटल युग में मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रखने के उपायो पर विचार विमर्श किया।

राज्यपाल श्री डेका ने कार्यशाला में कहा कि 21 सदी में हमारी जीवनशैली में बड़ा बदलाव आया लेकिन प्रकृति का स्वरूप आज भी वैसा ही है। सूर्य पूर्व में उगता है और पश्चिम में अस्त होता है। धरती अब भी हरियाली का चादर ओढ़ कर हमे जीवन देती है, परंतु बदलाव हमारी सभ्यता व दिनचर्या में हुआ है। सतत् विकास की कमी और बदलते परिवेश ने मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित किया है।





राज्यपाल ने कहा कि एकल परिवारों की बढ़ती प्रवृत्ति और परिवारजनों के बीच संवाद की कमी ने भी मानसिक स्वास्थ्य को कमजोर किया है। आज अधिकांश लोग मोबाईल और इंटरनेट में व्यस्त रहते है और आपसी संवाद व भावनात्मक जुड़ाव कम होता जा रहा है।

श्री डेका ने विद्यार्थियों से कहा कि मानसिक दबाव न हो इसके लिए वे अपनी क्षमता के अनुरूप अपने कैरियर का चुनाव करें और अनावश्यक प्रतिस्पर्धा से बचें। ओवरथिंकिंग और संदेह से दूर रह कर जीवन का आनंद लें। मनोवैज्ञानिक परामर्श लेने में संकोच न करें और अंतरात्मा की आवाज सुनकर अपने लिए सही रास्ते का चुनाव करें। उन्होंने कहा कि प्रार्थना, योग, ध्यान, प्राणायाम और सात्विक जीवन शैली भारतीय परंपरा में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के मूल आधार रहे हैं, यदि इन्हें दिनचर्या में शामिल किया जाए तो जीवन की कई चुनौतियों का समाधान स्वत: मिल सकता है।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में ख्याति प्राप्त मनोवैज्ञानिक और मानसिक शक्ति फाउंडेशन मुंबई के संस्थापक डॉ. अमरेश श्रीवास्तव ने अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का विषय नहीं है बल्कि समाज की चेतना और मानसिक शक्ति का भी प्रतीक है।

# न्यायमूर्ति रविन्द्र कुमार अग्रवाल होंगे छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**
न्यायमूर्ति रविन्द्र कुमार अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण किया। छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा द्वारा अपने न्यायालय कक्ष मे उन्हें शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के समस्त न्यायाधीशगण उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि विधि एवं विधायी कार्य विभाग नई दिल्ली द्वारा



07 अगस्त 2025 को न्यायमूर्ति रविन्द्र कुमार अग्रवाल को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किए जाने हेतु अधिसूचना जारी की गई है। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन. भारत, डिप्टी सॉलिसिटर जनरल रमाकान्त मिश्रा, अध्यक्ष उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ, उमाकांत चंदेल, वरिष्ठ अधिवक्तागण, उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# तिरंगा हमारी एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक : अरुण साव





**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**
उप मुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व में आज मुंगेली जिले के ग्राम डिंडौरी से ग्राम सेमरसल तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। स्थानीय रहवासियों ने बड़ी संख्या में इसमें भागीदारी की। पूरी यात्रा के दौरान हाथों में लहराते तिरंगे और देशभक्ति के नारों से गांव, रास्ते और गलियां देशप्रेम की भावना से सराबोर रहीं। नागरिकों में देशभक्ति की भावना विकसित करने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़ाने 15 अगस्त तक ''हर घर तिरंगा'' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत लोगों को स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।




उप मुख्यमंत्री श्री साव ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते हुए कहा कि तिरंगा हमारी एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। ''हर घर तिरंगा'' अभियान का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को यह संदेश देना है कि राष्ट्रीय ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि हमारे स्वाभिमान और बलिदान की पहचान है। उन्होंने सभी लोगों से ''हर घर तिरंगा'' अभियान को सफल बनाने की अपील की।

डिंडौरी से प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा गोंडखाम्ही, लोरमी, डिंडोल, विचारपुर, सुकली, नवागांव जैत, पैजननिया, कोतरी, मसनी, मसना, तेलिया पुराण और बटहा होते हुए सेमरसल में समाप्त हुई। इस दौरान रास्ते भर भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारे गूंजते रहे। हर गांव तिरंगे में रंग गया, जगह–जगह राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान हुआ और हर दिल में देश के प्रति गर्व व आदर की लहर उमड़ पड़ी। स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लोग बड़ी संख्या में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

# चरामेति फाउंडेशन ने डेस्क और बैंच देकर शुरू कराया स्मार्ट क्लास

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**
चरामेति फाउंडेशन द्वारा शिक्षा सेवा के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खो – खो पारा को डेस्क एवं बैंच के 10 सेट प्रदान कर पहली कक्षा के लिए स्मार्ट क्लास का शुभारंभ करवाया गया। फाउंडेशन के राजेंद्र ओझा ने बताया कि निजी शालाओं की तरह शासकीय शालाओं में भी बच्चों को शिक्षा का अच्छा वातावरण मिले इस उद्देश्य से जन सहयोग से डेस्क–बेंच प्रदान किए गए हैं। दानदाताओं ने कक्षा पहली के छात्रों के चेहरों की खुशी को उपलब्धि एवं अमूल्य बताया।

इसके पूर्व जून माह में ही समस्त छात्रों को वर्ष भर के लिए शिक्षा सामग्री प्रदान की गई थी। उपरोक्त कार्यक्रम एम. डी. बडगैयां, अरविंद कुमार, विपुल शाह, जीपी अखिलेश, नीलेश अग्रवाल, डॉ. मृणालिका ओझा एवं शालेय स्टाफ मनबोधी कुर्मी, मनहरण लाल कैवर्त, लोकेश साहू आदि की उपस्थिति एवं सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र कुमार मरकाम एवं आभार नीलकंठ वर्मा द्वारा व्यक्त किया गया।

# पुलिस के लिए जनता के मन में सम्मान और अपराधियों में भय होना चाहिए-उपमुख्यमंत्री शर्मा

## गृहमंत्री ने पूरी ताकत के साथ आपराधियों के विरुद्ध कठोरता से कार्रवाई के दिए निर्देश

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**
उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को सरगुजा कोर्डिनेशन सेंटर में सरगुजा रेंज अंतर्गत सभी पुलिस अधीक्षकों की उच्चस्तरीय बैठक ली। बैठक में उन्होंने कानून–व्यवस्था की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की और पुलिस तंत्र को अधिक प्रभावी, संवेदनशील और जवाबदेह बनाने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में श्री शर्मा ने स्पष्ट कहा कि कानून का राज स्थापित करना और अपराधियों के मन में भय पैदा करना पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। गंभीर अपराधों के मामलों में दोष सिद्धि की दर बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने सभी जिलों में मामलों की नियमित और वैज्ञानिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पुलिस अधीक्षक न केवल अपने कार्यालय में आने वाले लोगों से समय पर मिलें, बल्कि अधीनस्थ पुलिसकर्मियों से भी संवाद कर उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझें। उन्होंने पुलिस अधीक्षकों से कहा कि जिले के कॉलेज और स्कूलों का महीने में एक बार भ्रमण अवश्य करें और थानों में अनुशासन के लिए एसपी–एसएसपी और डीएसपी प्रत्येक सप्ताह परेड भी कराए। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह मनोज पिंगुवा, आईजी पीएचक्यू अजय यादव, आईजी सरगुजा दीपक झा सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अलावा



सरगुजा रेंज के बलरामपुर–रामानुजगंज, जशपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर, सूरजपुर, और सरगुजा जिले के पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बैठक में मानव तस्करी, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध, अवैध हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे गंभीर अपराधों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई पर जोर दिया गया। एनडीपीएस एक्ट के मामलों में एंड–टू–एंड इन्वेस्टिगेशन सुनिश्चित करने और दोषियों को कठोर सजा दिलाने की बात कही गई। अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने, चिटफंड कंपनियों के मामलों की गंभीरता से जांच करने और निवेशकों को धनवापसी की कार्यवाही तेज करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट की पहचान कर सुधारात्मक कदम उठाने, यातायात प्रबंधन को मजबूत बनाने और ट्रैफिक पुलिस की सक्रियता बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यातायात व्यवस्था में सुधार केवल पुलिस का नहीं बल्कि प्रशासन और समाज का साझा दायित्व है। उन्होंने सभी स्कूलों और कॉलेजों में ड्रग–फ्री कैंपस अभियान चलाने, छात्रों में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने और सामुदायिक पुलिसिंग के जरिए जनता और पुलिस के बीच भरोसे का रिश्ता मजबूत करने की आवश्यकता बताई।

उपमुख्यमंत्री ने साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए विशेष प्रशिक्षण, बीट प्रणाली की नियमित समीक्षा और 'समाधान ऐप' के प्रचार–प्रसार पर भी जोर दिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि ग्राम सभाओं और जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से जनता को पुलिस से जोड़ा जाए, ताकि लोग पुलिस को अपना मित्र और संरक्षक मानें।

# स्वतंत्रता दिवस स्वच्छता पखवाड़ा : दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन जारी





रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)
आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) की पूर्व संध्या पर 01 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन को समर्पित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मंडल के रेलवे स्टेशन, कालोनियाँ एवं कार्यालयों में स्वच्छता को प्राथमिकता दी जा रही है।

संत निरंकारी मंडल की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के भाइयों एवं बहनों ने रायपुर रेलवे स्टेशन में सफ़ाई अभियान सुबह 7 से 9 बजे तक चलाया। इस अभियान को रेल मंडल के पदाधिकारियों मुख्य स्टेशन प्रबंधक मंडल जी, मुख्य स्टेशन निरीक्षक, स्वास्थ निरीक्षक एवं कर्मचारियों के साथ संयुक्त रूप से किया गया इस स्वक्षता अभियान में संत निरंकारी मिशन की ब्रांच रायपुर के ज़ोनल इंचार्ज गुरबख्श सिंह कालरा और सेवादल के क्षेत्रीय संचालक श्री अशोक पंजवानी ने अपनी सेवादल की टीम के साथ योगदान दिया।



रेल प्रशासन की यह पहल यह दर्शाती है कि स्वच्छता केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि एक राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन है। यात्रियों से भी अपील की जाती है कि वे स्वच्छता अभियान में सहभागी बनें और रेलवे परिसर को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने में सहयोग करें।

# पूज्य शदाणी दरबार में आयोजित हुआ विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम

## रोकी जा सकती थी लाखों लोगों की हत्याएं, विभाजन की त्रासदी में षडयंत्र की बू अब तक आती है : अमित चिमनानी

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**
राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद के तत्वाधान में पूज्य शदाणी दरबार तीर्थ में पूज्य संत डॉक्टर युधिष्ठिर लाल महाराज जी के नेतृत्व में विभाजन विभीषका स्मृति दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूज्य संत डॉक्टर युधिष्ठिर लाल महाराज ने कहा कि अपने इतिहास को याद रखना बेहद आवश्यक होता है एवं अपना इतिहास ना याद करने वाले लोगों का भविष्य बहुत सुनहरा नहीं होता । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार करते हैं कि उन्होंने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को मान्यता देकर ऐसे सभी लोगों के जख्मों को याद किया, जिन्हें इतिहास से मिटाने की भरपूर कोशिश की गई थी।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए समाज सेवी अमित चिमनानी ने कहा की विभाजन के समय हुआ घटनाक्रम केवल एक संयोग मात्र नहीं था लाखों लोगों की हत्याएं होती रही ,लेकिन उसे रोका नहीं गया क्यों? आखिर क्यों इस त्रासदी में आज भी षड्यंत्र की बू आती है? एक तरफ भारत की आजादी का जश्न था तो दूसरी तरफ भारत की ही बेटियों की आबरू को लूटा जा रहा था, लोगों के गले काटे जा रहे थे उनके पास जो थोड़ा सामान था उसे भी लूट लिया जा रहा था और यह भी इतिहास में सुनने को मिलता है कि जो लोग अधमरी हालत में अस्पताल पहुंचे थे उन्हें मौत का इंजेक्शन देकर मारा गया था। इतिहास आज भी इस त्रासदी के जिम्मेदारों को ढूंढ रहा है आखिर डेढ़ करोड़ लोगों के विस्थापन लगभग 20 लाख मौतों ,75



हजार महिलाओं के साथ हुए बलात्कार का जिम्मेदार है कौन? आखिर क्यों देश की युवा पीढ़ी से यह सभी तथ्य छुपाने का प्रयास हुआ।

अमित ने कहा कि युवा पीढ़ी यह जानती है कि भारत की आजादी के लिए कई आंदोलन किए गए लेकिन 1919 में जो खिलाफ्त आंदोलन हुआ वह क्यों हुआ था? आखिर भारत से 5 हजार किलोमीटर की दूरी पर स्थित तुर्की के खलीफा के बदले जाने से यहां के लोगों को क्या आपत्ति थी यहां उसका आंदोलन क्यों होने दिया गया, इस आंदोलन को आगे क्यों बढ़ाया गया? ऐसे कई प्रश्न आज भी बने हुए हैं। जिस प्रकार हम वर्षों से अन्य लोगों के इतिहास के बारे में जान रहे वैसे ही हमें अपने इतिहास से भी परिचित होना चाहिए । इतिहास त्रासदी पूर्ण जरूर है, दुखदाई है ,पीड़ा देने वाला है मगर युवा पीढ़ी को यह मालूम होना चाहिए कि आखिर 14 अगस्त 1947 को क्या हुआ था क्यों हुआ था।

कार्यक्रम में वक्ता के रूप में भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश के अध्यक्ष लधाराम नैननवानी ,पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी, दर्शन निहाल अमर गिदवानी, हेमलता गावड़ा सहित बुद्ध जीवियों ने अपने विचार रखें एवं इस कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारीगण समाजसेवी उदय शदाणी



प्रहलाद शादीजा,मुरली शादिजा अमर चंदानी नंदलाल साहित्य बंटी गांवडा ,महेश मोटलानी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।




स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक-शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक-हरीश नचरानी, मो.-9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.- 0771-2223399, मो.-6262904444